Page 11

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



खेल

**आईपीएल 2024 : विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह देना ठीक नहीं...**

देश

**रामभक्तों को पर गोली चलाते हैं और माफिया के मारने पर मातम मनाते हैं : योगी**



शुक्ल पक्ष पुष्यु संवत 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 13 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 152 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73, 360 | ₹87,000 |



## आज का इतिहास

- 1998 : भारत ने पोखरण में दो परमाणु परीक्षण किए।
- 1967 : प्रमुख शिक्षाविद डा. जाकिर हुसैन भारत के तीसरे राष्ट्रपति बने। वह भारत के प्रथम मुस्लिम राष्ट्रपति थे।

## न्यूज बाइट्स

### चारधाम यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने बढ़ाई पुलिस की सिरदर्दी

**देहरादून (ए.)।** उत्तराखंड स्थित श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री केदार और श्री बदरीनाथ अर्थात चारो धामों के कपाट खुलते ही, देश और विदेश के श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ने लगी है। ऐसे में पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने में खासी दिक्कत होने लगी है। भक्तों की बड़ी संख्या और पर्वतीय क्षेत्रों में अनिश्चित मौसम के दृष्टिगत, रविवार की सुबह श्री यमुनोत्री जाने वालों को पुलिस की ओर से आज यात्रा न करने की सलाह दी गई। बाद में तीसरे पहर, पुनः यात्रा शुरू करा दी गई। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी नई सूचना के अनुसार, यात्रा पुनः सुचारु रुप से चल रही है। यातायात के सुरक्षित व सुचारु संचालन हेतु यमुनोत्री मार्ग पर पाली गाड़ से जानकी चट्टी के मध्य संवेदनशील व संकरे स्थानों पर यातायात को गेट व वन वे सिस्टम से चलाया जा रहा है। धाम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों मे बारिश का मौसम है, सभी श्रद्धालु बरसाती, छाता, गर्म कपडे व अन्य जरुरी सामग्री साथ रखकर यात्रा करें।

### दिल्ली से 58 महिला हज यात्री बिना महरम के मदीना रवाना

**नयी दिल्ली (ए.)।** हज 2024 के लिए भारतीय हज यात्रियों का 10 इम्बार्केशन पॉइंट से प्रस्थान जारी है। आज दिल्ली इम्बार्केशन के आईजीआई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सउदीया एयरलाइंस के दो विमानों मे लगभग 800 हज यात्री मदीना के लिए रवाना हुए। इन यात्रियों में बिना महरम के 58 महिला भी हज बैतुल्लाह के लिए रवाना हुईं। गौरतलब है कि अल्पसंख्यक मामलों और महिला एवं बाल मंत्री स्मृति ईरानी ने प्रधानमंत्री की महिला अधिकार नीति को और मजबूत करते हुए 45 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को बिना महरम अकेले हज पर जाने का अवसर प्रदान किया है। इस नीति के तहत 2024 में 4665 महिलाएं अकेले हज कर सकेंगी।

### पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे वापस लेंगे : अमित शाह

**कौशांबी (यूपी) (ए.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान को लेकर की गयी टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा और कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और इसे वापस लेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और भारतीय गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला पाकिस्तान का सम्मान करने के लिए कह रहे हैं क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। हम क्यों करें पाकिस्तान का सम्मान। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी कह रहे हैं कि पीओके मत मांगो। राहुल बाबा, अगर आपको परमाणु बम से डरना है तो डरो रहो। हम डरने वाले नहीं हैं, पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे लेकर रहेंगे।

# लोस चुनाव : मतदान आज, तैयारी पूरी

- **लोकसभा की 96, आंध्र प्रदेश, ओडिशा वि.स. की 203 सीटें पर चौथे चरण में होगा मतदान**

एजेंसी | नयी दिल्ली

चुनाव आयोग ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज 10 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 96 संसदीय सीटों पर सुचारु रूप से मतदान कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधान सभा के चुनावों के लिए भी मतदान कराए जा रहे हैं। कई क्षेत्रों में मतदान सामग्री और मतदान कराने वाली टीमों को हवाई मार्ग से भेजा गया है।

मतदान आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। तेलंगाना में 17 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ विधान सभा सीटों के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय शाम सात बजे तक बढ़ाया गया है। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण के चुनाव में मोदी सरकार के पांच बड़े मंत्रियों, एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो क्रिकेटर और एक अभिनेता समेत कई दिग्गज राजनेताओं की किस्मत तय होगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगु देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया है। तेलंगाना के हैदराबाद से भारतीय जनता पार्टी की माधवी लता, बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, हैदराबाद से एआईएमआईएम के असदुद्दीन औवेसी, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई दिग्गजों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा। चुनाव के तीसरे चरण तक, 20 राज्यों/केंद्र-शासित प्रदेशों के 283 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सुचारु और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है।

वोटों की गिनती चार जून को होनी है। चौथे चरण की 96 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 64; अनुसूचित जनजाति-12; अनुसूचित जाति श्रेणी की 20) सीटें हैं।आंध्र प्रदेश विधानसभा की 175 सीटों में सामान्य श्रेणी की 139; अनुसूचित जनजाति के लिए सात सात और अनुसूचित जाति श्रेणी की 29 सीटें हैं। इसी तरह ओडिशा में विधानसभा की जिन 28 सीटों पर आज मतदान कराया जा रहा है उनमें में सामान्य श्रेणी की 11; अनुसूचित जनजाति की 14 तथा अनुसूचित जाति तीन सीटें हैं।

चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदान और सुरक्षा अधिकारियों को पहुंचाने के लिए चौथे चरण में तीन राज्यों (आंध्र प्रदेश -02, झारखंड- 108; ओडिशा-12) में 122 हवाई उड़ानें संचालित की गईं। इस चरण में 19 लाख से अधिक मतदान अधिकारी 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर 17.7 करोड़ से अधिक मतदाताओं की सहायता करेंगे। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण के लिए 85 वर्ष से अधिक उम्र के 12.49 लाख से अधिक पंजीकृत और 19.99 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है।



### बिहार के पांच सीटों पर होगा चुनाव

बिहार में चौथे चरण की पांच लोकसभा सीटों दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर (सु), बेगूसराय और मुंगेर में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं व्यापक इंतजाम के बीच होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें करीब 95.83 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय समेत 55 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला कर करेंगे। राज्य निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौथे चरण की इन पांच लोकसभा सीटों पर फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज मतदान सुबह 07 बजे शुरू होगा और शाम 06 बजे तक चलेगा। इस चरण के मतदान में 50 लाख 49 हजार 656 पुरुष, 45 लाख 33 हजार 813 महिला और 193 थर्ड जेंडर समेत कुल 95 लाख 83 हजार 662 मतदाता हिस्सा लेंगे।

विभाग 29 मई तक विश्वविद्यालयों के प्रस्तावित बजट की करेगा समीक्षा

# विश्वविद्यालयों के शिक्षक-कर्मियों को वेतन-पेंशन का अभी करना होगा इंतजार

निज संवाददाता | पटना



राज्य के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को वेतन के लिए अभी और इंतजार करना होगा। शिक्षा विभाग की ओर से राशि भेजने में अभी देर होगी। विभाग ने विश्वविद्यालयों के वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को स्वीकृति देने की कार्रवाई करने के पहले इसकी समीक्षा करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर 29 मई तक अलग-अलग विश्वविद्यालयों के प्रस्तावित बजट की समीक्षा विभाग करेगा। इसके बाद ही वेतन-पेंशन राशि जारी करने की तैयारी है। ज्यादातर विश्वविद्यालयों में फरवरी माह से ही वेतन भुगतान नहीं हुआ है।

शिक्षा विभाग की ओर से फरवरी, 2024 के बाद से वेतन और पेंशन मद में कोई भी राशि विश्वविद्यालयों को नहीं भेजी गयी है। वहीं, दूसरी ओर विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में ऐसे भी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं, जिनका वेतन जनवरी माह से ही नहीं मिला है। इस तरह देखें तो विश्वविद्यालयों के बैंक खातों पर लगी रोक हटने के बाद भी राशि के अभाव में वेतन-पेंशन अभी नहीं मिल सकेगा। विभाग ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों समेत विभिन्न पदाधिकारियों के वेतन पर लगी रोक को भी हटा दिया है। पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर विभाग की ओर से यह कार्रवाई हुई है। मिली जानकारी के अनुसार राज्यभर में करीब 15 हजार शिक्षक और कर्मी का वेतन नहीं मिल पा रहा है।

विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों के द्वारा भेजे गये प्रस्तावित बजट की समीक्षा के बाद इसे अंतिम रूप देगा। इसके बाद इस बजट पर वित्त विभाग की स्वीकृति ली जाएगी। पदाधिकारी बताते हैं कि वित्त विभाग के द्वारा बजट की स्वीकृति प्रदान किये जाने के बाद ही विश्वविद्यालयों को राशि भेजी जाएगी। विभाग ने बजट की समीक्षा के लिए अलग-अलग दिन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और अन्य पदाधिकारियों को विभागीय सभागार में बुलाया है। 15 मई को केएसडीएस दरभंगा और अरबी-फारसी विश्वविद्यालय की बैठक होगी। इसी प्रकार 16 को पूर्णियां और मुंगेर विश्वविद्यालय, 21 को मधेपुरा और मगध, 22 को वीर कुंवर सिंह और तिलकामांझी भागलपुर, 24 को बीआरए मुजफ्फरपुर और पटना, 28 को पाटलिपुत्र और जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा तथा 29 मई को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा की बैठक होगी।

### फरवरी से नहीं मिला है वेतन

जानकारी के अनुसार बिहार के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में फरवरी माह से ही वेतन भुगतान नहीं हुआ है। विभाग के इस फैसले के बाद विश्वविद्यालायों और महाविद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को वेतन के लिए अभी और इंतजार करना होगा। बताया जाता है कि फरवरी, 2024 के बाद शिक्षा विभाग की ओर से वेतन और पेंशन मद में कोई भी राशि विश्वविद्यालयों को नहीं भेजी गयी है। वहीं, दूसरी ओर विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में बड़ी संख्या में ऐसे भी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं, जिनका वेतन जनवरी माह से ही नहीं मिला है। बिहार में करीब 15 हजार शिक्षक और कर्मी का वेतन पिछले चार माहस से नहीं मिल पा रहा है।

बिहार बोर्ड : एसटीईटी परीक्षा की डेटशीट जारी

# 5,96,931 अभ्यर्थियों ने किया है आवेदन

निज संवाददाता | पटना



बिहार बोर्ड ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी-2024) के लिए डेटशीट जारी कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि एसटीईटी पेपर-1 के विभिन्न विषयों की परीक्षा 18 से 29 मई तक आयोजित की जाएगी। पेपर-2 के विभिन्न विषयों की परीक्षा 11 से 20 जून तक दो पालियों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ली जाएगी।

पेपर-1 के लिए 3,59,489 और पेपर-2 के लिए 2,37,442 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। कुल 5,96,931 अभ्यर्थी एग्जाम में शामिल होंगे। पेपर-1 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड वेबसाइट http://secondary.biharboardonline.com पर अपलोड कर दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी अपने यूजर आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एग्जाम प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:30 बजे तक होगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रति घंटा 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

प्रथम पाली की परीक्षा शुरू होने से 1 घंटा 30 मिनट पहले यानि सुबह 08:30 बजे अभ्यर्थियों को सेंटर पर पहुंचना होगा। गेट बंद होने का समय सुबह 09:30 बजे निर्धारित की गई है। देर से पहुंचने पर एंट्री नहीं दी जाएगी। इसी, तरह दूसरी पाली के लिए रिपोर्टिंग टाइम दोपहर 01:30 बजे निर्धारित की गई है।

छपरा में आरजेडी पर बरसे नीतीश, बताया 2025 का टारगेट

# हमने बिहार को बढ़ाया और लालू यादव ने परिवार को : नीतीश कुमार

निज संवाददाता | छपरा



मुख्यमंत्री रविवार को सारण लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने ने कहा कि अगले साल 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव तक दस लाख युवाओं को रोजगार देंगे। 94 लाख गरीब परिवारों को दो -दो लाख रुपए की सहायता देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। बिहार सीएम ने आरजेडी के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव समेत इंडिया गठबंधन के नेताओं पर जमकर जुबानी हमला किया। कहा कि हमने बिहार को बढ़ाया और लालू यादव ने सिर्फ अपने परिवार को। सारण में लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को वोटिंग होने वाली है। यहां बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी और आरजेडी की रोहिणी आचार्या के बीच सीधी टक्कर है। नीतीश कुमार ने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए लालू प्रसाद पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री दरियापुर के सुतिहारा में रविवार को एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में आयोजित सभा को सीएम सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विकास और सुरक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार की पहले क्या स्थिति थी? शाम में कोई घर से नहीं निकलता था। बिजली नहीं थी। शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट थी। हमने सभी क्षेत्रों में काम किया। बड़ी नदियों पर पुल बने। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जीविका की स्थापना कर आजीविका का साधन बनाया। लालू यादव पर जुबान प्रहार करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने परिवार को बढ़ाया और हमने बिहार को बढ़ाया। जरा देखिए कि पहले अपने बना और केस में फंसकर हटा तो पत्नी राबड़ी देवी को बना दिया। उससे बाद बेटा, बेटी सबको आगे बढ़ाया। अब फिर एक बेटी को बढ़ा रहा है। सीएम ने लालू यादव पर मुस्लिमों का हितैषी नहीं होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लालू ने मुस्लिमों को ठगा। पति पत्नी के राज में कितना झगड़ा होता था। जब हम आए तो हमने विकास और सम्मान से माय समीकरण को ध्वस्त किया। योजना देकर उनका विकास किया। कब्रिस्तानों की घेराबंदी करायी।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पटना में किया रोड शो, नीतीश भी रहे साथ



निज संवाददाता | पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के बीच पटना में रविवार को रोड शो किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी पीएम के साथ रथ में सवार हुए। पहली बार किसी पीएम का पटना में रोड शो हुआ है। प्रधानमंत्री का रोड शो भट्टाचार्य मोड़ से शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ और एसपी वर्मा मार्ग, एग्जीबिशन रोड, भट्टाचार्य रोड, पीर मोहानी बुद्ध मूर्ति, कदमकुआं, बारी पथ और बाकरगंज होते हुए गांधी मैदान के पास उद्योग भवन तक समाप्त हुआ। पहले इसकी शुरुआत डाकबंगला से होनी थी, मगर आखिरी घंटों में सुरक्षा कारणों से रूट में बदलाव किया गया। यह रोड शो करीब दो किलोमीटर लंबा रहा। रोड शो के रूट पर पीएम मोदी को देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। इस दौरान गंगा आरती और मंत्रोच्चार भी किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम नीतीश के साथ गाड़ी पर सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। पटना में जगह-जगह प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मंच लगाए गए। रोड शो के दौरान पीएम मोदी पर लगातार फूलों की बरसात होती रही।

# राज्य के 1.23 करोड़ बच्चों को मिली किताबें



निज संवाददाता | पटना

पहली से आठवीं कक्षा के राज्य के एक करोड़ 23 लाख 22 हजार बच्चों को पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करी दी गई हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एक करोड़ 23 लाख 75 हजार बच्चों को किताबें देने का लक्ष्य था। इस तरह लक्ष्य का 99.52 प्रतिशत हासिल कर लिया गया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद से मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरपुर को छोड़कर अन्य सभी जिलों में शत-प्रतिशत किताबों का वितरण बच्चों के बीच हो गया है। मुजफ्फरपुर में भी जल्द ही बचे हुए बच्चों को किताबें उपलब्ध करा दी जाएंगी। अरसे बाद यह संभव हुआ है कि दस मई के पहले यह करीब-करीब सभी बच्चों के हाथों में किताबें उपलब्ध करी दी गयी हैं। सभी जिलों ने इस संबंध में बीईपी को रिपोर्ट भेजी है। राज्य के सरकारी स्कूलों में इस बार सत्र की शुरुआत में ही बच्चों को किताबें उपलब्ध कराने का लक्ष्य था। इसको लेकर बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक निगम मार्च, 2023 तक 90 प्रतिशत किताबों की छपाई कर प्रखंडों में आपूर्ति कर दी थी। कुल नौ करोड़ किताबों की छपाई की गयी है।

# दिल्ली के अस्पतालों को भी मिली बम से उड़ाने की धमकी



एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस संबंध में अस्पतालों को मेल मिला है। बड़ा हिन्दू राव, संजय गांधी अस्पताल, जानकी देवी अस्पताल और बुराड़ी अस्पताल को इस संबंध में मेल मिला है। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलते ही सर्च अभियान शुरू कर दिया। प्रारंभिक जांच में अस्पताल में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इन अस्पतालों में दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग और बम स्क्वॉड की टीम पहुंच चुकी है। बता दें, कुछ दिन पहले दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। हाल ही में दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। पुलिस ने बाद में इसे फर्जी बताया था। धमकी भरा मेल मिलने के बाद लोगों में डर पैदा हो गया था।

बीपीएससी की शिक्षक बहाली परीक्षा में पेपर लीक मामला

# बीपीएससी पेपर लीक का आरोपी नीतीश नीट धांधली में शामिल

निज संवाददाता | पटना




बीपीएससी की शिक्षक बहाली परीक्षा के पेपर लीक मामले के सरगना ग्रुप में शामिल नीतीश कुमार की संलिप्तता नीट पेपर लीक में भी पाई गई है। इसके बाद से इस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच भी शुरू हो गई है। नीतीश गया का रहने वाला है। यह बीपीएससी शिक्षक पेपर लीक मामले में हजारीबाग से पकड़ा गया था। वहां से पकड़े गए अन्य सरगनाओं के साथ वह था। परंतु इस प्रकरण में उसकी सीधे तौर पर कोई अधिक संलिप्तता के सबूत नहीं मिलने के कारण उसे बेल हो गया था। परंतु नीट पेपर लीक मामले में उसका नाम सामने आने पर उसे फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे जेल भेज दिया गया है, लेकिन जल्द ही उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। नीट पेपर लीक मामले की जांच ईओयू कर रही है। इस मामले में अब तक एक दर्जन से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसमें दूसरे अन्य लोगों को भी रिमांड पर लेकर उनसे भी पूछताछ की तैयारी चल रही है। इससे पूरे मामले की जांच में नया मोड़ आने की संभावना है।

ईओयू बीपीएससी शिक्षक परीक्षा के पेपर लीक के अतिरिक्त सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच भी कर रही है। दोनों पेपर लीक मामलों में कहीं न कहीं कूरियर कंपनी से तार जुड़ रहे हैं। इसमें कूरियर कंपनी डीपी वर्ल्ड को ट्रांसपोर्टेशन का ठेका मिला था। इनकी मॉडस ऑपरेंडी काफी मिल रही है। सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में प्रिंटिंग प्रेस कर्मियों की संलिप्तता भी काफी हद तक सामने आई है। हालांकि दोनों मामलों में यह यक्ष प्रश्न बरकरार है कि प्रश्न-पत्र ढोने वाली कूरियर कंपनी और इनकी छपाई करने वाले प्रिंटिंग प्रेस के बारे में सेटरों तक सूचनाएं कैसे पहुंच गईं। इस मामले में ईओयू के सूत्रों का कहना है कि जल्द ही दोनों मामलों में इसका खुलासा हो जाएगा।

BAYC Institute

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

स्थापित : 1972

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2

MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बन्धित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### रबर डैम से बाइक चोरी करते धराया

**मानपुर**। मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत रबर डैम से बाइक चोरी करते एक युवक को स्थानीय लोगो ने रंगे हाथ पकड़ लिया।जिसके बाद अक्रोशित भीड़ ने जम कर पिटाई कर डायल 112के हवाले कर दिया।बताया जाता है की तीन युवक एक बाइक का लॉक तोड़ रहा था।तभी लोगो की नजर पड़ गई।इस दौरान मचे आफरा तफरी का फायदा उठाते हुए दो बदमाश भाग निकलने में कामयाब रहा।बताया जाता है कि भीड़ के हत्थे चढ़ा युवक अतरी थाना के निमचक बथानी के ढकनी का है।हालाकि इस बाबत पूछताछ का हवाला देते हुए स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

### बोधगया में वज्रपात से दो लोगों की मौत

**बोधगया**। बोधगया बोधगया प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को हुई बेमौसम बरसात ने कहर बरपाया है। बारिश के दौरान हुई वज्रपात ने प्रखंड क्षेत्र के दो अलग-अलग इलाके में दो लोगों की जान ले ली। मृतकों में एक की पहचान बोधगया थाना क्षेत्र के रतनारा गंगा बिगहा गांव निवासी 65 वर्षीय बिगन चौधरी के रूप में हुई है। वहीं दूसरा मृतक चेरकी थाना क्षेत्र के खाप निवासी 26 वर्षीय अरमान कुरैशी है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक रतनारा गंगा बिगहा गांव निवासी बिगन चौधरी अपने घर से तार लगाने निकला था। इसी क्रम में बारिश शुरू हो गयी। बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया और देखते ही देखते मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। बोधगया थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर चेरकी के खाप निवासी अरमान कुरैशी बम बाजार पशु मेला मैदान के समीप से गुजर रहा था। तभी बारिश के दौरान वज्रपात हुआ और युवक उसकी चपेट में आ गया।

### डीएम के जनता दरबार में पहुंचे 12 फरियादी

**बिहारशरीफ**। डीएम शशांक शुभंकर ने शनिवार को जनता दरबार में 12 लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। जनता दरबार में एक आवेदिका ने बताया कि उसकी रैयती जमीन पर निर्माण कार्य करने पर रोक लगाया जाये। डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। वहीं आवेदिका शिक्षिका ने बताया कि फरवरी माह का वेतन बंद रहने से समस्या हो रही है। डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। एक आवेदक ने बताया कि बिंद प्रखंड के मीराचक गांव में मनरेगा का काम गैर कानूनी रूप से किया जा रहा है।

### एटीएम बदलकर बदमाश ने निकाले 21 हजार रुपए

**चंडी**। थाना क्षेत्र में इन दिनों एटीएम कार्ड बदलकर एटीएम सहित पैसा उड़ाने वाला गिरोह सक्रिय है। शनिवार को स्थानीय बाजार स्थित पीएनबी एटीएम में कार्ड बदलकर उच्चकों ने दूसरे के एटीएम से 21 हज़ार रुपया निकाला लिया। पीड़ित नितिन कुमार ने बताया कि बाजार स्थित एटीएम से पैसा निकालने गये थे। तभी एक हेलमेट पहने व्यक्ति एटीएम के अंदर आया। पैसा नहीं निकल रहा था तो उसने एटीएम कार्ड मशीन में डालने को कहा। तब भी पैसा नहीं निकला ते एटीएम से बाहर निकल गए। बाजार से कुछ दूर आगे बढ़े ही थे कि मोबाइल पर 21 हजार रुपया निकलने का मैसेज आया। जब एटीएम कार्ड देखा तो दंग रह गया। उचक्का जो एटीएम कार्ड दिया था वह मेरा नहीं था। घटना की जानकारी थाने को दी गयी है।

### मदर्स ड्रीम प्ले स्कूल में मना मातृ दिवस

**गया**। गया के नारायण चुआं स्थित मदर्स ड्रीम प्ले स्कूल में शनिवार को धूमधाम से "मातृ दिवस" मनाया गया। बच्चों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चों के द्वारा अनेक प्रकार के हस्त शिल्प बनाये गए, जो कि उनकी माँ को समर्पित था। कार्यक्रम बच्चों को माँ के महत्व के बारे में विशेष रूप से बताया गया। बच्चों ने अपनी माँ के लिए पंक्तियां और कविताएं बोली। इस अवसर पर बच्चों के बीच टॉफियां भी बाटी गयी।

### यात्रा के दौरान हमेशा सतर्क रहना चाहिए




**गया**। यात्रियों को यात्रा के दौरान हमेशा सतर्क रहना चाहिए तथा लापरवाही से बचना चाहिए। साथ ही दूसरे यात्रियों को भी सतर्क बनाये रखना चाहिए। सुरक्षात्मक यात्रा के लिए सभी रेल यात्रियों के बीच सजगता जरूरी है। गया-कोडरमा रेल सेक्शन पर यात्रियों के बीच आरपीएफ की टीम द्वारा चलाये जा रहे विशेष सुरक्षात्मक जागरूकता अभियान दौरान शनिवार को पहाड़पुर स्टेशन पर जागरूकता अभियान का नेतृत्व कर रहे कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिन्हा ने यात्रियों के बीच यह बातें कही। आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक सिंहा ने कहा कि सन्दिग्ध रहे लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए इसकी सूचना रेलवे को तथा आरपीएफ-जीआरपी को देना चाहिए ताकि मौके पर सन्दिग्ध व्यक्ति की जांच कर अप्रिय घटना को रोका जा सके। साथ ही यात्रियों के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से सुरक्षात्मक यात्रा पूरी करने के लिए यात्रियों को चलती ट्रेन में नहीं चढ़ने और नहीं उतरने, ट्रेनो व स्टेशन परिसर में कोई लावारिस सामान दिखने या कोई आपराधिक गतिविधि दिखने पर रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 का उपयोग करने, रेलवे को सूचित करने, पायदान पर बैठ कर यात्रा नहीं करने, एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पुल का प्रयोग करने, बिना उचित और पर्याप्त कारण के गाड़ियों में चेन पुलिंग नहीं करने आदि संदेश दिया गया। धनबाद मंडल के कोडरमा आरपीएफ पोस्ट इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पहाड़पुर स्टेशन पर यात्रियों के बीच सुरक्षात्मक यात्रा को लेकर चलाये गए जागरूकता अभियान में हेड कांस्टेबल अजय कुमार सिंह, परवेज खान, जवान जितेन्द्र कुमार (1) जवान मिंकु कुमार, स्पेशल टॉस्क फोर्स जवान जितेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

### फरार नक्सलियों पर कार्रवाई का निर्देश

**गया**। गया गया पुलिस की ओर से नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कई कांडों में फरार चल रहे नक्सलियों पर कार्रवाई को लेकर शनिवार को एसएसपी आशीष भारती ने अपने कार्यालय में नक्सल संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे नक्सलियों के खिलाफ त्वरित एवं कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही लंबित सभी बिन्दुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जल्द से जल्द कांड का निष्पादन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में सिटी एसपी प्रेरणा कुमार, एएसपी जावेद अंसारी, एएसपी नगर पीएन साहू, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर खुर्शीद आलम सहित सभी एसडीपीओ शामिल हुए। स्थानीय छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के लिए एसएसपी निरंतर प्रेरित और मार्गदर्शित कर रहे हैं। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में पुस्तकों की कमी न हो, इसके लिए उन्होंने इसी वर्ष जनवरी माह में अपने कार्यालय में एक पुस्तकालय की स्थापना की है। जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए करीब तीन सौ से अधिक पुस्तकें हैं। इसी क्रम में शनिवार को बीपीएससी व यूपीएससी परीक्षा की सफलता के लिए मार्गदर्शन के लिए दो छात्र एसएसपी से मिले। जिन्हें आवश्यक सलाह और दिशा-निर्देश दिया गया। एसएसपी ने बताया कि भविष्य में भी इसी तरह का मार्गदर्शन जारी रहेगा।

# मछली व्यवसायी से लूट मामले में 5 गिरफ्तार, 29 अप्रैल का है मामला

निज संवाददाता। नालंदा

29 अप्रैल को नालंदा के लहेरी थाना क्षेत्र के मछली मंडी के पास व्यवसायी से 19 लाख 50 हजार रुपये की लूट हुई थी। इस मामले में पुलिस ने पहले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में दो और आरोपितों को पकड़ा गया है। उनके पास से लूटे गये 23 हजार रुपये भी बरामद किये गये हैं। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि भरावपर निवासी सन्नी कुमार उर्फ रुखिया, रंजीत राम व मथुरिया मोहल्ला निवासी संतोष कुमार को एक लाख 35 हजार रुपये के साथ 06 मई को पकड़ा गया था। छानबीन के दौरान पटना जिला के परसा बाजार निवासी सोनू कुमार व गया जिला के पायीबिगहा निवासी योगेन्द्र कुमार को पकड़ा गया।गिरफ्तार



कुख्यात बदमाश है। उनपर हत्या, डकैती व अन्य मामले दर्ज हैं।

**रुखिया को पश्चिम बंगाल से किया गिरफ्तारः** सोनू कुमार पर नालंदा एवं पटना में अपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं योगेंद्र कुमार पर जहानाबाद, गया एवं नालंदा में मामला दर्ज है, जबकि रणजीत राम, संतोष कुमार एवं सन्नी कुमार पर लहेरी थाना में आपराधिक मामला

- नालंदा में पिस्तौल का भय दिखाकर लूट लिए थे 19 लाख रुपए

दर्ज है। सन्नी कुमार उर्फ रुखिया को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी मोहम्मद अजहरूद्दीन, लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक, नालंदा की डीआईयू टीम एवं लहेरी थाना की टीम शामिल रही। घटना में संलिप्त अन्य अपराधिकर्मियों की पहचान स्थापित की गई है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। अनुसंधान के क्रम में आए तथ्यों एवं साक्ष्य के आधार पर घटनास्थल के आसपास एक दो अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

# फर्जी आधार कार्ड से खाता खुलवाने पहुंचा शख्स गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की सोहसराय थाने की पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बना कर बैंक में खाता खुलवाने पहुंचा युवक को गिरफ्तार किया है। सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि केनरा बैंक के प्रबंधक को युवक पर संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस बैंक पहुंची और कार्रवाई करते हुए युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उसने अपराध को स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक थरथरी थाना इलाके के डीहा गांव निवासी जयराम चौहान का पुत्र अमरजीत कुमार हैं।

**5 हजार रुपए में होती थी डीलः** दरअसल बैंक कर्मी द्वारा युवक का थंब एम्प्रेशन लेनें के दौरान उसके द्वारा दिए गए आधार कार्ड की जगह उसके घर का पता बताया। जबकि फर्जी आधार कार्ड



पर उसका पता कागजी मोहल्ला लिखा हुआ था। जिसके बाद बैंक कर्मी को संदेह हुआ और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुछताछ में उसने बताया कि खाता खुला कर साइबर ठग गिरोह के सदस्य को देने के एवज में उसे 5 हजार रुपए मिलते हैं। फर्जी पता रहने के कारण ठग जल्दी पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाता है। गिरफ्तार युवक ने बताया कि वह दो साल से इस तरह कई बैंक में खाता खुलवा चुका है। बैंक में थंब एम्प्रेशन न देना पड़े इसलिए हथेली पर मरहम पट्टी कर जख्म का बहाना बनाता है।।

# श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में मदर्स डे समारोह




निज संवाददाता। गया

गया। शहर के नैली रोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में मदर्स डे समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर को रंगीन गुब्बारों से सजाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तथा सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की संस्थापिका रुक्मिणी देवी के चित्र पर विद्यालय की प्राचार्य पूनम सिन्हा एवं आए हुए माताओं ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय की शिक्षिकाओं ने वहां पर मौजूद सभी बच्चों की माता को तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर उनका पूजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र नव्या, चांदनी एवं तनु ने तू कितनी अच्छी है मां गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं मैंने पायल है छनकाई गाने पर निधि एवं निहारिका ने डांस प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

# मतदाता जागरूकता के लिए अपनी टीम के साथ दौड़े एसएसपी, गया में 8 Km की लगाई दौड़

- लोगों से वोट करने की अपील की

निज संवाददाता। गया

जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले गया जिला की अतरी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एसएसपी आशीष भारती ने 8 किलोमीटर मैराथन दौड़ लगाई। उनके साथ अन्य विभाग के अधिकारी और कर्मी भी दौड़ में शरीक हुए और क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। गया पुलिस एवं गया प्रशासन के सहयोग से गेहलौर के ऐतिहासिक दशरथ मांझी द्वार से तेतर डैम तक कुल 08 किलोमीटर का मैराथन आयोजित किया गया। इस 8 किलोमीटर की दौड़ में क्षेत्रीय लोगों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। गांव देहात में इस तरह की पहली बार पहल को देखते हुए लोग गदगद थे। इस मैराथन दौड़ में बहुत सारे लोगों



ने विशेष कर कई युवाओं ने भाग लिया। साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक, गया, एसडीएम नीमचक बथानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीमचक बथानी, CO, BDO मोहरा,खिजरसराय प्रखंड, अंचल निरीक्षक, नीमचक बथानी, थानाध्यक्ष अतरी,गेहलोर,महाकार, खिजरसराय, नीमचक बथानी, अन्य प्रशासनिक , पुलिस पदाधिकारी, कर्मी, बीएलओ, जीविका दीदियों ने भी इस मैराथन में हिस्सा लिए। दौड़ का आयोजन गया जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर एसएसपी ने लोगों से अपील की वे बड़ी संख्या में 1 जून को अपने अपने घरों से निकल कर मतदान करें। मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मतदान एक बड़ा अधिकार है। इसका इस्तेमाल जरूर किया जाना चाहिए। मतदान मजबूत लोकतन्त्र का प्रमुख अंग है। इसलिए देश हित में 1 जून को घर से निकल जरूर मतदान करें।

# नालंदा में शुरू हुआ 48 घंटे का अखंड कीर्तन, चेरण गांव में हर वर्ष होता है अखंड कीर्तन

## अखंड के बाद होगा भंडारे का आयोजन

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हरनौत प्रखण्ड के नगर पंचायत क्षेत्र के चेरण गांव में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से 48 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन शनिवार को किया गया। ग्रामीण रंजीत पासवान ने बताया की समस्त ग्रामीणों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष गांव में स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में अखंड कीर्तन का आयोजन किया जाता है। वहीं इस बार भी देवी मंदिर के प्रांगण में 48 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन को लेकर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष हरे राम हरे कृष्ण के जाप करने में लगे हुए हैं।

**मंदिर परिसर में होगा भंडाराः** वहीं हरे राम हरे कृष्ण के जाप से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। कार्यक्रम



को लेकर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे लाइट एवं फुल माला से सजा दिया गया है।अखंड कीर्तन में आए ब्राह्मण ने बताया कि अखंड कीर्तन का आयोजन होने से गांव की वातावरण शुद्ध हो जाता है। आयोजन कर्ता ने बताया कि अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद मंदिर परिसर में भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर नागमणि सिंह ,अजीत चौरसिया, पप्पू सिंह, सोनू कुमार, बिपुल सिंह,दश्य यादव, पंकज चौरसिया, साधु पासवान, नरेश, अवधेश, उदय, अनिल,शंभू ,मुन्ना, संजय, राहुल,भूषण, विजय, रामोजित पासवान के अलावा समस्त ग्रामीणों का भरपूर सहयोग है।

# हरनौत में 18 मई से होगी बाबा बख्तौर की पूजा, हजारों की संख्या में जुटेंगे श्रद्धालु

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हरनौत प्रखण्ड अंतर्गत बाबा बख्तौर के पूजनोत्सव में 18 मई को दर्जनों गांव के हजारों श्रद्धालु शिरकत करेंगे। भक्त सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना करेंगे। भगत से मन्नतें मांगेंगे। इसके बाद प्रसाद बांटा जाएगा। हर साल की तरह इस वर्ष भी वैशाख शुक्ल पक्ष दशमी को हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र के सबनहुआ डीह स्थित बाबा बख्तौर मंदिर में पूजा होगा। मुनारिक भगत,लाला भगत,अवधेश भगत आदि ने बताया कि यादवों की परंपरागत पूजा में विधिपूर्वक बाबा का पूजा कराने में पूजा समिति के लोग लगे हुए हैं। गांव गांव जाकर न्योता दिया जा रहा है। 17 मई की रात जगरणा होगा। 18 मई की सुबह से पूजा शुरू हो जाएगा। देर शाम तक पूजा के साथ हवन किया जाएगा। दर्जन भर भगत एवं मानर बाबा बख्तौर के भजन गाएंगे, कई दिनों से बिरहा एवं लोकगायन हो रहा है। लोग सुख समृद्धि एवं शांति की कामना करेंगे। महिलाएं अपने आंचल पसारकर भगत से आशीर्वाद लेंगी।

**1995 से हो रही बाबा बख्तौर की पूजा अर्चनाः** हरनौत में वर्ष 1995 से हर साल बृहद पैमाने पर बाबा बख्तौर की पूजा अर्चना की जा रही है। चिलचिलाती धूप में भी हजारों लोगों का हुजूम बाबा के पूजा के लिए इस मेला में जुटते हैं। नालंदा जिले के अलावा नवादा,



शेखपुरा, पटना, लक्खीसराय समेत कई जिले के लोग यहां पहुंचते हैं। पूजा में आए सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में रसिया बांटा जाता है।

**जुल्म का अंत करने के लिए हुआ था जन्मः** ग्रामीणों ने बाबा बख्तौर के बारे में बताया कि जब जब पृथ्वी पर जुल्म, अत्याचार व गरीबों को शोषण हुआ। किसी देवता व महात्मा ने जन्म लिया। राजा दलेल सिंह और राक्षसों का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ा, तो माता कोयला के गर्भ से बाबा बख्तौर का जन्म हुआ था। इनके पिता पूरणमाल थे। गाय,भैंस के साथ साथ इंसान पर राजा दलेल सिंह के शेला बाघ एवं लुलही बाघिन जुल्म और अत्याचार करने लगा था। इसके खिलाफ उन्होंने आवाज उठायी। उन्होंने युद्ध कर 52 कोस का वनबेरिया जीता था।

# ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड पर अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से 1 बुजुर्ग की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर रेल जीआरपी के द्वारा रविवार को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लाया गया। फिलहाल बुजुर्ग की पहचान नहीं हो सकी है। घटना नालंदा थाना क्षेत्र में हुई है। बिहार शरीफ रेल थाना प्रभारी संजय कुमार पंडित ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दी कि एक बुजुर्ग का शव ट्रैक किनारे पड़ा हुआ है। इसके बाद रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। बुजुर्ग की उम्र



करीब 60 से 65 वर्ष है। बताया जा रहा है कि ट्रैक पार करने के दौरान किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गए जिसके कारण सिर में चोट लगी और मौके पर मौत हो गई। शव की पहचान के लिए सोशल मीडिया एवं आसपास के थानों का सहारा लिया जा रहा है। पहचान होने के उपरांत ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। फिलहाल रेल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नालंदा में परिंडा बना बेजुबानों का सहारा, चोरसुआ पंचायत में हर घर परिंडा अभियान की शुरुआत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के गिरियक प्रखंड के चोरसुआ ग्राम में स्थित पंचायत सरकारी भवन में गौरैया विहग फाउंडेशन और मुखिया चंदन कुमार के सहयोग से इस भीषण गर्मी में पशु पक्षी के बचाव हेतु हर घर परिंडा अभियान का जागरूकता कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौरैया विहग फाउंडेशन संस्थापक निदेशक राजीव रंजन पाण्डेय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है। जिसका खामियाजा इंसानों के अलावे पशु,पक्षी और वनस्पति के ऊपर भी पड़ रहा है। ऐसे संकट के समय में सभी लोग अपने छतों या




सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे अवश्य लगाएं,ताकि कोई भी पशु पक्षी की मौत पानी के अभाव में न हो। पक्षी हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र में अहम भूमिका निभाते हैं,इनका संरक्षण हमसब की जिम्मेदारी है।

**पंचायत में लोगों को किया जाएगा जागरूकः** वहीं मुखिया चंदन कुमार ने कहा कि संस्था के निदेशक राजीव रंजन पाण्डेय के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में की गई एक सार्थक पहल है।

- मुखिया बोले-लोगों को जागरूक किया जाएगा

हमारे द्वारा पूरे पंचायत में लोगों को जागरूक किया जाएगा। ताकि गर्मी में इन बेजुबान पक्षियों की जान बच सके। सभी लोग इन पक्षियों के लिए अपने छतों,बाग,बगीचे में दाना पानी का समुचित प्रबंध करें। हमारा छोटा सा प्रयास इन पक्षियों को जीवन दान दे सकता है। इस मौके पर उपमुखिया संजीव कुमार, उप सरपंच केदार प्रसाद,मीता कुमारी,जाया देवी,विवेक कुमार,बिट्टू कुमार,नीतीश कुमार,सुरेंद्र केवट,आशीष कुमार,शंकर कुमार के अलावे अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# 2029 मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टी, 6 विधानसभा सीटों पर होगी वोटिंग

निज संवाददाता

**मुंगेर**। आज चौथे चरण का मतदान होना है। इस दौरान बिहार के मुंगेर लोकसभा में भी मतदान है। कुल 2,029 मतदान केंद्रों पर लगभग 20 लाख 40 हजार मतदाता 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कर इवीएम में कैद कर देंगे। मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो इसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। आज रविवार की दोपहर से आर डी एंड डीजे कॉलेज से सभी मतदान केंद्रों पर इवीएम भेजना शुरू कर दिया गया है। ईवीएम के साथ अन्य मतदान सामग्री को लेकर मतदान कर्मी वोटिंग केंद्रों पर देर शाम तक पहुंच जाएंगे। वहीं, इन सभी कार्यों का निरीक्षण करने के लिए मुंगेर के निर्वाची पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह और एसपी सैयद इमरान मसूद भी कॉलेज पहुंचे। सभी कर्मियों का संयुक्त रूप से ब्रीफिंग भी किया। उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा मुंगेर जिला के मुंगेर और जमालपुर, लखीसराय जिले के लखीसराय और सूर्यगढ़ा और पटना के मोकामा और बाढ़ सहित 6 विधानसभा में सुबह 7 बजे से 6 बजे तक मतदान होगा। सूर्यगढ़ा विधानसभा के 349 मतदान केंद्रों में 119 बूथ पर शाम 4 बजे तक वोटिंग होगा। ये 119 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित है, इसलिए यहां शाम 4 बजे तक ही मतदान होगा। इसके अलावा मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर शाम 6 बजे तक वोटिंग होगा। इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर 20 हजार मतदान कर्मी लगाए गए हैं। सभी मतदान कर्मी इवीएम और अन्य चुनाव सामग्री लेकर मतदान केंद्रों पर देर शाम तक पहुंच जाएंगे। पूरी रात यह लोग मतदान केंद्र पर ही रहेंगे। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुंगेर के एसपी सैयद इमरान मसूद ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पैरामिलिट्री फोर्स की व्यवस्था की गई है। थाना स्तर पर क्यू आर टी टीम भ्रमणशील रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना और मतदाताओं को परेशानी से निजात दिलाने के लिए कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है, जो लगातार कार्यरत है। मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के 2,029 मतदान केंद्रों पर लगभग 20 लाख 40 हजार मतदाता 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। इवीएम में कल सुबह 7 से शाम 6 बजे तक बंद करेंगे। 12 प्रत्याशियों में 11 प्रत्याशी पुरुष और एक प्रत्याशी महिला है। साथ ही इवीएम में एक नोटा का भी बटन दिया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर धूप से बचने के लिए पंडाल की भी हर संभव व्यवस्था की गई है। पीने का पानी और मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगी।



# नए मतदाताओं को जिला प्रशासन की ओर से मिलेगा सर्टिफिकेट

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। शहर में रविवार को डीएम नवीन कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली रेलवे स्टेशन से शुरू होकर गांधी चौक, पुराने जीटी रोड, पोस्ट ऑफिस चौक, समाहरणालय, कचहरी, करगहर मोड़, सिविल लाइंस होते हुए न्यू स्टेडियम तक गई। जहां पर जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में जिले में मतदान प्रतिशत कम रहा था। इसलिए इस बार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार विशेष ध्यान दिया गया है। इस बार जो भी लोग पहली बार वोट करेंगे उनको प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। वहीं रैली में एसपी विनित कुमार, डीडीसी, एसडीम, डीपीआरओ सहित कई अधिकारी और युवा मौजूद रहे। इसके साथ ही डीएम ने पहली बार मतदान करने वाली छात्राओं से कहा कि आप एक समूह में निकले। सीटी बजाते हुए डोर टू डोर जाएं और महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक करें। 10 का दम के तहत मतदान केंद्रों पर मिलने वाली सुविधाओं को आप सभी मतदाताओं को बताएं। जैसे कि वेटिंग रूम, गर्भवती महिलाएं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए ट्राई साइकिल की व्यवस्था, गर्भवती और वृद्ध जनों के लिए तीसरी लाइन की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आदि।



# आठ प्रखंड के बीडीओ का वेतन कटा

निज संवाददाता




**सासाराम (रोहतास)**। 8 शिक्षा पदाधिकारी के वेतन में कटौती की कार्रवाई की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कार्रवाई की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीईओ मदन राय ने शनिवार को बताया कि प्रत्येक बीईओ प्रतिदिन स्कूलों का निरीक्षण करना है। लेकिन 10 मई को 8 प्रखंड के बीईओं के द्वारा किसी शिक्षक अनधिकृत अनुपस्थित नहीं दर्ज कराई गई है। जिससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा स्कूलों का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है और इसमें लापरवाही बरती जा रही है। बताया कि राजपुर प्रखंड के बीईओ राज रंजन प्रसाद, बिक्रमगंज के बीईओ सुधीर कांत शर्मा, चेनारी के लखेंद्र पासवान, नौहट्टा प्रखण्ड के बीईओ सच्चिदानंद शाह, रोहतास प्रसाद के बीईओ कन्हैया कुमार, दिनारा के बीईओ सरोज कुमार, सूर्यपुरा के बीईओ मनोज कुमार एवं काराकाट प्रखण्ड के बीईओ मो कलीमुद्दीन पर कार्रवाई की गई है। बताया कि इन सभी बीईओ पर निरीक्षण कार्य में लापरवाही को लेकर 10 मई 2024 के वेतन की कटौती की गई है। डीईओ ने बताया कि शनिवार 11 मई को जिले के 12 प्रखण्डों में 52 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए हैं, उनपर भी अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## पत्नी-बेटे के मुंह में किया यूरिन, मारपीट भी की

**जमुई (नि.सं.)**। एक सनकी पति ने पत्नी और बच्चे के मुंह में यूरिन कर दिया। महिला के विरोध करने पर पति,सास-ससुर ने मारपीट भी की। इसके बाद महिला ने 112 पुलिस को घटना की जानकारी दी। फिर मौके पर पहुंची 112 पुलिस की टीम ने महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना टाउन थाना क्षेत्र के चौरा गांव की है। मामला रविवार की सुबह का बताया जा रहा है। पीड़िता को एक 12 साल का बेटा है। वहीं, एक बेटी भी है जो दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रही है। पीड़ित महिला ने बताया कि आए दिन उसका पति घर आता था। उसके साथ इसी तरह की घटना को अंजाम देता था। विरोध करने पर मारपीट भी करता था। रविवार की सुबह जबरदस्ती उसके साथ मुंह में पेशाब कर दिया।

# नगर निकायों के सभी नियोजित इकाई शिक्षकों के वेतन को किया गया ऑडिट

निज संवाददाता



**डालमियानगर (सासाराम)**। बीआरसी परिसर स्थित सभागार में शनिवार को डेहरी प्रखंड क्षेत्र के सभी नियोजन इकाई ,पंचायत प्रखंड एवं नगर परिषद के कार्यरत नियोजित शिक्षकों का वेतन मद में खर्च किए गए राशि का अंकेक्षण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार सिंह के देखरेख में किया गया। इस संबंध में शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि यह कार्य 11 मई से 16 मई तक बीआरसी केंद्र में किया जा रहा है। जिसमें सभी तरह के शिक्षक नियोजन इकाई का डेहरी अनुमंडल का ऑडिट प्रखंड संसाधन केंद्र, प्रखंड नियोजन इकाई, पंचायत नियोजन इकाई, नगर परिषद नियोजन इकाई, नगर पंचायत इकाई के शिक्षकों का वेतन वित्तीय वर्ष 2003 से 2014 तक कितना पैसा वेतन मत में खर्चा हुआ और कितना पैसा बचा है इसका ऑडिट किया गया तथा बचे हुए पैसे का शिक्षा विभाग को लौटाने का आदेश दिया गया है। इसके अनुसार ऑडिट का कार्य किया जा रहा है। पहले दिन डेहरी प्रखंड अंतर्गत पंचायत समिति नियोजन इकाई सहित पंचायत नियोजन इकाई बरांवकला, बेरकप, पहलेजा, मथुरी, जमुहार, गंगोली, दहाउर, चकनहा, दरिहट, मझियाव, भैसहा, पतपुरा, भलुआरी सहित 13 पंचायत, डेहरी ब्लॉक, नगर परिषद तथा प्रखंड शिक्षा कार्यालय में कार्य शिक्षकों का ऑडिट किया गया। यह कार्य जिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेशक अनुसार केएमसी कंपनी के द्वारा ऑडिट कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। ऑडिट कार्य में पंचायत एवं प्रखंड के सभी 16 शिक्षक उपस्थित थे। मौके पर लेखापाल मना जी, बिंदेश्वरी पाल, स्वाति कुमारी, वसीम अख्तर, राजीव रंजन, देववंश पाठक, अजय कुमार के अलावे अन्य लोगों उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल में मनाया गया इंटरनेशनल नर्स-डे

निज संवादाता




**सासाराम (रोहतास)**। जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में रविवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी सिविल सर्जन डॉ.अशोक कुमार, पूर्व सिविल सर्जन डॉ.के एन तिवारी और अन्य चिकित्सकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मौजूद एएनएम और जीएनएम नर्सों ने केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर नर्स दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती पर हर साल पूरे विश्व में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। नर्स अस्पताल सेवा का रीढ़ होता है। नर्स लोगों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह दिन नर्सों के योगदान के लिए समर्पित होता है। जानकारी के अनुसार पहली बार नर्स दिवस साल 1965 में मनाया गया था। इसके बाद 12 मई 1974 को अंतरराष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की गई। सिविल सर्जन ने कहा कि नर्स अस्पतालों में व्यक्तियों की सेवा ईमानदारी पूर्वक दिन-रात करती है। ऐसे में जनमानस का भी फर्ज होता है कि अस्पतालों और क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने वाली नर्सों को सम्मान दें। उन्होंने नर्सों को संबोधित करते हुए कहा कि विनम्रता उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मरीज तकलीफ में होते हैं, वो कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन हमें विनम्रता नहीं खोनी है। सर्विस दे उनकी तकलीफ दूर करनी है, यही नाइटिंगेल को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सिविल सर्जन ने कहा कि कभी अस्पताल में नर्सों की कमी होती थी। आज हर जिले में नर्सिंग कॉलेज सरकार द्वारा खोले गए हैं। आज इस ज्यादा अवसर है लेकिन सेवा भाव ही नर्सिंग का मूल मंत्र है।

## 16 जून को नाट्य महोत्सव व नृत्य प्रतियोगिता कराने का निर्णय

**डेहरी ऑन-सोन (सासाराम) (नि.सं.)**। अभिनव कला संगम की बैठक शनिवार देर शाम अध्यक्ष कमलेश कुमार की अध्यक्षता में स्टेशन रोड में हुई। पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुमोदन के बाद 16 जून को नाट्य महोत्सव व डांस प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इसके लिए देशभर की कई नाट्य व कला संस्कृति संस्थाओं ने हामी भरी है। संयोजक दीपक श्रीवास्तव द्वारा उनसे संपर्क साधा जा रहा है। सचिव विनय मिश्रा ने कहा कि बैठक में मतदाता जागरुकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। कहा कि इस साल भी जुलाई में संस्था की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मौके पर महासचिव प्रो. रणधीर सिन्हा, कोषाध्यक्ष शशि श्रीवास्तव, विशाल सिंह, संतोष राय समृद्धि, शंभू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# मतदान केंद्र पहुंचने के लिए कर्मियों ने किया गंगा पार

निज संवाददाता



**मुंगेर**। लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है। इसे लेकर आज जिला के 2029 बूथों पर जिला मुख्यालय स्थित वज्रगृह केंद्र डीजे कॉलेज से इवीएम को लेकर पोलिंग पार्टी और पुलिस जवान अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। इसमें से मुंगेर विधानसभा क्षेत्र का एक मतदान केंद्र ऐसा है, जहां की पोलिंग पार्टी और पुलिसकर्मियों को गंगा पार कर दियारा क्षेत्र स्थित मतदान केंद्र तक पहुंचना पड़ा। मुंगेर जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जाफर नगर पंचायत के सिताचरन गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को बूथ संख्या 12 बनाया गया है। इस मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए पोलिंग पार्टी और पुलिस जवानों को गंगा पार करना पड़ा। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर दो मोटर वोट और लाइफ प्रूफ जैकेट के साथ एसडीआरएफ की टीम को लगाया गया था। वोटिंग होने के बाद फिर सभी पोलिंग पार्टी दियारा क्षेत्र से वापस गंगा किनारे आएंगे। जहां एसडीआरएफ की टीम द्वारा गंगा के उस पार से सभी पोलिंग पार्टी और पुलिसकर्मियों को इस पार बबुआ घाट लाया जाएगा। इसके बाद सभी पुलिसकर्मी और पोलिंग पार्टी ईवीएम को लेकर वज्रगृह केंद्र पर जाएंगे और वहां जाकर जमा करेंगे। जानकारी देते हुए एसडीआरएफ टीम कमांडर अवर निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचित पदाधिकारी के आदेश पर मोटर बोट गंगा में दिया गया है। इसमें दो मोटर बोट को पुलिस जवान और एसडीआरएफ टीम के साथ सुरक्षा के लिए गंगा के क्षेत्र में लगाया गया है, जो की लगातार गश्ती कर रही है। इसके अलावा 2 मोटर वोट को बबुआ घाट और 2 मोटर वोट को बरदह घाट पर लगाया गया है। पोलिंग पार्टी को ईवीएम को लेकर दियारा क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र पर जाने के लिए गंगा को पार कराया जाएगा।

# तेजस्वी यादव-मुकेश साहनी की लखीसराय में जनसभा

निज संवाददाता



**लखीसराय**। चौथे चरण में 13 मई को मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर सभी दलों ने अपनी -अपनी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में लखीसराय के रामगढ़ चौक के शेखपुरवा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने आम सभा को संबोधित किया। लोगों से महागठबंधन प्रत्याशी कुमारी अनीता के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व राजद विधायक फुलेना सिंह, एमएलसी अजय कुमार सिंह समेत महागठबंधन के कई नेता मौजूद रहे। साथ ही तेजस्वी यादव और मुकेश साहनी को सुनने के लिए काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। तेजस्वी यादव ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने 13 मई को मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के दिन एक-एक मत राजद प्रत्याशी कुमारी अनीता को देकर दिल्ली भेजने का अपील किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर इंडी गठबंधन की सरकार देश में बनी तो एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा, महिलाओं को एक-एक लाख का सहयोग दी जाएगी। वहीं वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने भी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मोदी की सरकार ने संविधान को नहीं मान रहे हैं। किसी की बनी सरकार को गिरा दे रहे हैं, किसी के विधायकों एवं सांसदों को खरीद रहे हैं। इस देश में गरीब,गरीब बना रही है, और अमीर -अमर बन रहे हैं। इसलिए इंडी गठबंधन को एक-एक मत देकर जिताने का करें। देश में मजबूत सरकार बनाने का काम करें।

## गोल्ड जीतने से खेल प्रेमियों में प्रसन्नता

**मुंगेर (नि.सं.)**। जिले के खेल प्रेमियों एवं प्रत्येक स्पर्धा के खिलाड़ियों में गोल्ड जीतने से प्रसन्नता व्याप्त है। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि भारत की ज्योति याराजी ने हैरी शल्टिंग गेम्स में 100 मीटर हर्डल्स में गोल्ड जीता। याराजी ने 12.87 सेकंड का समय निकाला। ओलिंपिक का स्टैंडर्ड मार्क 12.77 सेकंड है। याराजी यूरोप में पांच टूर्नामेंट में खेलेगी जहां उनके पास क्वालीफाई करने का मौका रहेगा। खेल प्रेमी, अनिल कुमार यादव, मो. शौकत अली, जय नारायण यादव, शत्रुघन प्रसाद यादव, सरवर आलम, राकेश कुमार सिंह, मनोज कुमार अरुण, प्रभुदयाल सागर, जटा शंकर, रजी अहमद आदि ने संयुक्त रूप से ज्योति याराजी को बधाई दी है।

# मतदान कर्मियों के बीच बंटी सामग्री किट

निज संवाददाता




**मुंगेर**। लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण के तहत सोमवार को मतदान होना है। मतदान शुरू होने से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार का शोर थम गया। इधर, शनिवार की सुबह 10 बजे से ही जिला मुख्यालय स्थित चार केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से मतदान में संलग्न कर्मियों के बीच तृतीय नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इसके अलावा मतदान कर्मियों के बीच मतदान सामग्री भी वितरण किया गया। इस प्रकार उन्हें यह बता दिया गया कि उन्हें किस विधानसभा क्षेत्र के किस मतदान केंद्र पर मतदान संपन्न कराना है। साथ ही सभी को मतदान सामग्री भी उपलब्ध करा दिया गया। इस क्रम में सभी को मतदान प्रक्रिया के बारे में एक बार फिर अंतिम रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें यह बताया गया कि किस प्रकार से उन्हें शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराना है। इस प्रकार यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो तो इससे किस प्रकार निपटना है तथा यदि ईवीएम में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो उन्हें इससे किस प्रकार निपटना है तथा मतदान प्रक्रिया को निर्बाध रूप से संपन्न कराना है। मौके पर मौजूद जिला निर्वाचन पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि सभी मतदान कर्मियों को तृतीय नियुक्ति पत्र दे दिया गया है। अंतिम रूप से प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शनिवार की देर शाम छह बजे प्रचार प्रसार संपन्न हो जाएगा। रविवार को आरडी एंड डीजे कालेज स्थित डिस्पैच सेंटर पर सभी मतदान कर्मियों व सुरक्षा में लगे पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग होगी। इसके बाद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 693 बूथों के लिए मतदान कर्मी प्रस्थान कर जाएंगे। सोमवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच मतदान संपन्न कराया जाएगा। इधर जिस विद्यालय में मतदान सामग्री का वितरण किया गया उस जगहों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस जवानों की तैनाती रही।

# 20 दिन में एक युवक का दो बार पकड़ौआ विवाह

निज संवाददाता



**जमुई**। एक महीने में एक युवक की दो बार शादी करा दी गई और दोनों ही बार उसका पकडौआ विवाह करा दिया गया। सबसे मजेदार बात यह है कि दोनों ही शादियों के दौरान वह अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था। इस दौरान दोनों ही बार वह पकड़ा गया और ग्रामीणों ने उसकी शादी करा दी। मामला जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र का है, जहां के रहने वाले एक युवक के साथ एक नहीं बल्कि दो दो बार बड़ा खेल हो गया। इसके बाद महज 19 साल की उम्र में एक युवक दो-दो पत्नियों का पति बन गया है। इतना ही नहीं वह इन बीस दिनों में एक बच्चे का पिता भी बन गया। युवक की पहचान मलयपुर थाना क्षेत्र के अक्षरा गांव निवासी प्रदीप तांती के पुत्र विनोद कुमार( 19 ) के रूप में हुई है। जिसे लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के नवकाडीह गांव की रहने वाली विनोद कुमार के पुत्री प्रीती कुमारी से फेसबुक पर प्यार हुआ था। प्रीति पहले से ही शादीशुदा थी और एक बच्चे की मां थी। लेकिन प्यार में पड़ने के बाद दोनों को इन सब बातों की परवाह नहीं रही, फिर एक दिन विनोद ने प्रीति से मिलने का प्लान बनाया और 22 अप्रैल को अपनी प्रेमिका प्रीति से मिलने उसके घर पहुंच गया। इसी दौरान विनोद ग्रामीणों ने उसकी मंदिर ले जाकर शादी करा दी। जिसके बाद विनोद प्रीति को लेकर अपने घर आ गया और पति-पत्नी के तरह रहने लगा। विनोद की प्रीति से शादी हुई जब उसका अफेयर एक और लड़की के साथ चल रहा था। बताया जा रहा है कि विनोद गांव में डीजे बजाने का काम करता था। इस दौरान गिरिजा कुमारी नामक एक लड़की का पसंदीदा गाना अपने डीजे पर अक्सर बजाय करता था। इसी बात से प्रभावित होकर गिरजा उससे बात करने लगी थी। बातचीत बढ़ी तो धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई और दोनों एक दूसरे के प्यार में पड़ गए। पहली प्रेमिका से शादी के बाद भी विनोद के दिल से गिरजा का नाम नहीं निकल पाया था। इसी बीच अपनी पहली पत्नी और परिवार की नजरों से छुपकर विनोद अपनी पहली प्रेमिका गिरिजा से मिलने उसके घर पहुंच गया। लेकिन इस बार भी वह पकड़ा गया और फिर ग्रामीणों ने मंदिर ले जाकर उन दोनों की शादी करा दी। 20 दिनों में एक ही युवक का दो बार पकड़ौआ विवाह कराए जाने का मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि पहली पत्नी प्रीति ने दूसरी शादी करने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी है, तो वहीं दूसरी पत्नी गिरजा का कहना है कि उसे कोई आपत्ति नहीं है और वह एक ही परिवार में रह सकती है। पुलिस पदाधिकारी महेश सिंह ने बताया कि इसे लेकर अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मामले में अगर आवेदन दिया जाता है तो पुलिस मामले में कार्रवाई करेगी। बताया यह भी जाता है कि ग्रामीण स्तर पर मामले में सुलह-समझौता करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

## त्रिस्तरीय सुरक्षा रहेगी, ड्रोन कैमरा से की जाएगी निगरानी

**मुंगेर (नि.सं.)**। मुंगेर लोकसभा सीट के लिए सोमवार को होने वाले चुनाव के लिए सुरक्षा-व्यवस्था तीन लेयर में इंतजाम किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ-साथ बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस और जिला पुलिस बल के जवान को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों, सुदूर इलाकों और दियारा आदि क्षेत्रों में घुड़सवार दस्ता व ड्रोन कैमरा से भी निगरानी की जाएगी। इसी तरह नदी किनारे वाले इलाकों में नाव से भी पुलिस बल की गस्ती रहेगी।

# यूपी का फर्जी डीसीपी बता टीचर से ठगे 16 लाख

निज संवाददाता

**जमुई**। सिकंदरा में साइबर ठग ने एक शिक्षक से उत्तर प्रदेश का डीसीपी बताकर उससे 16 लाख रुपए की ठगी कर ली। इसे लेकर पीड़ित शिक्षक ने स्थानीय थाना व साइबर थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित शिक्षक शनिवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय पहुंचा। एक आवेदन देते हुए बताया कि वह सिकंदरा प्रखंड क्षेत्र के भुल्लो उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत है। उसे सारिका शर्मा की नाम की लड़की ने कॉल किया और बताया कि टेलीकॉम डिपार्टमेंट से बोल रही है। उनके आधार कार्ड से 25 मार्च 2024 को चंदन नगर इलाहाबाद लखनऊ में उनके नाम से एक सिम मो.इस्लाम नवाब नामक व्यक्ति इस्तेमाल कर रहा है। साइबर ठग ने बताया कि वह पुलिस सर्विलांस टीम को लाइन पे ले रहे हैं, उनसे बात करिए। उससे बात हुई तो उसने अपने आप को उत्तर प्रदेश का सब इंस्पेक्टर सुनील प्रकाश बताया। फोन लाइन पर आते ही बताया कि आपके आधार से उत्तर प्रदेश में तीन खाते खुले हैं। एचडीएफसी, आईसीआई, एसबीआई बैंक में खाता खोला गया और उन खातों से करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग की जा रही है। इसके बाद शिक्षक भयभीत हो गया और साइबर ठग ने पहले आधार कार्ड की कॉपी मंगवाई। टीचर को मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में डराया और कहा गया कि उसके नाम से उसकी गिरफ्तारी का वारंट इशू हो गया है। साथ ही उसकी एक फोटो कॉपी और फर्जी जुडिशल का मोहर्रम सिग्नेचर लगा एक फर्जी गिरफ्तारी का वारंट उसके व्हाट्सएप पर भेज दिया गया। उसे देख टीचर भयभीत हो गया। वारंट में लिखा था कि फर्जी मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में उसे एरेस्ट कर 3 से 6 साल की सजा और 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साइबर ठगों ने शिक्षक को बताया कि उत्तर प्रदेश के डीसीपी सिरोदकर सर लाइन पर हैं। अब वही आपको बचा सकते हैं। कथित फर्जी डीसीपी ने शिक्षक को 4 घंटे तक ऑन कॉल पर रखकर एक अकाउंट नंबर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्ञान वाहन से किसान सीख रहे आधुनिक कृषि के गुर

**भागलपुर**। गांव-गांव में कृषि ज्ञान वाहन किसानों को नवीनतम कृषि तकनीक का ज्ञान चलचित्र के माध्यम से बांट रहा है। इस लघु फिल्म के जरिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, विशेषज्ञ कृषि से संबधित समस्या का समाधान बताकर किसानों को जागरूक कर रहे हैं। दरअसल, कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से शनिवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हर गांव में कृषि ज्ञान वाहन के जरिए लघु फिल्म के जरिए नवीनतम कृषि तकनीक का प्रसार करना है। साथ ही वैज्ञानिक, विशेषज्ञों के माध्यम से खेती की समस्याओं का समाधान करना है।

### भागलपुर व बांका में जलापूर्ति योजना की समीक्षा की

**भागलपुर**। कमिश्नर दिनेश कुमार की अध्यक्षता में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या पर समीक्षा बैठक हुई। इसमें बताया गया कि पिछली बैठक में बंद चापाकल की संख्या 3611 थी। अब 2820 है। इससे स्पष्ट है कि खराब चापाकल की मरम्मत की गति धीमी है। इस पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई व 31 मई तक सभी चापाकल को ठीक करने को कहा। पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता व कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि बंद चापाकल और वार्डों में जलापूर्ति योजना को दुरुस्त करें। इस संबंध में धीमी कार्यशैली के लिए अधीक्षण अभियंता और पूर्वी व पश्चिमी के कार्यपालक अभियंता का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बाराहाट प्रमंडल में 12 वार्डों में अब भी जलापूर्ति योजना चालू नहीं है। ट्रिपल आईटी की अनुमति के लिए समन्वय बनाएं शहर में जलापूर्ति के लिए बुडको की ओर से किए जा रहे कामों में ट्रिपल आईटी की ओर से अनुमति नहीं देने पर कमिश्नर ने नगर आयुक्त और बुडको के कार्यपालक अभियंता को समन्वय बनाकर इस दिशा में काम करने को कहा। नगर परिषदों और नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारी अपनी तकनीकी टीम के साथ विभिन्न वार्डों में निरीक्षण कर लें कि कहीं कोई जलापूर्ति की समस्या न हो। अगर अगली बैठक में निराकरण के बाद ही उपस्थित रहेंगे। भागलपुर व बांका के डीएम को जल्द जलापूर्ति की समस्या की निगरानी कर उसके निपटारे के निर्देश दिए गए।

### गोल्ड जीतने से खेल प्रेमियों में प्रसन्नता

**मुंगेर**। जिले के खेल प्रेमियों एवं प्रत्येक स्पर्धा के खिलाड़ियों में गोल्ड जीतने से प्रसन्नता व्याप्त है। खेल प्रवक्ता, महमूद आलम ने बताया कि भारत की ज्योति याराजी ने हैरी शल्टिंग गेम्स में 100 मीटर हर्डल्स में गोल्ड जीता। याराजी ने 12.87 सेकंड का समय निकाला। ओलिंपिक का स्टैंडर्ड मार्क 12.77 सेकंड है। याराजी यूरोप में पांच टूर्नामेंट में खेलेगी जहां उनके पास क्वालीफाई करने का मौका रहेगा। खेल प्रेमी, अनिल कुमार यादव, मो. शौकत अली, जय नारायण यादव, शत्रुघन प्रसाद यादव, सरवर आलम, राकेश कुमार सिंह, मनोज कुमार अरुण, प्रभुदयाल सागर, जटा शंकर, रजी अहमद आदि ने संयुक्त रूप से ज्योति याराजी को बधाई दी है।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा रहेगी, ड्रोन कैमरा से की जाएगी निगरानी

**मुंगेर**। मुंगेर लोकसभा सीट के लिए सोमवार को होने वाले चुनाव के लिए सुरक्षा-व्यवस्था तीन लेयर में इंतजाम किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों के आसपास त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ-साथ बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस और जिला पुलिस बल के जवान को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों, सुदूर इलाकों और दियारा आदि क्षेत्रों में घुड़सवार दस्ता व ड्रोन कैमरा से भी निगरानी की जाएगी। इसी तरह नदी किनारे वाले इलाकों में नाव से भी पुलिस बल की गस्ती रहेगी। मुंगेर जिले के लिए 30 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की जाएगी। मतदान में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। मालूम हो कि मतदान समाप्ति के बाद भी 2 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स की हर जिले में मतगणना कार्य तक यानी 4 जून तक रोककर रखे जाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा जिले के सीमावर्ती इलाके को सील किया जाएगा। मालूम हो कि डीजे कॉलेज में बना वज्र गृह जहां सभी 6 विधानसभा से आने वाले ईवीएम रखा जाएगा, उसकी सुरक्षा व्यवस्था भी तीन लेयर में किया गया है। वहीं सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया गया । वहीं आ चार जून को चुनाव के परिणाम की घोषण की जाएगी। हर बूथ पर मेडिकल कीट के साथ नर्स व आशा रहेंगी तैनात मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुंगेर और जमालपुर विधानसभा के 693 बूथों पर मतदान के दिन प्रत्येक बूथ पर एक नर्स और आशा कार्यकर्ता तैनात रहेंगे। नर्स मेडिकल कीट के साथ मौजूद रहेंगी। इसके अलावा चुनाव के दौरान क्षेत्र में और प्रखंड में 2-2 एंबुलेंस के साथ-साथ चिकित्सक को भी अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस के साथ एक चिकित्सक को अलर्ट मोड में रखा गया है। इसके अलावा सेंट्रल मॉनिटरिंग सेंटर मुंगेर मुख्यालय में बनाया गया है।

### सिटी एसपी ने ईवीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**भागलपुर**। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान पूरा हो चुका है। प्रत्याशियों की क़िस्मत ईवीएम में बंद होकर स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रख दिया गया है। ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। इस स्ट्रांग रूम का भागलपुर सिटी एसपी राज ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों और पुलिस कर्मियों से बातचीत भी की। सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाए गए स्ट्रांग रूम के सभी सीसीटीवी कैमरे का भी सिटी एसपी ने जायजा लिया।

### क्रिमनल लॉ को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**भागलपुर**। केंद्र सरकार द्वारा संशोधित तीन क्रिमिनल लॉ एक जुलाई से शहर में लागू हो जाएंगे। इस पर अमल के लिए शहर की पुलिस ने कार्यशाला का आयोजन कर रणनीति बनाई। दरअसल, क्रिमनल लॉ आईपीसी, सीआरपीसी व इंडियन एविडेंस एक्ट में संशोधन किया गया है। इसको एक जुलाई से लागू करने के लिए नोटिफाई कर दिया गया है।

### उजियारपुर में जीत की हैट्रिक पर लग सकता है ब्रेक, बेगूसराय-दरभंगा में मोदी नाम का सहारा

**पटना**। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में बिहार में 5 सीटों पर 13 मई को वोटिंग होगी। इनमें से दरभंगा, समस्तीपुर मिथिलांचल का इलाका है। वहीं, बेगूसराय, मुंगेर और उजियारपुर में वोट डाले जाएंगे। बेगूसराय कभी वामपंथियों का गढ़ माना जाता था, इस बार भी लड़ाई वामदल और बीजेपी में है। वहीं, भूमिहार बाहुल मुंगेर में लड़ाई अगड़ा बनाम पिछड़ा हो गई है। 5 सीटों पर हवा का रुख किधर जा रहा है? कौन मजबूत स्थिति में है? कौन किस पर और क्यों भारी है? यह जानने के लिए दैनिक भास्कर की टीम ने पांचों सीटों पर आम लोगों, वरिष्ठ पत्रकार और पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स से बात की। इस बातचीत के जरिए इन पांचों सीटों का माहौल समझने की कोशिश की है। पांचों सीट में से चार सीटों पर एनडीए आगे और एक सीट उजियारपुर में जोरदार टक्कर दिख रही है। यहां के सांसद केंद्र में तो मंत्री है, वहां मजबूत हैं, लेकिन अपने ही इलाके में कमजोर दिखाई पड़ रहे हैं। दरभंगा, बेगूसराय में मोदी के सहारे बीजेपी की नैया पार लगती दिख रही। मुंगेर में जातियों की गोलबंदी से ललन सिंह बाजी मार सकते हैं। समस्तीपुर में दो मंत्रियों के बच्चों में कांटे की टक्कर है, लेकिन शांभवी का पलड़ा भारी नजर आ रहा। बता दें कि 2019 के चुनाव में इन पांच सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी जीते थे।

### कार्मेल की छात्राएं हुईं सम्मानित

**भागलपुर**। टाइनी टोट्स स्कूल में शनिवार को पूर्व संध्या पर मदर्स डे मनाया गया। सभी बच्चों की मां को बुलाया गया। इस अवर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता हुई। सभी बच्चों व माताओं ने मदर्स-डे पर खुशी जाहिर की। मौके पर चंन्द्र प्रकाश शर्मा, विपिन गुप्ता,



रजत शर्मा, सुधाकर दास, शालिनी, मजरुह रहमान, पिंकी झा, भारती झा, वर्षा व अन्य उपस्थित थे।

# मुंगेर में 2029 मतदान केंद्र के लिए रवाना पोलिंग पार्टी

निज संवाददाता। मुंगेर



- 13 मई को 6 विधानसभा में सुबह 7 बजे से 6 बजे तक होगी वोटिंग

सोमवार 13 मई को चौथे चरण का मतदान होना है। इस दौरान बिहार के मुंगेर लोकसभा में भी मतदान है। कुल 2,029 मतदान केंद्रों पर लगभग 20 लाख 40 हजार मतदाता 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कर EVM में कैद कर देंगे। मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो इसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। आज रविवार की दोपहर से आर डी एंड डीजे कॉलेज से सभी मतदान केंद्रों पर EVM भेजना शुरू कर दिया गया है।

**6 विधानसभा में सुबह 7 बजे से 6 बजे तक होगा वोटिंग**: EVM के साथ अन्य मतदान सामग्री को लेकर मतदान कर्मी वोटिंग केंद्रों पर देर शाम तक पहुंच जाएंगे। वहीं, इन सभी कार्यों का निरीक्षण करने के लिए मुंगेर के निर्वाची पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह और SP सैयद इमरान मसूद भी कॉलेज पहुंचे। सभी कर्मियों का संयुक्त रूप से ब्रीफिंग भी किया। उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा मुंगेर जिला के मुंगेर और जमालपुर, लखीसराय जिले के लखीसराय और सूर्यगढ़ा और पटना के मोकामा और बाढ़ सहित 6 विधानसभा में सुबह 7 बजे से 6 बजे तक मतदान होगा।

**119 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित**: सूर्यगढ़ा विधानसभा के 349 मतदान केंद्रों में 119 बूथ पर शाम 4 बजे तक वोटिंग होगा। ये 119 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित है, इसलिए यहां शाम 4 बजे तक ही मतदान होगा। इसके अलावा मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर शाम 6 बजे तक वोटिंग होगा। इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर 20 हजार मतदान कर्मी लगाए गए हैं। सभी मतदान कर्मी EVM और अन्य चुनाव सामग्री लेकर मतदान केंद्रों पर देर शाम तक पहुंच जाएंगे। पूरी रात यह लोग मतदान केंद्र पर ही रहेंगे। सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुंगेर के SP सैयद इमरान मसूद ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पैरामिलिट्री फोर्स की व्यवस्था की गई है। थाना स्तर पर क्यू आर टी टीम भ्रमणशील रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना और मतदाताओं को परेशानी से निजात दिलाने के लिए कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है, जो लगातार कार्यरत है।

**चुनावी मैदान में 12 प्रत्याशी**: मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के 2,029 मतदान केंद्रों पर लगभग 20 लाख 40 हजार मतदाता 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। EVM में कल सुबह 7 से शाम 6 बजे तक बंद करेंगे। 12 प्रत्याशियों में 11 प्रत्याशी पुरुष और एक प्रत्याशी महिला है। साथ ही EVM में एक नोटा का भी बटन दिया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर धूप से बचने के लिए पंडाल की भी हर संभव व्यवस्था की गई है। पीने का पानी और मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगी।

# तेजस्वी यादव-मुकेश साहनी की लखीसराय में जनसभा



निज संवाददाता। लखीसराय

चौथे चरण में 13 मई को मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान को लेकर सभी दलों ने अपनी -अपनी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में लखीसराय के रामगढ़ चौक के शेखपुरवा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने आम सभा को संबोधित किया। लोगों से महागठबंधन प्रत्याशी कुमारी अनीता के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व राजद विधायक फुलेना सिंह, एमएलसी अजय कुमार सिंह समेत महागठबंधन के कई नेता मौजूद रहे। साथ ही तेजस्वी यादव और मुकेश साहनी को सुनने के लिए काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। तेजस्वी यादव ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने 13 मई को मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के दिन एक-एक मत राजद प्रत्याशी कुमारी अनीता को देकर दिल्ली भेजने का अपील किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर इंडी गठबंधन की सरकार देश में बनी तो एक करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा, महिलाओं को एक-एक लाख का सहयोग दी जाएगी। वहीं वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने भी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मोदी की सरकार ने संविधान को नहीं मान रहे हैं। किसी की बनी सरकार को गिरा दे रहे हैं, किसी के विधायकों एवं सांसदों को खरीद रहे हैं। इस देश में गरीब,गरीब बना रही है,और अमीर -अमीर बन रहे हैं। इसलिए इंडी गठबंधन को एक-एक मत देकर जिताने का करें। देश में मजबूत सरकार बनाने का काम करें।

# जंगली क्षेत्र में ड्रोन कैमरा तो दियारा में घुड़सवार

निज संवाददाता। मुंगेर

- एसपी ने बताया कि मुंगेर लोकसभा का चुनाव जो 13 मई को होना है उसे लेकर हमलोगों के द्वारा तैयारी कर ली गई है

13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मुंगेर पुलिस एक्टिव मोड में है। जिसे लेकर जिला के शहरी क्षेत्र, दियारा क्षेत्र, ग्रामीण गंगा और जंगली क्षेत्रों में पुलिस की चौकसी मतदान के दीन तेर रहेगी। मतदान शांतिपूर्ण हो इसे लेकर पुलिस ने मास्टर प्लान तैयार किया है। जानकारी देते हुए एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि मुंगेर लोकसभा का चुनाव जो 13 मई को होना है उसे लेकर हमलोगों के द्वारा तैयारी कर ली गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण और भयमुक्त कराने के लिए अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग तरीके से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि इस बार हमलोग नक्सल क्षेत्र को जो जंगली एरिया है उसमें हमारे अर्धसैनिक बल पुलिस के द्वारा इस बार ड्रोन कैमरा से निगरानी रखेगी। जबकि चुनाव कराने के लिए दियारा क्षेत्र में चार यूनिट घुड़सवार पुलिस को लगाया गया है जो अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। जबकि गंगा में हेमजापुर से लेकर घोरघट तक एसडीआरफ के साथ पुलिस जवानों के द्वारा गश्ती की जाएगी। वहीं दियारा क्षेत्र के टीकारामपुर में जो एसटीएफ कैंप की स्थापना की गई उन्हें खासकर जिम्मेदारी दी गई है कि मतदान के दीन एरिया डोमिनेशन क्षेत्र में लगातार करते रहेंगे जबकि सभी क्लस्टर प्वांइट पर क्यूआरटी टीम को लगाया गया है अगर जरूरत पड़ी तो उसका भी उपयोग किया जाएगा जबकि उन्हें आदेश दिया गया है कि वे लगातार अपने-अपने क्षेत्र के बूथ पर भ्रमण करते रहेंगे।

# मतदान को किया प्रभावित तो सीधे जाएंगे जेल, वोटिंग केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ नहीं लगाने का निर्देश

निज संवाददाता। मुंगेर



मतदान के दिन असामाजिक तत्वों ने कोई गड़बड़ी की, तो उस पर सख्ती से प्रशासन निपटेगा। मतदान के दिन थाना स्तर से लेकर क्यू आर टी टीम भ्रमणशील रहेगी। मुंगेर के एसपी सैयद इमरान मसूद ने आर डी एंड डीजे कॉलेज में EVM वितरण कार्यों का निरीक्षण के दौरान यह बातें कहीं है। SP सैयद इमरान ने कहा कि मुंगेर में 13 मई को सुबह 7 बजे से मतदान होना है। लगभग सभी मतदान केंद्रों पर शाम 6 बजे तक वोटिंग होगा। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्रों पर EVM और अन्य सामग्री लेकर मतदान कर्मी डीजे कॉलेज से जाना शुरू कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार सुबह मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में 2,029 मतदान केंद्र हैं। जिसमें लगभग 20 लाख 40 हजार मतदाता वोटिंग करेंगे।

**मतदान केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं**: उन्होंने सख्त लफ्जों में कहा कि मतदान को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपने घर से निकलें और मतदान करें। फिर अपने घर आकर दैनिक कार्य में लग जाएं। मतदान केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। अनावश्यक आवाजाही नहीं करें। कहीं भी एक जगह इकट्ठे होकर मजमा न लगाएं। शहर में धारा 144 भी लागू कर दिया गया है।

**मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो**: SP सैयद इमरान ने कहा कि अगर कोई 13 मई के दिन मतदान को प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो वह सीधे जेल जाएंगे। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि सुबह 7 से शाम 6 बजे तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर पैरा-मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई है। साथ ही साथ गश्ती टीम और थाना स्तर पर क्यू आर टी टीम भी लगातार भ्रमनशील रहेगी।

**मतदान को प्रभावित करने वाला बख्शा नहीं जाएगा**: SP सैयद इमरान ने कहा कि जिला नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए गए हैं। वह भी लगातार घूम-घूम कर शांति और निष्पक्ष पूर्ण तरीके से मतदान संपन्न करने के लिए घूमते रहेंगे।उन्होंने लोगों से कहा कि भयमुक्त होकर मतदान करें और कोई भी अगर मतदान को प्रभावित करने की कोशिश करता है, तो इसकी सूचना वह सीधे उनके पर्सनल मोबाइल नंबर पर दें। एसपी ने कहा कि मतदान को प्रभावित करने वाला किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की पहली और अंतिम उद्देश्य शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराना है। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।

# मुंगेर में मतदान कर्मियों के बीच बंटी सामग्री किट, 4 स्कूलों में किया गया वितरण

निज संवाददाता। मुंगेर




मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण के तहत सोमवार को मतदान होना है। मतदान शुरू होने से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार का शोर थम गया। इधर, शनिवार की सुबह 10 बजे से ही जिला मुख्यालय स्थित चार केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से मतदान में संलग्न कर्मियों के बीच तृतीय नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इसके अलावा मतदान कर्मियों के बीच मतदान सामग्री भी वितरण किया गया। इस प्रकार उन्हें यह बता दिया गया कि उन्हें किस विधानसभा क्षेत्र के किस मतदान केंद्र पर मतदान संपन्न कराना है। साथ ही सभी को मतदान सामग्री भी उपलब्ध करा दिया गया। इस क्रम में सभी को मतदान प्रक्रिया के बारे में एक बार फिर अंतिम रूप से प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें यह बताया गया कि किस प्रकार से उन्हें शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व भयमुक्त माहौल में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराना है। इस प्रकार यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो तो इससे किस प्रकार निपटना है तथा यदि ईवीएम में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो उन्हें इससे किस प्रकार निपटना है तथा मतदान प्रक्रिया को निर्बाध रूप से संपन्न कराना है। मौके पर मौजूद जिला निर्वाचन पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि सभी मतदान कर्मियों को तृतीय नियुक्ति पत्र दे दिया गया है। अंतिम रूप से प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शनिवार की देर शाम छह बजे प्रचार प्रसार संपन्न हो जाएगा। रविवार को आरडी एंड डीजे कालेज स्थित डिस्पैच सेंटर पर सभी मतदान कर्मियों व सुरक्षा में लगे पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग होगी। इसके बाद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 693 बूथों के लिए मतदान कर्मी प्रस्थान कर जाएंगे। सोमवार को सुबह सात बजे से शाम छह बजे के बीच मतदान संपन्न कराया जाएगा। इधर जिस विद्यालय में मतदान सामग्री का वितरण किया गया उस जगहों पर सुरक्षा को लेकर पुलिस जवानों की तैनाती रही।

# 15 दिनों में भूमि विवाद निपटाने का आदेश

## डीएम ने कहा-SDO-SDPO रिव्यू कर लें एक्शन




निज संवाददाता। भागलपुर

जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी भूमि विवाद से संबंधित मामलों को सुलझाने के लिए अंचला अधिकारी और SHO को हर शनिवार को जनता दरबार लगाने का निर्देश दिया है। डीएम ने कहा है कि अल्टरनेट बुधवार को एसडीपीओ एवं एसडीओ के द्वारा जनता दरबार लगाएं और मामलों का निपटारा करें। कोई भी मामला 15 दिनों से अधिक लंबित न हो। किसी मामले को हल्के में ना लें। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि भूमि विवाद के मामले के निष्पादन में शिथिलता बढ़ती जा रही है तो गंभीरता से लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आपके नियंत्रण में जितने भी थाना और अंचल हैं। सभी जगह पर भूमि विवाद से संबंधित मामले को कंपाइल कर लिया जाए। जहां से भी शिकायत आती है। उस शिकायत को पंजीकृत कर लें और उसकी जांच कर निष्पादन करें। आंचल में जितने मामले हैं उन सारे मामलों को एसडीओ रिव्यू कर लें एवं थाने में जितने मामले हैं उनका एसडीपीओ रिव्यू कर के कंपाइल कर ले और दोनों के संयुक्त आदेश से यह तय कर ले कि हलका में कौन राजस्व कर्मी जाएगा, और थाना का कौन कर्मी जांच करने जाएगा।

**लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई**: जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे पास जितनी भी शिकायतें आती हैं उनमें से 65 से 70% रिपीटेड लोग होते हैं। उनका कहना होता है कि हम एक साल से या 2 साल से दौड़ रहे हैं हमारा काम नहीं हुआ है। यदि मेरे पास 18 मई के बाद कोई रिपीटेड कंप्लेन आता है कि हमारा काम नहीं हुआ है तो हम पहले हम यह देखेंगे की क्या हमारे अधीनस्थ ने इस पर ध्यान दिया है, यदि नहीं ध्यान दिया है तो इसे हम गंभीरता से लेंगे। उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक से कहा कि यदि अधीनस्थ ध्यान नहीं देते तो उन पर जांच कर कार्रवाई करें। सभी मामलों को 17 मई तक निष्पादित की जाए। ।

# पत्नी को ससुराल से लाने गए शख्स की मिली लाश

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के नवादा स्थित नादा बहियार में रविवार को एक अधेड़ की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अधेड़ अपनी पत्नी की विदाई के लिए ससुराल सुल्तानगंज के कसमाबाद गया हुआ था, जिसका शव बहियार में रविवार को संदिग्ध स्थिति में मिला था। मृतक के शरीर के पीठ समेत कई अंगों पर जख्म के निशान हैं। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने परिजनों को दिया। जानकारी मिलने पर ससुराल वाले घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पहचान किया है। मृतक की पहचान घोंघा थाना क्षेत्र के पन्नुचक निवासी ब्रह्मदेव मंडल के बेटे मंगल मंडल (35) के रूप में की गई है। पत्नी की विदाई के लिए गया था। ससुराल मृतक अपनी पत्नी की विदाई लेने के लिए एक महीना पहले ससुराल गया हुआ था। ससुराल वाले पत्नी की विदाई नहीं कर रहे थे। उनके साथ मारपीट किया जा रहा था। एक महीने तक किसी तरह बाजार में खाना खाकर गुजर बसर किया। ससुराल सिर्फ सोने के लिए जाते थे। बताया जा रहा है कि पत्नी मायके से ससुराल नहीं जाना चाहती थी। पति बार-बार विदाई का दबाव बना रहे थे, हालांकि मृतक के भाई ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

**ससुरालवालों पर मारपीट का आरोप**: मृतक के भाई ने भास्कर से बातचीत के दौरान बताया कि मृतक दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। हाल के दिनों में वापस घर लौटा था। और पत्नी की विदाई के लिए सुल्तानगंज स्थित कस्माबाद अपने ससुराल गया हुआ था ससुराल वाले उनके साथ मारपीट कर रहे थे। मृतक के पत्नी को विदाई नहीं दे रहे थे। इसकी जानकारी हम लोगों को मंगल ने दिया था। उन्होंने भास्कर को आगे बताया कि पिछले एक महीने से ससुराल के आसपास में रहकर मार्केट में खाना खाता था। ससुराल वाले उनके साथ गलत बिहेव करते थे। शनिवार की देर नादा बहियार में मृतक के साला ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। और शव को बहियार में फेंक दिया।

**रविवार को बहियार से लाश बरामद**: रविवार की सुबह स्थानीय लोगों ने शव को देखा इसके बाद घटना की जानकारी परिजनों को दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ससुराल वाले मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लड़के के परिजनों को दिया जानकारी के बाद रविवार को घोंघा से मृतक के परिजन सुल्तानगंज के कसमाबाद पहुंचे। जहां पर संदिग्ध परिस्थिति में लाश देखा। शरीर के कई हिस्सों में मारपीट करने का जख्म है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी रणनीति पर बैठक में की चर्चा

**आरा।** भाकपा - माले चुनाव संचालन समिति की बैठक शनिवार को हुई। बैठक में मतदाताओं के बीच चुनाव प्रचार करने, हर बूथ पर गठबंधन के कार्यकर्ताओं की तैनाती सहित चुनाव तैयारी के हर पहलू पर चर्चा की गई। इस दौरान छात्र-नौजवानों, किसानों, महिलाओं, मजदूरों, स्कीम वर्कर्स, दुकानदारों, अति पिछड़ा समुदाय के मतदाताओं के बीच प्रचार अभियान चलाने के लिए अलग-अलग प्रचार दलों का संगठित करने की योजना बनाई गई। भाकपा - माले आरा लोकसभा चुनाव प्रभारी राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि तीन चरणों के चुनाव का संकेत है कि प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता छीन रही है। अंतिम चरण में होनेवाले आरा लोकसभा चुनाव तक ऐसी स्थिति बना देनी होगी कि वे फिर कभी सत्ता में वापस न लौट पाएं।

### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई टू द्वारा बड़कागांव में सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत स्वयंसेवकों ने लक्ष्य गीत गाकर किया। स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति रैली निकाली और नशा करने से होने वाली हानि के बारे में लोगों को जागरूक किया। द्वितीय सत्र में डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा ने रक्तदान विषय पर व्याख्यान दिया। रक्तदान के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवकों में विशाल सिंह, पवन कुमार एवम सोनू कुमार गोंड ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी में जाकर सेक्रेटरी डॉक विभा सिंह के उपस्थिति में रक्तदान भी किया। मौके पर राजा, आदित्य, अमित, सोनू, निशांत, खुशी, मीरा, आर्यन, मोहित, अंकुश और सुंदरम सहित कई शामिल थे।

### नामांकन के लिए बीईओ देंगे अनुमति

**आरा।** मध्य विद्यालय से अष्टम वर्ग पास छात्र-छात्राओं को अपने हीं पंचायत के माध्यमिक विद्यालय में वर्ग नव में नामांकन में दूरी होने से काफी परेशानी हो रही थी। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संबंधित समस्या को समाधान के लिए जिला के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अपने पत्रांक 972 से प्राधिकृत किया है । अगर किसी गांव के बगल में दूसरे पंचायत का माध्यमिक विद्यालय है और अभिभावक अपने बच्चों को नजदीक होने पर उसी माध्यमिक विद्यालय में नामांकित कराना चाहते हैं , तो आवेदन देकर अनुमति ले सकते हैं। इस संबंध में चरपोखरी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मल दास ने बताया कि इस तरह की समस्या उत्पन्न हो रही थी, वरीय पदाधिकारी से आदेश मिला है। आवेदन कि जांच कर अनुमति दी जाएगी

### 22 मई को वीकेएसयू के बजट की होगी समीक्षा

**आरा।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट की समीक्षा के लिए शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी परंपरागत विश्वविद्यालय की एक बैठक बुलाई है। यह बैठक 15 से 29 मई तक उच्च शिक्षा विभाग में होगा। इसमें तिथि वार सभी परंपरागत विश्वविद्यालय को बुलाया गया है। 22 मई को बजट की समीक्षा के लिए वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय को समय दिया गया है। शनिवार को उक्त बैठक की तैयारी वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में की गई। गौरतलब हो कि शिक्षा विभाग ने नौ बिंदुओं पर तैयारी करके आने का निर्देश सभी विश्वविद्यालय को दिया है। इनमें पिछले वित्तीय वर्ष में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की संख्या। उसे अवधि में रिटायर्ड हुए शिक्षक और कर्मचारियों की संख्या। नई नियुक्तियों की पूर्ण विवरणी। अतिथि शिक्षक के संबंध में अलग से प्रेजेंटेशन सहित कई बिंदुओं की जानकारी मांगी गई है।

### एनडीए की सरकार में महिलाएं सुरक्षित

**बक्सर।** भाजपा प्रदेश के मीडिया प्रवक्ता रानी चौबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लालू यादव के जंगल राज को बिहार की जनता भूली नहीं है। उस समय महिलाओं के साथ छेड़खानी और रेप एक आम बात थी। जंगल राज के दौर में बिहार की बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। इनके मन में हमेशा एक डर रहता था कि क्या वो घर से निकलने के बाद वापस घर सुरक्षित लौटेंगी या नही। आज के दौर में बिहार बदल गया है। एनडीए की सरकार में महिलाएं सुरक्षित हैं। रात हो या दिन कहीं भी आने-जाने में कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि आज देश विकसित और समृद्ध बन रहा है। यह तब संभव हो सका है जब आपने बिहार में एक मजबूत सरकार बनाई। बिहार को श्रेष्ठ और विकसित बनाने के लिए एक बार फिर मोदी जी की सरकार जरूरी है।

### गुलमोहर के फूल बिखेर रहे छंटा



**आरा।** गुलमोहर के फूलों की खूबसूरती; तेज धूप और 40 से 45 डिग्री तापमान में भी रमना मैदान के चारो तरफ लगे गुलमोहर के करीब दो दर्जन पेड़ पर लाल-पीले फूल आकर्षक छटा बिखेर रहे है। यह फूल पार्क की खूबसूरती में कार-चांद लगाने के साथ -साथ, आते-जाते लोगो को काफी आकर्षित कर रहा है। इसकी खासियत है कि जितना ही तेज धूप या गर्मी पड़ेगा इसके फूल उतने ही खिलेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार यह गुलमोहर सिर्फ फूलों की खूबसूरती ही नहीं बिखेरते बल्कि इसके कई औषधीय गुण भी है।

### मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ पाण्डेयपट्टी



**बक्सर।** सदर प्रखंड के पाण्डेयपट्टी का पूरा इलाका वैदिक मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा है। अवसर है श्री राम महायज्ञ का। जहां विद्वत ब्राह्मणों द्वारा विधि विधान के साथ पांडेपट्टी स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में श्री राम महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार किया जा रहा है। बता दें कि 13 मई तक चलने वाले श्री राम महायज्ञ में यज्ञ मंडप बनाया गया है। जिसे पूरी तरह से सजाया गया है। यज्ञ मंडप में हवन का कार्यक्रम चल रहा है। बताते चलें कि यज्ञ मंडप का परिक्रमा करने के लिए बक्सर समेत पांडेपट्टी इलाके के लोग पहुंच रहे हैं, तथा अपनी श्रद्धा के अनुसार यज्ञ मंडप की फेरी लगा रहे हैं। वहीं महिलाएं भी मंगल गीत गा रही हैं। इसके साथ हीं श्री राम कथा का आयोजन भी किया गया है। जिसमें मिथिला धाम से पधारे श्री किशोरी शरण जी महाराज के द्वारा श्री राम कथा का संगीतमय रसपान कराया जा रहा है। दिन रात हो रहे भजन कीर्तन से पूरा का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। 13 मई को समापन के अवसर पर होगा भव्य भंडारा पांडेयपट्टी ठाकुरबाड़ी के महंत श्री राम दास जी ने बताया कि यह आयोजन 13 मई तक चलेगा। विश्व कल्याण हेतुश्री राम महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें पूरे शहरवासियों का भरपुर योगदान है। उन्होंने बताया कि संगीतमय श्रीराम कथा का श्रवण शाम के 3 बजे से 7 बजे तक कराया जाएगा।उन्होंने बताया कि 13 मई को पूर्णाहुति के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि बक्सर स्थित पाण्डेयपट्टी अनंत श्री विभूषित श्री नारायण दास भक्तमाली मामा जी महाराज की जन्मस्थली है। जहां उन्होने एक महान परंपरा का निर्वहन किया, नयी बाजार में श्री सीताराम विवाह महोत्सव जो प्रत्येक वर्ष आयोजन किया जाता है। जिसमें देश से हीं नहीं विदेश से भी मामा जी के शिष्य पहुंचते हैं।

# संजय शर्मा ने लोकसभा चुनाव में पेश की दावेदारी

## कहा- हमें IAS और मंत्री नहीं चाहिए, वैसा सांसद चाहिए जो जनता के बीच रहे

निज संवाददाता। आरा



आरा लोकसभा चुनाव में कई प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर रहे हैं। इसी बीच आर्मी से रिटायर्ड सह समाजसेवी संजय शर्मा ने भी अपना दावा पेश किया है। हालांकि अभी तक उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी दिखा रहे हैं। इसी को लेकर संजय शर्मा ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक बाजार समिति एक निजी भवन में किया गया था। इस दौरान संजय शर्मा ने चुनाव लड़ने के लिए अपने समर्थकों से प्रश्न पूछा और कहा कि क्या मैं लोकसभा चुनाव लड़ सकता हूं। इस दौरान कई समर्थकों ने संजय शर्मा को अपना समर्थन दिया और सभा को संबोधित किया। संजय शर्मा ने कहा कि हमें एक आईएएस या एक मंत्री की जरूरत नहीं है। हमें भोजपुर जिला के लिए एक सांसद की जरूरत है जो हमारे बीच रहे हमारे भोजपुर जिले वासियों की लिए हर एक संभव मदद करें और विकास करें।

**विधायक पर तंज:** संजय शर्मा ने कहा कि मैं भी तरारी प्रखंड से बिलॉन्ग करता हूं। वहीं का रहने वाला हूं और हमारी सुदामा प्रसाद जी भी वहीं के रहने वाले हैं। तरारी से विधायक है लेकिन उन्होंने तरारी की जनता के लिए आज तक कोई भी विकास कार्य को पूरा नहीं किया है। अभी तक उनका ऐसा कोई भी काम जमीनी स्तर पर प्रखंड या विधानसभा क्षेत्र में नहीं दिखता है।

**आरा का बेटा हूं:** लोग एनडीए में रहकर चुनाव लड़ सकते हैं तो फिर मैं क्यों नहीं लड़ सकता। मैं भी आरा का बेटा हूं,मुझे भी हक है । चुनाव लड़ने की क्षमता है। अपने क्षेत्र की जनता की सेवा करना मदद करना और आगे बढ़ाने का सपना है । विकास के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएंगे । हमारा मुख्य उद्देश्य किसान,बेरोजगारी, युवा साथियों का मुद्दा जिनकों रोजगार चाहिए।

# रिटायर्ड प्रिंसिपल के बेटे को मारी 4 गोली, घर के बाहर बैठा था

### पूर्व में हुए गोलीबारी की सूचना देने पर की ताबड़तोड़ फायरिंग

निज संवाददाता। आरा



शहर के नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर बैंक कॉलोनी मोहल्ले में शनिवार की रात हथियारबंद अपराधियों ने रिटायर्ड प्रिंसिपल के बेटे को उसके घर के दरवाजे पर गोली मार दी। जख्मी युवक को चार गोली मारी गई है। परिजन ने उसे शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जख्मी युवक नवादा थाना इलाके के विष्णु नगर,बैंक कॉलोनी मोहल्ला निवासी सह रिटायर्ड प्रिंसिपल सुरेंद्र प्रसाद सिंह का 29 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष आनंद है और वह अभी सरकारी नौकरी की तैयारी करता है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार एवं नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल पहुंचे और जख्मी युवक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर जख्मी युवक के पिता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि चैत नवमी के दिन आरोपी ने मोहल्ले के एक व्यक्ति पर फायरिंग की थी। हालांकि फायरिंग के दौरान वह बालबाल बच गए थे। आज वे लोग मोहल्ले के ही एक व्यक्ति के बेटी के जन्मदिन पार्टी में चंदवा स्थित ग्रीन हेवन रिजॉर्ट में गए थे। जब वह अपने बेटे उत्कर्ष आनंद एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पार्टी से वापस अपने घर के पास लौटे। तभी आरोपी युवक वहां आ गया और उनके बेटे से कहने लगा कि तुमने उस व्यक्ति से मेरी शिकायत क्यों की। तब उनके बेटे ने कहा कि मैंने उनसे कोई शिकायत नहीं कि तुम उनको बुलाओ और पूछो। लेकिन वह बार-बार कहता रहा कि नहीं तुमने मेरी शिकायत की है। जब उन्होंने कहा कि अभी जाओ और रात में ही सब बात करोगे। तभी वह वहां से गया और दो अपने अन्य साथियों के साथ हथियार से लैस होकर वहां दोबारा आया और उनके बेटे को ताबड़तोड़ गोली मार दी।

# अनियंत्रित कार जामुन के पेड़ से टकराई, चालक घायल

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर जिले के स्थानीय टेढ़की पुल के पास लग्जरी कार पेड़ से टकरा क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार चालक घायल हो गया। ऑटो को बचाने में कार अनियंत्रित हो गई थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। कार में फंसे चालक को बाहर निकाला गया। डायल 112 डायल की टीम की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। कार चालक औरंगाबाद से बक्सर की तरफ आ रहा था।गनीमत रही की कार में केवल कार चालक ही सवार था। एक्सीडेंट में कार का एयरबैग खुल जाने से कार चालक को ज्यादा चोट नहीं लगी। सीतामढ़ी निवासी अंकित यादव (40) औरंगाबाद स्थित एनटीपीसी में काम करता था। वही से अपने गांव जाने के लिए आ रहा था। तभी डुमरांव-बिक्रमगंज NH-120 पथ पर कार जैसे ही टेढ़की पुल के पास पहुंची। तभी विपरीत दिशा से आ रहा टेम्पो कार के सामने आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित हो तेज रफ्तार में सड़क किनारे जामुन के पेड़ से टकरा गई। जिससे कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। चालक घायल हो गया। डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जख्मी कार चालक को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। कार में एयर बैग होने के कारण चालक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। डुमरांव थाना अध्यक्ष अनिशा राणा ने कहा कि सूचना पर पुलिस टीम पहुंची थी। कार चालक ने एफआईआर के लिए कोई आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सामंतवादी और मनुवादी व्यवस्था के कारण रामगढ़ विधानसभा की दुर्दशा

# बक्सर में BSP प्रत्याशी बोले- समाज को शिक्षित बनाना उद्देश्य, आर्थिक और कृषि के क्षेत्र में करेंगे मजबूत

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर लोकसभा से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अनिल चौधरी ने कहा की सामंतवादी और मनुवादी व्यवस्था के कारण रामगढ़ विधानसभा का जो दुर्दशा हुआ है। उस व्यवस्था को बदलने के लिए बहन मायावती जी ने हमें भेजा है। वो व्यवस्था जिसके कारण क्षेत्र का विकास नही हुआ उस विकास को करने के लिए हम और बहुजन समाज पार्टी प्रतिबद्ध है। आज किसान के फसलों का सही मूल्य नही मिल पा रहा है। किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए, युवा भाई-बहनों की शिक्षा के लिए रामगढ़, दुर्गावती और नुआंव में कॉलेज खुले, मैं उस व्यवस्था की लड़ाई लड़ना चाहता हूं। उक्त बातें बसपा प्रत्याशी अनिल चौधरी ने शुक्रवार को रामगढ़ विधानसभा में जनसंपर्क के दौरान कही।

**समाज को शिक्षित बनाना उद्देश्य:** उन्होंने कहा की हमलोग बाबा साहेब को मानने वाले लोग है। हमलोग को सबसे पहले अपने समाज को शिक्षित बनाना होगा। आप सबके के लिए उद्योग, धंधे की व्यवस्था कराना है जिससे रामगढ़ समेत पूरा बक्सर लोकसभा मजबूत होगा। बक्सर लोकसभा की हम आर्थिक, शैक्षणिक और कृषि के क्षेत्र में मजबूत करना चाहते है। उन्होंने सबों से अपील करते हुए कहा की इस बार इस सामंतवाद और मनुवादी व्यस्था को धाराशाही कीजिए और अपने भाई, अपने बेटा अनिल चौधरी को एक एक वोट देकर बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करे और बहन मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें।

**नेताओं ने बढ़ाया जनसंपर्क अभियान:** बता दे की बक्सर लोकसभा क्षेत्र का चुनाव अंतिम चरण में 1 जून को है। जिसको लेकर सभी पार्टी के नेता और निर्दलीय नेताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया ही। इसी के तहत बसपा नेता अनिल चौधरी भी कैमूर जिला अध्यक्ष छोटे लाल भारती और सतीश यादव (पिंटू यादव) के नेतृत्व में रामगढ़ विधानसभा के खजुरा, सरैया, सखेलीपुर धमसराय, ढनहर, भानपुर, कर्मनाशा बाजार,आदि दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चला वोटरों को अपने पक्ष में गोलबंद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# पत्नी बोली-पति के हत्यारों को आंखों के सामने मिले फांसी

## छत में मिले खून से DJ संचालक के मर्डर की गुत्थी सुलझाने में जुटी भोजपुर पुलिस

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में डीजे संचालक नीरज की हत्या की गत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी है। इधर नीरज की पत्नी के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। वो चाहती है कि उसके पति के हत्यारों को उसकी आंखों के सामने फांसी दी जाए। चुन्नी देवी का कहना है कि 3 साल पहले ही हमारी शादी हुई थी। 2 साल के बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। चुन्नी देवी ने बताया कि नीरज उसे बहुत प्यार करता था। बोलता था कि कुछ भी हो जाए मुझे छोड़कर नहीं जाएगा। नीरज ने छह महीने पहले ही डीजे का काम शुरू किया था। गांगी के पास चिकेन की दुकान भी थी। गांव में किसी से विवाद नहीं था। शुक्रवार को अपने दोस्त सोनू के बेटे की छठी समारोह में अपना DJ लेकर गया था। नीरज का सोनू जिगरी दोस्त था। हमेशा सोनू के साथ ही नीरज रहता था। सुबह में पता चला की कार्यक्रम स्थल से 300 मीटर दूर नीरज खेत में मरा गिरा पड़ा है।

**खून की एक बूंद खोल सकता है राज:** वहीं घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल टीम को अहम सुराग मिले है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रात में ऑर्केस्ट्रा गर्ल के साथ डांस कार्यक्रम था। युवक उस दौरान डांसर के साथ डांस कर रहा था। रात में भी विवाद की बात सामने आई है। पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है। दूसरी तरफ कार्यक्रम स्थल से महज थोड़ी दूर अंकित नाम के युवक का घर है। उसके घर की छत पर एक बूंद खून मिला है। उसी से अंदाजा लगाकर एफएसएल की टीम ने सैंपल लिया है। फिंगर प्रिंट, फुट प्रिंट,कपड़े, मिट्टी एवं टूटे बाल के साथ अन्य महत्वपूर्ण सैंपल को इकट्ठा किया गया है।

**हत्या के बाद सबूत मिटाने की कोशिश:** पुलिस को शक है कि छत पर हत्या करने के बाद खून के धब्बों को आरोपियों ने पानी से धो दिया था, ताकि पुलिस को कोई साक्ष्य नहीं मिले। यह अंदाजा लगाया जा रहा है नीरज को छत पर ले जाकर उसकी हत्या की गई है और फिर उसे खेत में फेंक दिया गया है।

**बैगन के खेत में मिला था शव:** नीरज का कई वीडियो फुटेज में मिला है। वीडियो फुटेज में वो महिला डांसर के साथ ठुमके लगाते नजर आ रहा है। काफी खुश दिख रहा है। नाच प्रोग्राम के दौरान नीरज बार-बालाओं को पैसा देते नजर आ रहा है। लेकिन सुबह होते ही उसकी हत्या कर दी जाती है। शव को आयोजन स्थल से करीब 300 मीटर की दूरी के बैगन के खेत में फेंक दिया जाता है।

खेत में कहीं-कहीं खून के धब्बे और उसके टूटे बाल भी पाए गए हैं। हत्या के बाद नीरज के पास से पुलिस को उसका मोबाइल नहीं मिला है।

# भोजपुर में हिस्ट्रीशीटर अरेस्ट

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के चौरी थाना के कोलोडिहरी गांव स्थित एक घर में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक देसी कार्बाइन, दो राइफल और एक देसी कट्टा बरामद किया है। साथ ही एक हिस्ट्रीशीटर को धर-दबोचा है। पकड़ा गया अपराधी चौरी थाना क्षेत्र के कोलोडिहरी निवासी पूर्णवाशी यादव है। इधर,पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि उसका पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। जेल से जमानत पर छूट कर बाहर आया था। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चौरी थाना क्षेत्र के कोलोडिहरी गांव निवासी पूर्णवाशी यादव अपने गौशाला में काफी संख्या में अवैध हथियार छुपा कर रखा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसके बाद पीरो डीएसपी राहुल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । इसके बाद कोलोडिहरी गांव निवासी पूर्णवाशी यादव के गौशाला के पास छापामारी की गई । इस दौरान हुआ पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। जिसे खदेड़ कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर इमादपुर के राजपुर गांव निवासी पिंटू सिंह के घर पर भी छापेमारी की गई । उसके यहां से भी एक देसी राइफल,एक देसी कट्टा एवं 5 जिंदा गोली बरामद किया गया। चार अवैध हथियारों के अलावा आठ गोली व एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। एसपी नीरज कुमार ने बताया कि पकड़ा गया पूर्णवाशी यादव का पूर्व से भी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। साल 2019 से ही पुलिस फाइलों में चार्जशीटेड रहा है। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं आर्म्स एक्ट समेत अन्य किसी है।

# वाहन चेकिंग व रोको-टोको अभियान में 11 गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर



पिछले 24 घंटे में जिले के अलग-अलग इलाकों में चलाए वाहन चेकिंग व रोको-टोको अभियान में पुलिस ने 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। शराब के सेवन में 4, शराब बरामदगी में 2 तथा 5 अभियुक्त को अन्य मामलों गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने 1 लाख 30 हजार 500 रुपए जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि 2 पहिया व 4 पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें यह जुर्माने की राशि वसूल की गई है। डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन कराने को लेकर जिले के विभिन्न इलाकों में दिन रात सघन वाहन चेकिंग अभियान व अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। ताकि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई जा सके। जिसके तहत जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान व रोको टोको अभियान चलाकर जुर्माने की राशि वसूल की जा रही है। व अपराधियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसीके तहत पिछले 24 घंटे में बक्सर पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे बिजलीकर्मियों का विरोध

निज संवाददाता। बक्सर



- बक्सर में लोग बोले-पुराने मीटर ही ठीक, बोले-रिचार्ज कर बिजली यूज करना संभव नहीं

बक्सर के महरौरा गांव में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे कर्मियों का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। इसके कारण बिजली कर्मी बिना मीटर लगाए ही वापस लौट गए। वहीं गांव के ही ललन चौधरी के घर लगे स्मार्ट मीटर को भी ग्रामीणों ने उखाड़ फेंका। विद्युत विभाग के निर्देशानुसार डुमरांव के विभिन्न वार्डों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना है। शहर के कई मुख्य वार्डों में स्मार्ट मीटर लग गया है। महरौरा पहुंचे विद्युत कर्मी अभी पहला मीटर लगा ही रहे थे, तभी सैकड़ों की संख्या में मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसका विरोध करना शुरू किया। विद्युत कर्मी स्मार्ट मीटर को विद्युत विभाग के निर्देश पर लगाने की लाख दलीलें देते रहे, लेकिन ग्रामीणों ने उनकी एक न सुनी। वार्ड संख्या-16 के वार्ड पार्षद अनिल कुमार राय ने बताया कि महरौरा गांव की शत फीसदी आबादी मजदूरी और खेती बाड़ी कर अपनी आजीविका चलाती है। ऐसे में रिचार्ज कर बिजली का उपभोग करना संभव नहीं है। एक तो आर्थिक असक्षमता और ऊपर से साक्षरता के अभाव में प्रतिदिन रिचार्ज कर विद्युत का उपभोग करना संभव नहीं है। ऐसे में मैनुअल मीटर को ही रहने दिया जाए। अगर जोर जबरदस्ती की गई तो वो सड़क पर भी उतरेंगे। इस दौरान बिजली विभाग के कर्मियों ने लोगों को स्मार्ट मीटर लगाने के फायदे गिनाते हुए समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग विरोध पर अड़े रहे। बता दें कि डुमरांव शहर में बिजली उपभोक्ताओं की कुल संख्या 11 हजार 500 है। अभी तक 4000 उपभोक्ताओं के घर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लग चुका है। बिजली कंपनी ने अप्रैल तक सभी उपभोक्ताओं के घरों में प्रीपेड मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन मीटर की कमी व विरोध के कारण प्रीपेड मीटर लगाने का काम निर्धारित अवधि में पूरा नहीं हो पाया है, जिसके बाद कंपनी ने पुनः स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू किया है। बिजली विभाग का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश ऊपर से ही आया है।

# पीएम मोदी 16 मई को आजमगढ़ में करेंगे जनसभा, कई लोकसभा क्षेत्रों को साधेंगे प्रधानमंत्री



**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव की सरगर्मी जिले में तेज हो गई है। सपा की ओर से जिले में इंडिया गठबंधन की रैली आयोजित करने की तैयारी की गई है। वहीं अब जिले में 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है। इस दौरान वह लालगंज सुरक्षित सीट के निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित गंधुवई में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन के साथ ही पार्टी कार्यकर्ता भी जी-जान से जुट गए हैं।

जनपद में चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। समाजवादी पार्टी की ओर से मंदुरी एयरपोर्ट के पास इंडिया गठबंधन की रैली कराने की तैयारी की जा रही है। जिसमें राहुल गांधी, ममता बनर्जी, स्टालिन, केजरीवाल, फारुक अब्दुल्ला आदि के शामिल होने की उम्मीद है। इस रैली को 13 मई के बाद आयोजित होने की बात सपा नेताओं द्वारा कही जा रही है। अभी इंडिया गठबंधन के रैली की डेट फिक्स हो उसके पहले ही भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री की जनसभा का कार्यक्रम निर्धारित हो गया।

### जनसभा के जरिए कई लोकसभा क्षेत्रों को साधेंगे पीएम

16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लालगंज सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र के निजामाबाद स्थित गंधुवई गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम शनिवार की देर रात फिक्स हुआ। लोकसभा क्षेत्र अंबेडकर नगर और जौनपुर की सीमा से जुड़ती है। यह जनसभा भले ही आजमगढ़ और लालगंज लोकसभा क्षेत्र के लिए आयोजित हो रही है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जनसभा के जरिए कई लोकसभा क्षेत्रों को साधेंगे। कार्यक्रम निर्धारित होते ही जिला प्रशासन और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पदाधिकारी जनसभा की तैयारियों में जुट गए हैं।

## पीएम के रोड शो की बैरिकेडिंग के लिए घट गई बांस-बल्ली, सड़कों पर कई जगह लगाई गई स्टील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के लिए की जा रही बैरिकेडिंग की बल्लियां घट गई। इसके बाद कई जगह सड़कों पर स्टील की बैरिकेडिंग लगाई गई। साथ ही आसपास के जिलों से 500 बल्लियां मंगाई गई। इसके अलावा 950 और बल्लियों का ऑर्डर दिया गया है। उधर, लंका-गोदौलिया मार्ग पर जगह-जगह पैचिंग की गई और वरेका की सड़कों की पिचिंग के साथ रंग-रोगन कर चकाचक बनाया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन के कई महकमे शनिवार को तैयारी में जुटे रहे। देर शाम तक जिला प्रशासन के अंदरखाने में प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट को बढ़ने-घटने को लेकर भी मंथन चलता रहा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और ठेका लेने वाली एजेंसी के लगभग 100 कर्मी दिनभर प्रधानमंत्री के आवागमन और रोड शो रूट की वैरिकेडिंग करते रहे।

प्रधानमंत्री के पांच किलोमीटर के रोड शो के लिए 5000 से 6000 बल्लियों की जरूरत थी। मगर, बल्लियां कम पड़ गईं। काम प्रभावित होने लगा तो पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने स्टील की वैरिकेडिंग करवाई। इससे भी बात नहीं बनी तो आसपास के जिलों से बल्लियां मंगाई गईं।

इससे पूर्व लंका से पीएम के रोड शो रूट की सड़कों पर जगह-जगह पैचिंग की गई। पीएम की नजर जहां तक पहुंच सकती है, उन सभी पॉइंट्स को सजाने का प्रयास किया गया। लहरतारा-मंडुवाडीह और भिखारीपुर-सुंदरपुर मार्ग पर जगह- जगह सड़कों को दुरुस्त किया गया।

भिखारीपुर तिराहे पर अधूरी सड़क को पीडब्ल्यूडी ने पूरा कराया। लंका से शुरू होकर विश्वनाथ धाम तक जाने वाले प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए रूट की सड़कों की साफ-सफाई कराई गई। बंगाली टोला, मदनपुरा, सोनारपुरा की सड़कों पर भी पैचिंग और बैरिकेडिंग की गई। पीडब्ल्यूडी ने जगह-जगह डिवाइडरों पर रंग रोगन कराया। उधर बरेका ने भी अपने क्षेत्र की सड़कों पर पिच बिछाने के साथ सफेद पट्टी लगाकर उन्हें दुरुस्त कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया सेंटर का किया शुभारंभ, लोगों से पूछा हालचाल



**वाराणसी।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कैंट क्षेत्र के होटल डी-पेरिस में मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान गृह मंत्री ने मीडिया के लोगों से मिलकर हालचाल पूछा।

गृह मंत्री अमित शाह पीएम मोदी के रोड शो की तैयारियों का जायजा लेने के लिए काशी में हैं। शनिवार की शाम गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो और नामांकन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति बनाई।

### सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ धाम में किया दर्शन-पूजन, बाबा काल भैरव का लिया आशीर्वाद



**वाराणसी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार की सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ का विधि-विधान से दर्शन-पूजन व जलाभिषेक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो और नामांकन के क्रम में सीएम योगी काशी में हैं। रविवार की सुबह मुख्यमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से बाबा का पूजन-अर्चन किया।बाबा के शरण में शीश झुकाकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत की कामना की।

### गिरी विमान यात्रियों की संख्या, जनवरी की तुलना में आधी रह गईं फ्लाइट, कई डेली सर्विसेज हुईं वीकली



**अयोध्या, एजेंसी।** रामनगरी के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली कई सीधी फ्लाइटों का संचालन इन दिनों ठप है। यात्रियों की कमी और विमान कंपनियों में हो रही उठापटक इसकी प्रमुख वजह मानी जा रही है। अयोध्या से चेन्नई और कोलकाता की रोजाना फ्लाइट मौजूदा समय में वीकली कर दी गई है। मुंबई के लिए भी सिर्फ एक ही फ्लाइट बची है। जबकि शुरुआती दौर में करीब 18 विमान प्रतिदिन रामनगरी से उड़ान भरते थे, अब ये संख्या घटकर आधी रह गई है। अयोध्या से चेन्नई के लिए स्पाइसजेट ने रोजाना फ्लाइट शुरू की थी, जो अब सिर्फ सप्ताह में दो दिन बृहस्पतिवार और रविवार को चल रही है।

# भाई की हत्या में था मुख्य गवाह, सुबह बातचीत के लिए बुलाया, दोपहर में हो गई मौत

**गोरखपुर , एजेंसी।** बड़े भाई की हत्या के केस में मुख्य गवाह बने गंगेश दत्त पांडेय उर्फ गगन की शनिवार दोपहर संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिवार के लोगों का आरोप है कि बातचीत के लिए युवक को बुलाकर जहर देकर मार दिया गया। युवक की भाभी ने कैंट थाने में गोरखपुर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर व उनके बेटे समेत पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। उधर, गंगेश के मोबाइल फोन के कॉल डिटेल की भी जांच पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक, दक्षिणी बेतियाहाता, फलमंडी के पास रहने वाले गंगेश दत्त पांडेय उर्फ गगन ( 35 वर्ष) शनिवार दोपहर करीब 12 बजे अपने दो पहिया वाहन से जाते समय गणेश चौक के पास लड़खड़ा कर गिर गए।

पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी पुलिस ने परिवार के लोगों को दी गई। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने बताया कि पूर्व में बड़े भाई की हत्या में गंगेश मुख्य गवाह था। हत्या का केस इस समय न्यायालय में विचाराधीन है।

आरोप लगाया कि इसी रंजिश में उसकी जहर देकर हत्या की गई है। योगेश की पत्नी पुष्पा का आरोप है कि समझौता करने के लिए हत्यारोपी उनके परिवार पर दबाव बना रहे थे। सेवानिवृत्त प्रोफेसर के एक शिष्य ने बातचीत करने के बहाने शनिवार की सुबह उनके देवर गंगेश को बुलाया था।

पुष्पा देवी ने कैंट थाना पुलिस को इस संबंध में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गंगेश को जहरीला पदार्थ दिया गया। जिसकी वजह से रास्ते में मौत हो गई।

### वर्ष 2017 में हुई थी हत्या

फल मंडी के पास रहने वाले जटाशंकर पांडेय के बड़े पुत्र योगेश दत्त पांडेय की हत्या 2017 में हुई थी। इस मामले में परिजनों ने सेवानिवृत्त प्रोफेसर, उनके स्कूल का संचालन देख रहे उनके बेटे समेत चार लोगों पर केस दर्ज कराया था। योगेश के छोटे भाई गंगेश दत्त पांडेय इस केस में मुख्य गवाह थे।

# कांग्रेस का दावा- तीन चरणों के रुझान इंडिया गठबंधन के पक्ष में, 63 प्रतिशत वोट सपा-कांग्रेस के साथ



**लखनऊ , एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन 80 सीट में मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। गठबंधन में सपा, आप, किसान यूनियन, लोकदल समेत 33 दल शामिल हैं। इनके बेहतर समन्वय से हम 80 सीट पर कड़ी चुनौती दे रहे हैं। कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि जनता केंद्र की सरकार को बदलने का निर्णय ले चुकी है। तीन चरण के चुनाव का रुझान इंडिया के साथ है। अगले 4 चरण में यह और भी बेहतर होगा। लगभग 63 प्रतिशत वोट इंडिया गठबंधन के साथ साफ-साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश की सरकार तानाशाह है। वह अपने मन की बात करती है, जनता के मन की बात नहीं सुनती है।

अविनाश पांडेय ने कहा कि भाजपा के लोगों ने बस सपना दिखाया, हकीकत में कुछ नहीं किया गया है। गरीबी, आतंकवाद खत्म नहीं हुआ। लोगों के खाते में पैसे आए नहीं, रोजगार मिला नहीं। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल हुई है। चंद लोगों को देश की संपदा बांटी जा रही है। संविधान बदलने की जो तैयारी है, वह खतरनाक है। आज लोकतंत्र खतरे में है। भाईचारा कमजोर हुआ है, इसे बेहतर करने के लिए लोग इंडिया गठबंधन की सरकार बनायेंगे।

### गठबंधन की एकता से भाजपा परेशान

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर लखनऊ व मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र और लखनऊ पूर्वी विधानसभा के उप चुनाव के दृष्टिगत समन्वयक बैठक हुई। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन की एकजुटता से भाजपा की सरकार और उनके नेता परेशान हैं। उनको लगने लगा है कि जिस तरह से जनता का भरपूर समर्थन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को मिल रहा है, उससे उनकी झूठ की दुकान पूरी तरह बंद होने वाली है।

बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा, मोहनलालगंज से प्रत्याशी पूर्व मंत्री आरके चौधरी, मुकेश सिंह चौहान, शिव पाण्डेय, श्याम किशोर शुक्ला, सतीश अजमानी, डॉ. आरपी त्रिपाठी, आप के प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन सर्वजीत सिंह मक्कड़, लोकसभा लखनऊ के समन्वयक एखलाक अहमद आदि उपस्थित थे।

# बिजली निगम की एक नासमझी, लाइनमैन की जान पर भारी- गंभीर अवस्था में चल रहा इलाज

**गोरखपुर, एजेंसी।** झरना टोले में बिजली मरम्मत के दौरान आपूर्ति शुरू होने से झुलसे लाइनमैन नवीन चौधरी का बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सर्जरी वार्ड में इलाज चल रहा है। भर्ती लाइनमैन की स्थिति नाजुक है। दूसरे दिन शुक्रवार को भी उनके कान से खून आता रहा। वहीं इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में एसएसओ को हटा दिया गया है।

बिछिया क्षेत्र के सिंहासनपुर निवासी, संविदा लाइनमैन नवीन चौधरी के भाई सचिन चौधरी ने बताया कि न्यूरो और ईएनटी सर्जन देखेंगे, इसके बाद आगे के इलाज के बारे में बताएंगे। सिर की हड्डी टूट जाने के कारण कान से खून आ रहा है, जबकि गला, छाती, दाहिना पैर और हाथ झुलस गया है।




विद्युत उपकेंद्र नीना थापा के झरना टोला में शट डाउन के दौरान दूसरे फीडर की बिजली कटने के कारण यह हादसा हुआ। इस मामले में बिजली निगम ने एसएसओ की सेवा प्रदाता एजेंसी भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम को पत्र लिखकर एसएसओ को हटाने की सिफारिश की थी। शाम को सेवा प्रदाता एजेंसी ने एसएसओ को पद से हटाने की जानकारी निगम को दी।

विभिन्न मांगों को लेकर बिजली निगम के कर्मचारियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मुख्य अभियंता से वार्ता हुई। उनके आश्वासन और मांगे माने जाने के भरोसे के बाद प्रदर्शन खत्म किया। कर्मचारी नेता अजय शाही ने बताया कि अगर निगम की तरफ से तकनीकी रूप से दक्ष लोगों को एसएसओ पद पर रखा जाता तो ये हादसा नहीं होता।

सभी सैनिक कल्याण की तरफ से तैनात एसएसओ की शैक्षणिक योग्यता और तकनीकी परीक्षण की जांच हो। इसी आधार पर इन्हें तैनाती दी जाए।

### अर्थिंग चेन होती तो नहीं होता हादसा

बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार अर्थिंग चेन होती तो नवीन चौधरी हादसे के शिकार नहीं होते। अर्थिंग चेन लाइनमैन के पास होती, तो वे बिजली जोड़ने से पहले तार को उसके ऊपर फेंकते तो स्पार्किंग से पता चल जाता है कि बिजली है। यदि बिजली होती थी तो ट्रिपिंग से आपूर्ति बंद हो जाती। इसके साथ ही ठेकेदारों की लापरवाह से श्रमिक हेलमेट और सेफ्टी बेल्ट आदि उपकरण के बिना ही मरम्मत कार्य कर रहे हैं।

अधिशासी अभियंता मोहद्दीपुर लवलेश कुमार ने बताया कि झुलसे लाइनमैन को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां बेहतर ढंग से इलाज कराया जा रहा है। इस मामले में लापरवाही करने वाले एसएसओ को हटा दिया गया है।

# डीडीयू में इसी सत्र से शुरू हो जाएगी फार्मेसी की पढ़ाई, नहीं जाना होगा घर- शहर से दूर

**गोरखपुर, एजेंसी।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सत्र 2024-25 से ही फार्मेसी की भी पढ़ाई होगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। विश्वविद्यालय ने सीटों की संख्या को तय कर लिया है। डी फार्मा और बी-फार्मा में 60-60 सीटें होंगी। जल्द ही विद्या परिषद की बैठक में इसे स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

साथ ही जल्द ही पीसीआई (फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया) की टीम निरीक्षण के लिए आ सकती है। विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी का संचालन पूर्वांचल विकास बोर्ड वाले भवन में होगा। वहां से पूर्वांचल विकास बोर्ड के दफ्तर को हटाकर जीरो वेस्ट सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया है।

अब यह बिल्डिंग पूरी तरह खाली हो गई है। फार्मेसी की



बिल्डिंग में इंक्यूबेशन सेंटर के लिए भी जगह दी जाएगी। फार्मेसी की जरूरत के अनुसार लैब और क्लास रूम का काम शुरू हो गया है। जल्द ही फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की टीम इसका निरीक्षण कर सकती है। उससे हरी झंडी मिलने के बाद विश्वविद्यालय इसके लिए प्रवेश शुरू कर देगा।

इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के अंतर्गत बैचलर इन फार्मेसी और डिप्लोमा इन फार्मेसी के पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें होंगी। पहले साल पढ़ाई के लिए छह लैब तैयार किए जा रहे हैं। इसके बाद इसे बढ़ाकर 12 कर दिया जाएगा। लैब के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद शुरू हो गई है। इसके साथ ही पाठ्यक्रम से संबंधित किताबों की खरीदारी की भी शुरुआत हो गई है।

### प्रो. सोम शंकर बने निदेशक

विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की स्थापना फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत होनी है। इसके सुचारू संचालन के लिए रसायन शास्त्र विभाग के प्रो. सोम शंकर को निदेशक नियुक्त किया गया है। फार्मेसी से जुड़े प्रस्ताव को आगामी 24 मई को होने वाली विद्या परिषद की बैठक में भी रखा जाएगा।

### अगले सत्र तक तैयार हो जाएगी एक और मंजिल

फार्मेसी की शुरुआत में दो बैच ही होंगे, ऐसे में इनकी कक्षाएं इस भवन में संचालित हो जाएंगी। लेकिन अगले सत्र से दो बैच और बढ़ने के बाद इसमें समस्या आ सकती है। इसके लिए विश्वविद्यालय, पूर्वांचल विकास बोर्ड वाले भवन में एक और मंजिल बनाने जा रहा है। अगले साल तक यह तैयार हो जाएगी। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि विश्वविद्यालय में इसी सत्र से फार्मेसी की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसको लेकर तैयारियां काफी तेज हैं। बी फार्मा और डी-फार्मा के लिए सीटों का निर्धारण हो गया है। इसको जल्द ही विद्या परिषद की बैठक में रखा जाएगा।

# स्मृति ईरानी ने दी राहुल-प्रियंका को बहस करने की खुली चुनौती, कहा-तय कीजिए जगह और एंकर




**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी से चुनाव लड़ रहीं स्मृति ईरानी ने राहुल और प्रियंका को बहस करने की खुली चुनौती दी है। मालूम हो कि राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि वह मोदी से बहस कर सकते हैं लेकिन मोदी उनसे बहस नहीं करेंगे। अब इस पर स्मृति ईरानी ने पलटवार किया है। स्मृति ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को चुनौती दी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस खुद मुद्दों से भाग रही है।

सांसद स्मृति ईरानी ने प्रियंका गांधी के बयान पर जवाब देते चुनौती दी और कहा कि मेरी आज इन सबको चुनौती है..आप अपना चैनल पिक करिए, एंकर चुनिए..मुद्दा चुनिए..स्थल चुनिए.. तारीख चुनिए..दोनों भाई बहन एक तरफ और भाजपा के एक प्रवक्ता एक तरफ़..दूध का दूध, पानी का पानी वहीं हो जाएगा किसमें कितना दम है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद मुद्दों से भाग रही है। अगर मुद्दों पर बात करने का दम है तो फिर कहती हूं चैनल बताएं, रिपोर्टर बताएं..स्थल बताएं..तारीख बताएं.. मुद्दा बताएं. हमारी पार्टी से सुधांशु त्रिवेदी जी है काफी हैं। दोनों भाई-बहन एक तरफ और त्रिवेदी जी एक तरफ..पता चल जाएगा।

### राहुल ने कहा था कि मोदी बहस नहीं करेंगे

राहुल गांधी शनिवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम में थे। संविधान रक्षा से जुड़े एक कार्यक्रम में राहुल से सवाल पूछा गया कि क्या वह खुले मंच पर मोदी से बहस कर सकते हैं। इसके जवाब में राहुल ने कहा कि वह पीएम से बहस कर सकते हैं लेकिन वह पीएम को जानते हैं। पीएम उनके साथ बहस नहीं करेंगे। राहुल ने यह भी कहा कि पीएम मोदी के साथ बहस करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष खरगे भी तैयार हैं।

संक्षिप्त समाचार

## एके-47 के सप्लायर की तलाश में दीमापुर निकली पुलिस टीम

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** फकुली थाना के मनकौली से एके-47 जब्ती मामले में सप्लायर की तलाश में जिला पुलिस की टीम नागालैंड के दीमापुर भेजी गई है। आईजी शिवदीप वामनराव लांडे के आदेश पर 10 सदस्यीय टीम रवाना हुई है। यह टीम दीमापुर में एके-47 के सप्लायर की तलाश करेगी। दीमापुर में गैरेज चला रहा गोपालगंज का अहमद अंसारी मेन सप्लायर है। वह एके-47 को पार्ट्स-पार्ट्स बनाकर विकास और सत्यम जैसे तस्कर के जरिए अपराधियों और शराब धंधेबाजों को हथियार भेज रहा है। गोपालगंज के अहमद का मोबाइल नंबर के आधार पर भी उसका ट्रेस लगाया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के बाद नागालैंड में बॉर्डर पार से पहुंच रहे एके-47 के नेटवर्क का खुलासा हो पाएगा। उससे पूछताछ के आधार पर नागालैंड में कई अन्य की गिरफ्तारी भी संभव है। बता दें कि पुलिस टीम ने मुजफ्फरपुर स्टेशन पर जैतपुर थाना के पोखरैरा निवासी विकास कुमार और हाजीपुर अंजानपीर मोहल्ला के सत्यम कुमार को एके-47 की बट और दूरबीन के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों से पूछताछ में पता चला कि पार्ट्स-पार्ट्स करके लाए गए के-47 को कुढ़नी के मुखिया भाला राय के पुत्र देवमणि राय से बेची गई है। इसके बाद पुलिस टीम ने फकुली थाना के मनकौली गांव में देवमणि को उसके घर की घेराबंदी करके पकड़ा गया। उसने पूछताछ में कहा कि एके-47 को घर के पास श्मसानघाट में पुलिया के नीचे छिपाकर रखा है। पुलिस ने हथियार बरामद कर मामले की एफआईआर फकुली थाने में दर्ज की है।

## जमीन विवाद में दो गुट भिड़े, रोड़ा लगने से बुजुर्ग की मौत

**मुजफ्फरपुर/गायघाट, एजेंसी।** बेनीबाद थाना क्षेत्र के सुस्ता में शनिवार को दो गुटों के बीच भूमि विवाद में जमकर रोड़ेबाजी हुई। इसमें बुजुर्ग के सीने में रोड़ा लगने से मौत हो गई। उसकी पहचान सत्यनारायण राय (68) के रूप में की गई है। घटना में सत्यनारायण का भतीजा संजय राय व दूसरे गुट का चंद्रप्रकाश राय जख्मी हो गया। संजय राय ने बताया कि छह कट्ठा जमीन को लेकर दोनों गुटों में पूर्व से विवाद चला आ रहा है। शनिवार को दूसरे गुट के सुंदरेश्वर राय ने खेत में लगे मक्के की फसल काट लिया। विरोध करने पर दोनों गुटों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान जमकर रोड़ेबाजी हुई, जिसमें सीने पर रोड़ा लगने से सत्यनारायण राय की मौके पर मौत हो गई, जबकि संजय राय व चंद्रप्रकाश राय जख्मी हो गए। परिजन आनन-फानन में सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने सत्यनारायण को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या में शामिल जख्मी चंद्रप्रकाश को हिरासत ले लिया है। घटना के बाद से अन्य आरोपित फरार हैं। बेनीबाद थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। वहीं अन्य आरोपितों को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इधर, सत्यनारायण की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बिहार में आंधी-आकाशीय बिजली से 11 की मौत, 8 जिलों में अलर्ट

## 24 घंटे में औरंगाबाद सबसे गर्म जिला रहा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के 8 जिलों में आज भी बारिश का अलर्ट है। वही मुजफ्फरपुर में अचानक मौसम का मिजाज बदला है, और तेज बारिश शुरू हो गई है। सीतामढ़ी में भी सुबह-सुबह बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी और पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में बारिश होने की आशंका जताई है। 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया हैं।

शनिवार की शाम प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। इस दौरान ठनका गिरने से 10 और आंधी के दौरान छत से गिरने पर एक की जान चली गई। नवादा में भारी ओलावृष्टि भी हुई।

मौसम विभाग की माने तो बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवा की वजह से पूर्वोत्तर बिहार पर अभी भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है, जो पूर्वोत्तर बिहार से उत्तरी ओडिशा और झारखंड की ओर जा रही है। इन मौसमी घटकों की वजह से 13 मई तक पटना समेत पूरे बिहार में गर्मी से लोगो को राहत मिलेगी।



कटिहार के बारसोई में 6 एमएम और रोहतास के नौहट्टा में 0.2 एमएम बारिश हुई।

### कटिहार में 6 एमएम बारिश हुई

उत्तर बिहार में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इसी वजह से मौसम में बदलाव हुआ है। पिछले 24 घंटे में

### 24 घंटे में औरंगाबाद सबसे गर्म रहा

अगले 48 घंटे में राज्य के अधिकतम तापमान में काई खास बदलाव नहीं होगा। उसके बाद 3-4 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। शनिवार को पटना समेत राज्यभर का पारा 40 डिग्री से नीचे रहा। औरंगाबाद सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री दर्ज किया गया जो शुक्रवार से 1.4 डिग्री अधिक है। पटना का अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहा। शुक्रवार से यह 1.5 डिग्री अधिक है। सबसे कम अधिकतम तापमान समस्तीपुर में 32.2 डिग्री रहा। पूरे बिहार का अधिकतम तापमान सामान्य से 1 से 5.9 डिग्री तक कम दर्ज किया गया। 13 मई को बेगूसराय, मुंगेर, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में चुनाव होना है। उस दिन मौसम मेहरबान रहेगा।

### आंधी- आकाशीय बिजली से 11 की मौत

शनिवार की शाम प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। इस दौरान ठनका गिरने से 10 और आंधी के दौरान छत से गिरने पर एक की जान चली गई। नवादा में भारी ओलावृष्टि भी हुई। जानकारी के अनुसार, रोहतास के बिक्रमगंज इलाके में आंधी और बारिश के दौरान ठनका गिरने से अलग-अलग जगहों पर 10 लोग झुलस गए, जिनमें 5 की मौत हो गई। गया में 3, नवादा के नारदीगंज और जमुई में 1-1 लोगों की जान गई। वहीं औरंगाबाद में आंधी के कारण छत से गिरने पर मजदूर की मौत हो गई।



## मतदाता जागरूकता के लिए अपनी टीम के साथ दौड़े एसएसपी

**गया, एजेंसी।** जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले गया जिला की अतरी विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एसएसपी आशीष भारती ने 8 किलोमीटर मैराथन दौड़ लगाई। उनके साथ अन्य विभाग के अधिकारी और कर्मी भी दौड़ में शरीक हुए और क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। गया पुलिस एवं गया प्रशासन के सहयोग से गेहलौर के ऐतिहासिक दशरथ मांझी द्वार से तेतर डैम तक कुल 08 किलोमीटर का मैराथन आयोजित किया गया। इस 8 किलोमीटर की दौड़ में क्षेत्रीय लोगों ने भी अपनी भागीदारी निभाई। गांव देहात में इस तरह की पहली बार पहल को देखते हुए लोग गदगद थे। इस मैराथन दौड़ में बहुत सारे लोगों ने विशेष कर कई युवाओं ने भाग लिया। साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक, गया, एसडीएम नीमचक बथानी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीमचक बथानी, सीओ, बीडीओ मोहरा,खिजरसराय प्रखंड, अंचल निरीक्षक, नीमचक बथानी, थानाध्यक्ष अतरी,गेहलोर,महाकार, खिजरसराय, नीमचक बथानी, अन्य प्रशासनिक , पुलिस पदाधिकारी, कर्मी, बीएलओ, जीविका दीदियों ने भी इस मैराथन में हिस्सा लिए। दौड़ का आयोजन गया जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। इस मौके पर एसएसपी ने लोगों से अपील की वे बड़ी संख्या में 1 जून को अपने अपने घरों से निकल कर मतदान करें। मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मतदान एक बड़ा अधिकार है। इसका इस्तेमाल जरूर किया जाना चाहिए। मतदान मजबूत लोकतन्त्र का प्रमुख अंग है। इसलिए देश हित में 1 जून को घर से निकल जरूर मतदान करें।

## 2025 के बिहार चुनाव से पहले 10 लाख लोगों को नौकरी नहीं मिली तो वोट मांगने नहीं आऊंगा, सम्राट चौधरी का ऐलान



**साहेबपुर, एजेंसी।** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने दावा किया है कि 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले 10 लाख लोगों को नौकरी और रोजगार मिल जाएंगे। बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने ऐलान किया कि अगर युवाओं को 10 लाख नौकरी नहीं मिली तो 2025 के विधानसभा चुनाव में वे वोट मांगने नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार विकास का ऐतिहासिक कार्य किया और सुशासन स्थापित किया है।

बिहार बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शनिवार को साहेबपुर कमाल प्रखंड के सनहा पश्चिम पंचायत स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय मैदान में बेगूसराय से बीजेपी प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश एवं बिहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वह मोदी और नीतीश का संदेश लेकर आए हैं। 2025 के विधानसभा चुनाव तक बिहार के 10 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर नहीं मिले तो वोट मांगने नहीं आएंगे।

उन्होंने पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग नीतीश सरकार में रहते नौकरी देने का दावा कर रहे हैं। उनसे पूछें कि जब उनके पिता और माता मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने कितनी नौकरियां दी थीं।

सम्राट ने आगे कहा कि एनडीए सरकार ने अब तक बिहार में अभूतपूर्व काम किया है। यह आगे भी बिहार का विकास करेगी और रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने आरजेडी पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग अपने परिवार के विकास में जुटे हैं। पहले पत्नी फिर बेटे एवं अब बेटियों की चिंता सता रही है। ऐसे लोगों को बिहार के विकास की चिंता नहीं है। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए प्रत्याशियों को वोट देकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।



# हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार, 1 देसी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस बरामद

### बदमाशों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही पुलिस

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में हथियार के साथ पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से 1 देसी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस और बाइक जब्त किया है। आधी रात वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को बाइक सवार दो संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही दोनों को भागने लगे लेकिन पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। वहीं तलाशी के क्रम में पकड़े गए बदमाश के पास से अवैध हथियार बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस पकड़े गए दोनों बदमाशों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस के हत्थे चढ़े बदमाशों की पहचान सरसी थाना क्षेत्र के जियनगंज वार्ड 4 निवासी मनीष कुमार उर्फ बुटन यादव जबकि दूसरे की पहचान के.नगर थाना क्षेत्र के प्रसादपुर वार्ड 1 निवासी सुभाष कुमार के रूप में हुई है।

### वाहन चेकिंग के दौरान किया अरेस्ट

जानकारी देते हुए बनमनखी एसडीपीओ हुलास कुमार ने कहा कि चुनाव के बाद होने वाली आपराधिक घटनाओं को देखते हुए एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर जिले में सघन छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इसी को लेकर सरसी थाना की पुलिस एनएच 107 स्थित लिबरी पूल के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी क्रम में पुलिस को रात गए करीब 1 बजे बाइक सवार दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। वहीं पुलिस को वाहन चेकिंग करते देखकर बदमाश अपनी बाइक घुमाकर सरसी की ओर भागने लगे। हालांकि वो भागने में कामयाब होते इससे पहले ही पुलिस ने भाग रहे बाइक सवार बदमाशों का पीछा कर उन्हें पारसमणी मोड़ के पास दबोच लिया। तलाशी के क्रम में इनके पास से 1 देसी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस और बाइक बरामद हुआ। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ जारी है। पुलिस दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी जख्मी

**मुजफ्फरपुर/सकरा, एजेंसी।** सकरा थाना क्षेत्र के बिशुनपुर बघनगरी गांव में एनएच 28 पर शनिवार सुबह करीब आठ बजे अनियंत्रित ट्रक ने दो बाइक में ठोकर मार दी, जिसमें एक बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई। वहीं, उसकी पत्नी जख्मी हो गई। युवक की पहचान समस्तीपुर जिले के नौआचक गांव के मो. रमजानी के पुत्र मो. मुर्तुजा के रूप में हुई है, जबकि उसकी पत्नी रिजवाना खातून बताई जाती है। दूसरी बाइक पर सवार बरियारपुर थाना क्षेत्र के मुरीयारी के लक्ष्मण राय के पुत्र चंदन कुमार भी जख्मी हो गया। ठोकर मारकर भाग रहे ट्रक सहित चालक को ग्रामीणों ने पीछा कर मारकन चौक के पास घेर कर पकड़ लिया। उसके बाद चालक की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची सकरा थाने की गश्ती टीम ने चालक को हिरासत में ले लिया। रिजवाना खातून ने पुलिस को बताया कि पति के साथ डॉक्टर पास मुजफ्फरपुर जा रही थी। इसी दौरान ट्रक ने ठोकर मार दी। ग्रामीणों की मदद से दंपती और मुरियारी के युवक को रेफरल अस्पताल सकरा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मो. मुर्तुजा और चंदन कुमार को एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। वहां पहुंचने से पहले ही मुर्तुजा ने दम तोड़ दिया। चंदन का इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष राजू कुमार पाल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# भोजपुर में हिस्ट्रीशीटर अरेस्ट-एक कार्बाइन, रायफल और आठ गोली बरामद

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के चौरी थाना के कोलोडिहरी गांव स्थित एक घर में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक देसी कार्बाइन, दो राइफल और एक देसी कट्टा बरामद किया है। साथ ही एक हिस्ट्रीशीटर को धर-दबोचा है। पकड़ा गया अपराधी चौरी थाना क्षेत्र के कोलोडिहरी निवासी पूर्णवाशी यादव है। इधर,पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि उसका पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। जेल से जमानत पर छूट कर बाहर आया था। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चौरी थाना क्षेत्र के कोलोडिहरी गांव निवासी पूर्णवाशी यादव अपने

### जमानत पर जेल से छूटा था

गौशाला में काफी संख्या में अवैध हथियार छुपा कर रखा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसके बाद पीरो डीएसपी राहुल सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया । इसके बाद कोलोडिहरी गांव निवासी पूर्णवाशी यादव के गौशाला के पास छापामारी की गई । इस दौरान हुआ पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। जिसे खदेड़ कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर इमादपुर के राजपुर गांव निवासी पिंटू सिंह के घर पर भी छापेमारी की गई । उसके यहां से भी एक देसी राइफल,एक देसी कट्टा एवं 5 जिंदा गोली बरामद किया गया। चार अवैध हथियारों के अलावा आठ गोली व एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। एसपी नीरज कुमार ने बताया कि पकड़ा गया पूर्णवाशी यादव का पूर्व से भी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। साल 2019 से ही पुलिस फाइलों में चार्जशीटेड रहा है। सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं आर्म्स एक्ट समेत अन्य किसी है। उसके विरुद्ध दो केस चौरी थाना एवं दो कैसे पीरो थाना में दर्ज है। करीब दो साल से जेल से जमानत पर छूटकर बाहर आया था।





# रिटायर्ड प्रिंसिपल के बेटे को मारी 4 गोली

## घर के बाहर बैठा था, पूर्व में हुए गोलीबारी की सूचना देने पर की ताबड़तोड़ फायरिंग

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर बैंक कॉलोनी मोहल्ले में शनिवार की रात हथियारबंद अपराधियों ने रिटायर्ड प्रिंसिपल के बेटे को उसके घर के दरवाजे पर गोली मार दी। जख्मी युवक को चार गोली मारी गई है। परिजन ने उसे शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जख्मी युवक नवादा थाना इलाके के विष्णु नगर,बैंक कॉलोनी मोहल्ला निवासी सह रिटायर्ड प्रिंसिपल सुरेंद्र प्रसाद सिंह का 29 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष आनंद है और वह अभी सरकारी नौकरी की तैयारी करता है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार एवं नवादा थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल पहुंचे और जख्मी युवक के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर जख्मी युवक के पिता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि चैत नवमी के दिन आरोपी ने मोहल्ले के एक व्यक्ति पर फायरिंग की थी। हालांकि फायरिंग के दौरान वह बालबाल बच गए थे। आज वे लोग मोहल्ले के ही एक व्यक्ति के बेटी के जन्मदिन पार्टी में चंदवा स्थित ग्रीन हेवन रिजॉर्ट में गए थे। जब वह अपने बेटे उत्कर्ष आनंद एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पार्टी से वापस अपने घर के पास लौटे। तभी आरोपी युवक वहां आ गया और उनके बेटे से कहने लगा कि तुमने उस व्यक्ति से मेरी शिकायत क्यों की।

तब उनके बेटे ने कहा कि मैंने उनसे कोई शिकायत नहीं कि तुम उनको बुलाओ और पूछो। लेकिन वह बार-बार कहता रहा कि नहीं तुमने मेरी शिकायत की है। जब उन्होंने कहा कि अभी जाओ और रात में ही सब बात करोगे। तभी वह वहां से गया और दो अपने अन्य साथियों के साथ हथियार से लैस होकर वहां दोबारा आया और उनके बेटे को ताबड़तोड़ गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

जख्मी युवक के पिता सुरेंद्र प्रसाद सिंह गजेंद्र नमक युवक एवं उसके साथ रहे दोनो दोस्तों पर अपने बेटे को गोली मारने एवं करीब छह राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। वहीं इस मामले में सहायक पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि विष्णु नगर बैंक कॉलोनी निवासी सुरेंद्र प्रसाद सिंह के बेटे को कुछ व्यक्तियों द्वारा गोली मारी गई है। अभियुक्त की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी को लेकर हमारी टीम लग गई है।

## पूर्व जिला परिषद का पटना में निधन

**मुजफ्फरपुर/औराई, एजेंसी।** ससौली निवासी सह पूर्व जिला परिषद व औराई विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता असगर हसन उर्फ भूलन बाबू (65) का शनिवार की शाम पटना के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 2001 से 2006 तक औराई प्रखंड के क्षेत्र संख्या 41 से जिला परिषद रह चुके थे। वहीं, 2010 में कांग्रेस के टिकट पर औराई विधानसभा से कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव भी लड़े थे। वे अपने पीछे पत्नी दो बेटा व तीन बेटियां छोड़ गए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त कर गांवा सीओ ने किया थाना के हवाले

**गिरिडीह, एजेंसी।** जिले के गावां के अंचलाधिकारी अविनाश रंजन ने शनिवार सुबह अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर पकड़कर थाना के हवाले कर दिया। सीओ ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि सकरी नदी से अवैध बालू का उठाव हो रहा है। प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद बालू माफिया अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। उक्त सूचना के आलोक में जांच करने निकले सीओ ने देखा कि सकरी नदी से बालू लोड कर ट्रैक्टर तीसरी की और जा रहा था। उन्होंने बिजली ऑफिस के पास ट्रैक्टर जब्त कर गावां थाना को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चिरकुंडा में मतदाता जागरूकता रैली, मतदाताओं को दिलाई शपथ

**चिरकुंडा, एजेंसी।** चिरकुंडा नगर परिषद ने शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में मुख्यरूप से चिरकुंडा नगर परिषद के ईओ संदीप कुमार पासवान व सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन मौजूद थे। रैली चिरकुंडा नगर परिषद शुरू होकर चिरकुंडा बाजार, तालडांगा, शहीद चौक होते हुए विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में लौटकर समाप्त हुआ। इस दौरान सशक्त लोकतंत्र निर्माण की अपील की गई। वहीं मतदाता के साथ-साथ नए मतदाताओं को मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। मौके पर कनीय अभियंता उत्तम कुमार, सुपरवाइजर अमर दास, अनिल साव, चिनमय बनर्जी, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, रवि प्रजापति, भुवन राखा, राजेश बाउरी आदि मौजूद थे।

### सीबीएसई : सहायक सचिव सहित 6 पदों की भर्ती परीक्षा तिथि जारी

**धनबाद, एजेंसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से विभिन्न पदों पर होने वाली भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा तिथि जारी कर दी गई है। इसके तहत सहायक सचिव (शैक्षणिक, प्रशिक्षण व कौशल शिक्षा), जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर, जूनियर अकाउंटेंट, अकाउंट्स ऑफिसर, असिस्टेंट सेक्रेटरी, जूनियर इंजीनियर व अकाउंटेंट के भर्ती परीक्षा तिथि घोषित की गई है। परीक्षाएं ऑफलाइन मोड पर ओएमआर शीट पर होगी। सहायक सचिव (शैक्षणिक, प्रशिक्षण व कौशल शिक्षा), जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर के लिए परीक्षा तीन अगस्त को, जूनियर अकाउंटेंट व अकाउंट्स ऑफिसर की परीक्षा 10 अगस्त को और असिस्टेंट सेक्रेटरी, जूनियर इंजीनियर व अकाउंटेंट की परीक्षा 11 अगस्त को होगी।

### बालीगुमा के पास दो कार में टक्कर, तीन लोग घायल

**जमशेदपुर, एजेंसी।** एमजीएम थाना क्षेत्र के बालीगुमा के पास डिजायर कार को वैगनआर ने पीछे से टक्कर मारी। घटना में डिजायर कार में सवार एक महिला समेत तीन लोगों को चोट आई। घटना के बाद वैगनआर कार को छोड़कर सवार युवक भाग निकले। वहीं घायल कार के चालक स्वरूप दास, उसकी मां आरती दास और उसके दोस्त सचिदानंद मिश्रा का इलाज एमजीएम अस्पताल में कराया। इधर, पुलिस ने दोनों कार को जब्त कर लिया। घायल सचिदानंद मिश्रा ने बताया कि सभी धालभूमगढ़ के रहने वाले है। उनका दोस्त स्वरुप अपनी मां का इलाज कराने के लिए साकची डॉक्टर के पास आया था। लौटने के क्रम में दिन के दो बजे उनकी कार को पीछे से टक्कर मारी।

### तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

**गुमला, एजेंसी।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के कटकाही मोड के समीप वाहन की चपेट में आने से कटकाही निवासी 56 वर्षीय क्लेस्तुश तिर्की नामक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर शाम की है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से क्लेस्तुश तिर्की को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर पहुंच जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार क्लेस्तुश तिर्की साइकिल में सवार होकर कटकाही चौक कुछ सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे अपने चपेट में लेते हुए टक्कर मार मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद क्लेस्तुश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर समेत शरीर के कई अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी थी। आस-पास के लोगों की मदद से उसे तत्काल चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था, पर उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### कसियाबेड़ा, डुमरिया और मुसाबनी में घर-घर मलेरिया मरीजों की खोज

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिले में मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान तेज कर दिया गया है। मलेरिया के रेड जोन वाले इलाके सिंहपुरा सब सेंटर के कसियाबेड़ा, डुमरिया और मुसाबनी इलाके में मलेरिया विभाग के कर्मचारी और सहिया घर-घर जाकर बुखार पीड़ितों की खोज कर रहे हैं और उन्हें दवा देकर ब्लड सैंपल ले रहे हैं।चालू माह में कुल 263 लोगों की जांच की गई, जिसमें 7 मलेरिया के रोगी मिले। कसियाबेड़ा का इलाका ओडिशा की सीमा से सटा है। इस कारण पूरा इलाका रेड जोन में आता है। वहीं, डुमरिया और मुसाबनी में सर्वाधिक मरीज मिल रहे हैं। डुमरिया में इस साल अबतक 259 और मुसाबनी में 104 मलेरिया के मरीज मिल चुके हैं।

# नामांकन के दिन से ही जोड़ा जाएगा खर्च का हिसाब



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों और उनके अभिकर्ताओं के लिए समाहरणालय सभागार में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। हालांकि इसमें प्रमुख प्रत्याशी भाजपा के विद्युतवरण महतो और झामुमो के समीर कुमार मोहंती के बजाय उनके अभिकर्ता ही शामिल हुए। प्रत्याशियों और उनके अभिकर्ताओं को आदर्श आचार संहिता और चुनाव खर्च की सीमा तथा खर्च के हिसाब-किताब रखने के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।

निर्वाचन अवधि के दौरान वाहनों व रैलियों की अनुमति की प्रक्रिया तथा इस संबंध में आयोग के निर्देशों से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि नामांकन के दिन से ही चुनावी खर्च को जोड़ा जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए पूर्व में भी यदि किसी प्रकार के बैनर, पोस्टर, पंफलेट, फ्लैक्स आदि प्रिंट कराए हों तो उसकी जानकारी व्यय संधारण पंजी में रखें। उसे चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा। प्रिंटर को संबंधित दल या प्रत्याशी स्वीकृति पत्र देंगे कि कितनी संख्या में चुनावी प्रचार-प्रसार सामग्री छापनी है।

**13, 17 और 22 को होगा खर्च का मिलान**

बैठक में प्रत्याशियों के चुनावी व्यय की निगरानी किस प्रकार की जा रही, इसके बारे में विस्तार से बताया गया। व्यय पंजी का मिलान निर्वाचन अवधि में तीन बार 13, 17 एवं 22 मई को किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि मतदान एवं मतगणना समाप्त होने के उपरांत भी प्रत्याशियों के द्वारा 6 जून तक किए जाने वाले खर्च चुनावी व्यय के रूप में संधारित होगा।

**10 हजार से अधिक नकद खर्च नहीं कर सकते :** इस अवसर पर सभी प्रत्याशियों को चुनाव के लिए बनाये गए नए बैंक अकाउंट से ही सभी प्रकार का चुनावी व्यय किए जाने और नगद 10 हजार से ज्यादा खर्च नहीं करने की जानकारी दी गई। रैली, मीटिंग, नुक्कड़ सभा, स्टार कैंपेनर के प्रचार-प्रसार में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला गया। रैली में 10 वाहन से ज्यादा की अनुमति नहीं है। किसी धार्मिक, शादी समारोह, लंगर या अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों में जाने की अनुमति प्रत्याशी को है लेकिन वहां चुनाव प्रचार किया गया तो पूरा खर्च चुनावी व्यय में जोड़ा जाएगा।

**रात 10 बजे तक लाउडस्पीकर से कर सकते हैं प्रचार :** प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रचार अथवा सार्वजनिक सभाओं या जुलूस के लिए सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है। किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान की समाप्ति की निर्धारित अवधि से 48 घंटे पूर्व की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के वाहन पर या अन्य तरीके से लाउडस्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जायेगी।

मतदान के दिन बूथ के 100 मीटर के दायरे में प्रचार करने, किसी दल के कार्यकर्ता के द्वारा अन्य राजनैतिक दल की सभाओं अथवा जुलूस में बाधा डालने व मतदान की समाप्ति के 48 घंटा पहले सम्पूर्ण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक सभा, जुलूस आदि पर प्रतिबंध रहेगा। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडू, पुलिस प्रेक्षक जलिंदर डी सुपेकर, बहरागोड़ा, घाटशिला व पोटका के व्यय प्रेक्षक एसपीजी मुदलियार, व जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिम के व्यय प्रेक्षक ईश गुप्ता, जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार, आइटीडीए के परियोजना निदेशक दीपांकर चौधरी मौजूद रहे।

## पुल नहीं तो वोट नहीं ...तिसरी के खिरोद गांव के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का एलान



**गिरिडीह, एजेंसी।** जिले के तिसरी प्रखंड के खिरोद गांव के लोगों ने इस बार लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का एलान कर दिया है। नेताओं व जनप्रतिनिधियों के बड़े बोल और झूठे वादों से नाराज ग्रामीणों ने ऐसा निर्णय लिया है।

प्रखंड मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर बसे एक हजार की आबादी वाले इस गांव के लोग एक अदद पुल के लिए दशकों से तरस रहे हैं। गांव को मुख्य सड़क और तमाम सुविधाओं से जोड़ने वाली नारायणा नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामणों को रोज भारी मशक्कत करनी पड़ती है। बरसात के दिनों में जब नदी में बाढ़ आती है, तो स्थिति और नरकीय बन जाती है. स्थिति ऐसी हो जाती है कि मरीज और गर्भवती महिलाओं को खटिया पर सुलाकर नदी के उस पार सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। बरसात में कई दिनों तक बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। इतना ही नहीं बरसात के दिनों में नदी पार करने के दौरान कई मवेशियों की मौत भी हो चुकी है।

ग्रामीणों ने फरवरी 2023 में ही पुल नहीं बनाये जाने पर मिडिया के माध्यम से जनप्रतिनिधियों व राजनीतिक दलों को वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी। इसके बाद स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी ने नदी पर तीन स्पेन का पुल बनाने की अनुशंसा की थी, लेकिन आगे कुछ काम नहीं हुआ। इससे लोगों के सब्र का बांध धीरे-धीरे टूटने लगा।

शनिवार को भारी संख्या में गांव के महिला-पुरुष नारायणा नदी किनारे जुटे और मांग को लेकर आवाज बुलंद की। ग्रामीण खेमलाल पंडित ने बताया कि आजादी के बाद से ही नारायण नदी पर पुल निर्माण के लिए यहां के लोग तरस रहे हैं। उनलोगों ने क्षेत्र के नेता बाबूलाल मरांडी, अन्नपूर्णा देवी, राजकुमार यादव को समस्या से अवगत कराया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे में वोट देने से क्या फायदा। विजय पंडित ने कहा कि बरसात के मौसम में कई दिनों तक बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं। मरीजों के इलाज में भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीण बसंती देवी ने कहा कि वह अपने विवाह के समय से ही पुल की समस्या को देख रही है। चुनाव के समय नेता वोट मांगने आते हैं, तमाम तरह के वादे भी करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद भूल जाते हैं।

## रवींद्रनाथ की जन्मजयंती डीजीएमएस स्टाफ क्लब में सांस्कृतिक संध्या



**धनबाद, एजेंसी।**

रवींद्रनाथ जयंती के अवसर पर बंगाली वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से आईएसएम गेट के पास डीजीएमएस स्टाफ क्लब में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां आम लोगों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सोसाइटी के सदस्य सांस्कृतिक संध्या में भाग लिए। कार्यक्रम की शुरुआत बंगाली वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष अतनु गुप्ता और सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने कविगुरु की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और रवींद्रनाथ के विचारों पर प्रकाश डाला। सुतापा सेनगुप्ता और सोमनाथ चक्रवर्ती ने टैगोर की कविताओं का पाठ किया। दर्शकों ने बड़े ही भाव से कविताओं को श्रवण किया। साथ ही सभी कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की।

अर्नब सरकार, कुसन सेनगुप्ता और सुपर्णा बनर्जी ने अपने सुंदर गायन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कोरस गीत सुपर्णा बनर्जी, सुतापा सेनगुप्ता, कौशिकी भट्टाचार्जी, गायत्री आचार्जी और दीपश्री भट्टाचार्जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। पूरा डीजीएमएस क्लब दर्शकों की तालियों से गुंजायमान हुआ। सौमिली, रिंकी, प्रियंका और देबोप्रिया ने अपने नृत्य प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। संगीत वाद्ययंत्र सुधीर, अभिषेक और दीपक द्वारा बजाया गया। पूरे कार्यक्रम का निर्देशन और संचालन संस्था की सांस्कृतिक सचिव सुतापा सेनगुप्ता ने किया।

## स्मार्टफोन चोरी करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे, मोबाइल से जुड़े बैंक खातों से निकाले लाखों रुपये



**रांची, एजेंसी।** सीआईडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने की पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया है, जो मोबाइल चोरी कर उसके पासवर्ड को अनलॉक करता था और उससे जुड़े खातों से रुपये निकालता था।

पुलिस ने ऐसे ही गिरोह से संबंधित एक अपराधी संतोष कुमार मंडल को गिरफ्तार किया है, जो धनबाद के चिरकुंडा थाना क्षेत्र के लायकडीह का रहने वाला है।

पुलिस ने उसके पास से कांड में शामिल एक मोबाइल, दो सिमकार्ड व एक एटीएम कार्ड भी बरामद किया है। उस पर मोबाइल चोरी कर एक व्यक्ति के खाते से तीन लाख 25 हजार रुपये की अवैध निकासी का आरोप है।

साइबर अपराध थाने में दो मई को इससे संबंधित एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि वे 28 अप्रैल को रांची से ट्रेन से हाथीदह जा रहे थे।

इसी क्रम में सुबह करीब तीन बजे धनबाद स्टेशन पर पहुंचे तो पता चला कि उनके दोनों फोन बैग से चोरी हो गए हैं। चोरी गए मोबाइल फोन का पासवर्ड खोलकर साइबर अपराधियों ने उनके खाते से अवैध हस्तांतरण कर लिया था।

इस कार्य को करने के लिए साइबर अपराधी चोरी का मोबाइल लेकर उसके लॉक पैटर्न खोल देते थे। इसके बाद फोन में मौजूद निजी व बैंकिंग संबंधित जानकारी जुटाकर बैंक रजिस्टर्ड सिमकार्ड का प्रयोग कर इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड, ई-मेल आईडी रीसेट करके अलग-अलग बैंक खाता में ट्रांजेक्शन कर देवघर के विभिन्न एटीएम से निकासी कर लेते थे।

रुपये ट्रांसफर करने के लिए साइबर अपराधी वर्द्धमान पश्चिम बंगाल के विभिन्न बैंक खाताओं का इस्तेमाल करते थे। इसके लिए फर्जी पते पर सिमकार्ड लेकर उसका प्रयोग करते थे।

जिन खातों में अवैध हस्तांतरण हुआ है, उनमें फिनो बैंक खाता नंबर 20359098309, कोटक महिंद्रा बैंक खाता नंबर 6449984246, फेडरल बैंक खाता नंबर 77770142551213 व इंडियन बैंक खाता नंबर 7743269332 शामिल हैं।

## घूसखोरी में सीबीआई ने बगोदर डाकघर के कर्मी को लिया रिमांड पर

**धनबाद/बगोदर, एजेंसी।** ग्रामीण डाक सेवक से घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार मंदरामो सरिया पोस्टऑफिस के ग्रामीण डाक सेवक अजय कुमार को सीबीआई ने दो दिनों के रिमांड पर लिया है। अजय को सीबीआई टीम ने शुक्रवार को ग्रामीण डाक सेवक गिरिडीह मंदरामो पुरी ब्लॉक सरिया खरीदाबाद निवासी देवचंद कुमार से 13 हजार रुपए घूस लेते पकड़ा गया था।

आरोप है कि अजय कुमार बगोदर पोस्टमास्टर विपिन कुमार के इशारे पर रिश्वत ले रहे थे। शनिवार को धनबाद सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने अजय कुमार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक के कोर्ट में पेश किया। सीबीआई के सीनियर पीपी चंदन कुमार सिंह ने आरोपी की तीन दिनों की रिमांड की मांग की थी। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अजय भट्ट ने इसका विरोध किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी की दो दिनों की रिमांड मंजूर कर ली। सीबीआई ने घंटों बगोदर सब पोस्ट ऑफिस में कागजात को खंगाला।देवचंद कुमार ने 29 अप्रैल को सीबीआई एसपी पीके झा को पत्र लिख कर विपिन पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया था कि बगोदर के एलएसजी पोस्टमास्टर विपिन कुमार ने उनके दफ्तर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण की सकारात्मक रिपोर्ट देने के एवज में विपिन ने 25 हजार रुपए की मांग की थी। एसपी के आदेश पर सीबीआई के एएसआई दिनेश्वर पाल ने आरोप का सत्यापन किया। घूस की रकम लेने के लिए विपिन ने गिरिडीह स्टेशन बुलाया था। शुक्रवार को टीम विपिन को ही दबोचने पहुंची थी लेकिन विपिन ने अजय कुमार के माध्यम से घूस की रकम ली।

# स्मार्ट सिटी के 5 प्रोजेक्ट, 1000 करोड़ इंफ्रा. पर खर्च, अब तक फ्लैट का निर्माण शुरू नहीं



**रांची, एजेंसी।** कोरोना काल को देखते हुए जून 2024 तक के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट को एक्सटेंशन दिया गया था। इसकी मियाद अगले माह समाप्त हो जाएगी, लेकिन आम लोगों को लाभ मिलना अब भी दूर की कौड़ी है। धुर्वा में 656 एकड़ जमीन बन रही रांची स्मार्ट सिटी के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर लगभग 1000 करोड़ खर्च हो चुके हैं। इसके बावजूद आम लोगों के लिए प्रस्तावित फ्लैट का निर्माण तक शुरू नहीं हुआ है।

दरअसल, स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन ने तीन साल पहले जिन डेवलपरों को जमीन आवंटित की थी, उसकी रजिस्ट्री काफी देर से की गई। इस वजह से 3 डेवलपरों ने पहले फेज के 5 प्रोजेक्ट के लिए नक्शा देरी से जमा किया। टाउन प्लानर ने जांच के बाद कुछ आपत्ति जताई, पर डेवलपर ने उसका निराकरण नहीं किया। इस वजह से अब तक एक भी नक्शा पास नहीं हुआ। स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन और डेवलपर की सुस्त चाल की वजह से आम लोगों के सपने बिखरने लगे हैं।

स्मार्ट सिटी में कुल 75 हजार लोगों के रहने और 75 हजार लोगों के रोजाना मूवमेंट की योजना बनाई गई है। लेकिन जो काम सबसे पहले होना था, वह शुरू ही नहीं हुआ। जबकि, मंत्रियों के बंगला का निर्माण अंतिम चरण में है। ऐसे में सड़क, बिजली, पानी, सीवरेज-ड्रेनेज, पाथ-वे और साइकिल ट्रैक बनने का फायदा किसी को नहीं मिल रहा है। इस वर्ष फ्लैट का निर्माण शुरू भी होता है, तो इसे बनने में तीन से चार वर्ष लगेगा। मतलब 2030 के बाद ही आम लोगों को लाभ मिल सकेगा।

स्मार्ट सिटी में कुल 278.62 एकड़ जमीन के 52 प्लॉट को ऑक्शन के लिए रखा गया था। तीन वर्ष में कॉर्पोरेशन मात्र 16 प्लॉट का ही ऑक्शन कर पाया। लेकिन प्लॉट का साइज बड़ा होने की वजह से व्यवसायिक प्लॉट के लिए एक भी निवेशक आगे नहीं आए। कॉर्पोरेशन को मास्टर प्लान में संशोधन करना था, पर वह भी नहीं हुआ। इस वजह से प्लॉट का साइज भी कम नहीं हुआ।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्थित करने के लिए स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन ने 150 करोड़ की लागत से कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर बनाया। इससे पूरे शहर की ट्रैफिक को व्यवस्थित करने का दावा किया गया था, लेकिन किसी भी चौक-चौराहा पर ट्रैफिक व्यवस्थित नहीं हुआ। अधिकतर ट्रैफिक सिग्नल मैनुअल चल रहे हैं। टाइमिंग इस तरह सेट की गई है कि करमटोली चौक, जेल चौक, सुजाता चौक पर जाम लगा रहता है। इस प्रोजेक्ट के तहत लगे सीसीटीवी कैमरा ट्रैफिक पुलिस की कमाई बढ़ाने के लिए वरदान बन गया। आम लोगों अब भी जाम का झाम झेल रहे हैं।

# ईडी के गवाह को साहिबगंज एसडीएम ने धमकाया, पंकज मिश्रा के पक्ष में गवाही देने को कहा




**रांची, एजेंसी।** साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी के अब दूसरे गवाह विनोद जायसवाल पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। विनोद जायसवाल ने ईडी को इसकी जानकारी दी है और अपने साथ घटित कहानी बयां की है। उन्होंने बताया है कि साहिबगंज के मंडरो प्रखंड के मुंडली मौजा में उनका नेहा स्टोन वर्क्स नाम से क्रशर प्लांट है।

क्रशर संचालन के लिए एनजीटी के मापदंडों को पूरा करने के बाद ही प्रदूषण विभाग ने उन्हें चार मार्च 2024 को क्रशर संचालन की अनुमति दी थी। इसकी समाप्ति की अवधि 31 मई 2025 है। इसका पिछले एक सप्ताह से ट्रायल चल रहा था।

इसी बीच आठ मई की शाम करीब पांच बजे सदर एसडीएम अंगार नाथ स्वर्णकार, मंडरो अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत व मिर्जा चौकी थानेदार रोहित कुमार उनके क्रशर प्लांट पर पहुंचे थे। उन्होंने क्रशर जांच की बात कही।

विनोद जायसवाल का आरोप है कि इसी बीच एसडीएम अंगार नाथ स्वर्णकार ने उनका हाथ पकड़कर बगल में ले गए और ले जाकर धमकी देते हुए बोले कि उसे पंकज मिश्रा व अन्य के पक्ष में गवाही देनी होगी। विनोद जायसवाल ने जब पक्ष में गवाही से इंकार किया तो एसडीएम ने धमकी दी व अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करते हुए तुरंत उनका क्रशर मशीन सील कर मिर्जा चौकी थाने में झूठा आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज करा दी है। साहिबगंज के मिर्जा चौकी थाने में मंडरो अंचल के अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत के बयान पर प्रदूषण अधिनियम के तहत विनोद जायसवाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। एसडीएम के निर्देश पर अंचलाधिकारी ने यह प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसडीएम ने अंचलाधिकारी को नौ मई को पत्र लिखा था कि आठ मई को उनकी अध्यक्षता में मिर्जा चौकी थाना प्रभारी, खान निरीक्षक, अंचलाधिकारी मंडरो आदि ने मंडरो अंचल के मुंडली मौजा में स्थित दो क्रशर का औचक निरीक्षण किया था।

इनमें एक सुमित कुमार चौधरी की मेसर्स सुमित स्टोन वर्क्स व विनोद कुमार जायसवाल की मेसर्स नेहा स्टोन वर्क्स शामिल थी। निरीक्षण में दोनों ही क्रशर प्रतिष्ठानों में जांच टीम को वहां अनियमितता मिली। उत्खनित पत्थर व स्टोन चिप्स को बिना ढके एवं खुले में रखा गया था। इसके चलते उक्त क्रशरों के संचालन से उठने वाली घातक धूलकणों से मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है। इसी शिकायत के आधार पर मिर्जा चौकी थाने में नौ मई को प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

विनोद जायसवाल ईडी के दूसरे गवाह हैं जो 1250 करोड़ के पत्थर के अवैध खनन मामले में गवाह हैं। इससे पहले विजय हांसदा गवाही से मुकर चुके हैं। उन्हें भी रुपयों की लालच के अलावा प्रशासनिक व पुलिस के स्तर पर गवाही से मुकरने का दबाव बनाया गया था।

इसके लिए स्थानीय पुलिस ने उन्हें दिल्ली में एक वकील से भी मुलाकात करवाने में मदद की थी। विजय हांसदा की गवाही से मुकरने का मामला चर्चा में रहा है। इस प्रकरण की जांच सीबीआइ कर रही है। विजय हांसदा के बाद अब विनोद जायसवाल का मामला चर्चा का विषय बना है, जिसमें उन्हें गवाही से मुकरने का दबाव बनाया जा रहा है।

एसडीएम अंगार नाथ स्वर्णकार ने बताया कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। विनोद जायसवाल के क्रशर सहित एक अन्य क्रशर का भी औचक निरीक्षण किया गया था। उसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई थी। जांच रिपोर्ट पर क्रशर संचालक का हस्ताक्षर भी करवाया गया था।

उन्हें यह भी कहा गया था कि अगर वे जांच रिपोर्ट से असंतुष्ट हैं तो वरीय पदाधिकारी से इसकी शिकायत भी कर सकते हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ निरीक्षण किया गया था। विनोद जायसवाल गलत आरोप लगा रहे हैं, उन्हें कहीं कोई धमकी नहीं दी गई है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# स्कूलों को धमकी

पहली मई को जैसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को बम की धमकी वाले ई-मेल मिले थे, ठीक उसी तरह अहमदाबाद के स्कूलों को भी ई-मेल मिले हैं। सप्ताह भर में यह दूसरी बार है, जब स्कूलों को निशाना बनाने की धमकी मिली है। पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कम से कम 200 स्कूल निशाने पर थे और सोमवार को अहमदाबाद के कम से कम 7-8 स्कूलों को दहशत में लाने की साजिश हुई है। दिल्ली की तरह अहमदाबाद में भी पुलिस ने पूरी सतर्कता बरती और खतरे की किसी भी आशंका के समाधान के तमाम प्रबंध किए। अहमदाबाद में भय पैदा करने की यह साजिश तब सामने आई है, जब गुजरात में आज मतदान होने जा रहा है। क्या कोई ऐसा आतंकी संगठन है, जो भारत में चुनाव के समय किसी कारस्तानी को अंजाम देना चाहता है यह विशेष रूप से ध्यान देने की बात है कि इस बार भारत में चुनाव बेहद शांतिपूर्ण माहौल में हो रहे हैं। ऐसे में, स्कूलों को निशाना बनाने की धमकी के निहितार्थ को समझना मुश्किल नहीं है। खैर, साइबर क्राइम, अहमदाबाद की पुलिस उपायुक्त ने प्राथमिक जांच के आधार पर जो इशारा किया है, उसके अनुसार, धमकी भरे ई-मेल रूस से आए हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के स्कूलों को भी रूस से ही धमकियां मिली थीं। मतलब, 1 मई और 6 मई को धमकी देने वाले आतंकी एक ही समूह के हो सकते हैं। अहमदाबाद के स्कूलों में तमाम तरह से सुरक्षा जांच कर ली गई है, पर आगामी दिनों में भी तमाम स्कूलों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। पता नहीं, किस देश में छिपकर कायर आतंकी अपराध को अंजाम दे रहे हैं स्कूलों को निशाना बनाने के बारे में सोचने वाले हैवानों को जल्द से जल्द शिकंजे में लाना चाहिए। कथित डार्क वेब का हवाला दिया जा रहा है, जहां छिपे हुए किसी तथ्य को खोजना बहुत मुश्किल होता है, पर यह काम नामुमकिन नहीं है। तकनीक के विशेषज्ञों का यह कर्तव्य है कि वे धमकी के मूल स्रोत तक पहुंचें और भारत के दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए कठघरे में लाएं। साइबर अपराध विशेषज्ञ ई-मेल का विश्लेषण करने और उनकी उत्पत्ति का पता लगाने के लिए प्रभावित स्कूलों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मतदान के मद्देनजर स्कूलों ने उचित ही कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए हैं, तो कुछ ने अगली जानकारी मिलने तक स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद करने का विकल्प चुना है। स्वयं स्कूलों को अपने स्तर पर सुरक्षा के लिए चौकस रहना चाहिए।

# घाटी में आतंकियों की सक्रियता, सरकार के दावे पर सवाल

चिंता की बात यह भी है कि आतंकी उन इलाकों में भी सक्रिय देखे जा रहे हैं, जहां वर्षों से लगभग शांति थी। पीर-पंजाल के इलाके में फिर से आतंकियों का सक्रिय हो जाना पाकिस्तान की तरफ से मिल रही गंभीर चुनौती की तरह है। घाटी में दहशतगर्दी पर काफी हद तक काबू पा लेने के सरकारी दावे के बरक्स हकीकत यह है कि पिछले कुछ सालों में वहां आतंकी हमले बढ़े हैं। पुंछ के शाहसितार इलाके में वायुसेना के वाहन पर हुआ हमला इसकी ताजा कड़ी है। शनिवार को घात लगा कर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें पांच सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में उनमें से एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। आतंकियों की तलाश जारी है। हेलिकाप्टर से भी उनकी टोह ली जा रही है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी पाकिस्तान से आए थे। उनमें से दो आतंकियों के रेखाचित्र जारी कर उनके बारे में जानकारी देने वाले को बीस लाख रुपए इनाम की घोषणा भी कर दी गई है। सरकार लगातार कहती आ रही है कि घाटी में आतंकवादियों की गतिविधियों को समेट दिया गया है। अब वे एक सीमित क्षेत्र में सक्रिय रह गए हैं। उन्हें भी जल्दी खत्म कर दिया जाएगा। मगर हैरानी की बात है कि सरकार के इस दावे को धता बताते हुए आतंकी लगातार कभी लक्षित हिंसा करके ध्यान भटकाने, तो कभी सेना के काफिले पर घात लगा कर हमला करने में कैसे कामयाब हो जा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि आतंकी उन इलाकों में भी सक्रिय देखे जा रहे हैं, जहां वर्षों से लगभग शांति थी। पीर-पंजाल के इलाके में फिर से आतंकियों का सक्रिय हो जाना पाकिस्तान की तरफ से मिल रही गंभीर चुनौती की तरह है। ताजा हमला उसी इलाके में हुआ है। वह पाकिस्तान से सटा घने जंगलों और चट्टानों वाला दुर्गम इलाका है। भारतीय सेना ने बहुत पहले उस इलाके में पाकिस्तान पोषित आतंकी गतिविधियों पर विराम लगा दिया था।

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन

(ललित गर्ग)

*दुश्मन राष्ट्र के नेता अगर किसी व्यक्ति या नेता के प्रधानमंत्री बनने की कामना करते हैं तो निश्चित ही उस देश का हित जुड़ा होता है। पड़ोसी देश भले ही राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता हो लेकिन भारत की जनता अपने हितों की रक्षा करते हुए विवेकपूर्ण मतदान के लिये तत्पर है। नए भारत के 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' ने उस पाकिस्तान को हिलाकर रख दिया था जिसे कांग्रेस शासन के दौरान भारत पर आतंकी हमलों का समर्थन करने के लिए जाना जाता था।*

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने 'नाइंसाफी' के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है। आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं। राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है राहुल गांधी का दो-दो सीटों से चुनाव लड़ना भी यह दर्शाता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए नेता अपने राजनीतिक हितों के लिए एक साथ दो सीटों पर चुनाव लड़ते हैं और दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में अपनी सुविधानुसार एक सीट से इस्तीफा दे देते हैं। कानूनी रूप से उनके लिए ऐसा करना जरूरी भी है। फिर उस सीट पर उपचुनाव होता है। इसमें न सिर्फ करदाताओं का पैसा खर्च होता है बल्कि उस क्षेत्र के मतदाता भी ठगा हुआ महसूस करते हैं। इस बात की पड़ताल जरूरी है कि दो सीटों से चुनाव लड़कर राहुल गांधी भारतीय लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या इस व्यवस्था से सिर्फ अपने राजनीतिक हित साध रहे हैं भले ही राहुल गांधी चुनाव प्रचार के दौरान बेहद आक्रामक दिख रहे हों, लेकिन वह अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश नहीं भर पा रहे हैं। इसका एक कारण गठबंधन के नाम पर अपने पुराने मजबूत गढ़ों में भी अपनी राजनीतिक जमीन छोड़ना है। यह कांग्रेस ही लगातार कमजोर होती राजनीति ही है कि वह जीत की संभावना वाली सीटों को भी महागठबंधन के अन्य दलों को दे रही है। ऐसे ही निर्णयों के चलते कांग्रेसजनों के लिए भी यह समझना कठिन है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समझौता करने से पार्टी को क्या हासिल होने वाला है इस बार गांधी परिवार दिल्ली में उस आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को बोट देगा, जिसने उसे रसातल में पहुंचाया। इस तरह के मामले केवल यही नहीं बताते कि कांग्रेस उपयुक्त प्रत्याशियों का चयन करने में नाकाम है, बल्कि यह भी इंगित करते हैं कि उसके पास अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने और अपने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने की कोई ठोस रणनीति नहीं है। कांग्रेस की नीति एवं नियत भी संदेह के घेरों में हैं। क्या कारण है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान के नेता अब दुआ कर रहे हैं कि कांग्रेस का 'शहजादा' भारत का प्रधानमंत्री बने।

# बंगाल में खोई जमीन तलाशता वाम मोर्चा

(जयंत घोषाल, वरिष्ठ पत्रकार)

एक समय था, जब भारत की राजनीति में वाम दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हुआ करती थी। दिल्ली में आज भी अरुणा आसफ अली रोड है। अरुणा आसफ अली दिल्ली नगर निगम की पहली 'चेयरपर्सन' चुनी गई थीं। वह अपने दौर की काफी बड़ी वामपंथी नेता थीं। पश्चिम में महाराष्ट्र के श्रीपाद अमृत डांगे से लेकर तेलंगाना, आंध्र जैसे दक्षिणी प्रदेशों में, बल्कि पूरे देश में वाम नेताओं की जनता पर अच्छी पकड़ थी, केरल में तो खैर आज भी है। ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ जब कांग्रेस देश की आजादी की लड़ाई लड़ रही थी, तब उसके भीतर ही वामपंथी और दक्षिणपंथी, दोनों तरह की सोच रखने वाले गुट सक्रिय थे। दक्षिणपंथी गुट के श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस से बाहर निकलकर जनसंघ की शुरुआत की, जबकि ईएमएस नंबूदिरीपाद आदि बहुत सारे नेताओं ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का दामन थाम लिया। मगर आगे चलकर वामपंथ में अंदरूनी विभाजन हुआ और आहिस्ता-आहिस्ता वाम नेताओं की पकड़ कमजोर पड़ती गई। सिर्फ पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और केरल में उनका कुछ आधार कायम रहा। केरल में आज भी उनकी सरकार है, पर पश्चिम बंगाल व त्रिपुरा में वाम मोर्चे की हालत खराब है। स्थिति यह है कि त्रिपुरा में भाजपा लगातार दूसरी बार सत्ता में आ गई है, वहीं पश्चिम बंगाल में लगभग साढ़े तीन दशक तक राज करने वाली माकपा और उसकी सहयोगी वाम पार्टियां बिल्कुल हाशिये पर चली गई हैं। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में वाम मोर्चे ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था, उन्होंने 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' नाम की एक मुस्लिम पार्टी को भी इस गठबंधन का हिस्सा बनाया। नतीजा यह हुआ कि इंडियन सेक्युलर फ्रंट का तो एक उम्मीदवार इस चुनाव में कामयाब रहा, पर वाम दलों और कांग्रेस का एक भी प्रत्याशी चुनाव जीत न सका। ऐसे में, आज का सबसे बड़ा सवाल यही है कि इस आम चुनाव में वाम मोर्चे, खासकर माकपा की क्या रणनीति है कोलकाता में अलीमुद्दीन स्ट्रीट पर माकपा का मुख्यालय है। यहीं पर पार्टी के वरिष्ठ नेता विमान बोस रहते हैं। मोहम्मद सलीम सीपीएम के राज्य सचिव बनाए गए हैं। पार्टी में यह बेहद अहम पद है। ऐसे में, सवाल उठता है कि आखिर इतने वर्षों के बाद मुस्लिम समाज के एक नेता को माकपा ने क्यों राज्य सचिव बनाया इसके पहले मुजफ्फर अहमद, जिनको प्यार से कॉमरेड 'काका बाबू' पुकारते थे, को इतना सम्मान मिला था। काका बाबू पार्टी के संस्थापक सदस्य थे। काका बाबू के बाद हमेशा बंगाली हिंदू ही सीपीएम के नेता बनते रहे हैं। यह कोई ढकी-छिपी बात नहीं है कि पश्चिम बंगाल में लगभग 30 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं और भाजपा वहां आक्रामक हिंदुत्व का कार्ड खेल रही है। इस कार्ड ने उसे यहां जबर्दस्त कामयाबी भी दिलाई है। याद कीजिए, एक समय था, जब भाजपा कोलकाता नगर निगम चुनाव में महज दो सीट जीत सकी थी, तब लालकृष्ण आडवाणी ने खुशी जाहिर करते हुए बाकायदा बयान दिया था कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सूबे में हमारा खाता खुल गया है। कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खूब गुलाल उड़ाए थे, मानो कोई बड़ी जीत मिली है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पार्टी की सफलता का आलम यह है कि पिछले आम चुनाव में राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से 18 पर जीत हासिल करके भाजपा ने न केवल सबको चौंका दिया, बल्कि अब वह विधानसभा में मुख्य प्रतिपक्ष है। साफ है, बंगाल में सीपीएम की जगह भाजपा ने हथिया ली है। मोदी का राष्ट्रीय नेतृत्व का अपना आभामंडल तो है ही, राज्य में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और राज्य भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, दोनों काफी मेहनत भी कर रहे हैं। माकपा को यह लगने लगा है कि इंडियन सेक्युलर फ्रंट और कांग्रेस के साथ गठजोड़ करने से भाजपा को ही फायदा होता है, क्योंकि उसका हिंदू वोट भाजपा को और मुस्लिम आधार इंडियन सेक्युलर फ्रंट को ट्रांसफर होने लगा है, लिहाजा इस आम चुनाव में उसने कोई गठबंधन नहीं किया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5368

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5367

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5368



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. विश्व का एक मात्र देश जिससे होकर भूमध्यरेखा और मकर रेखा दोनों ही गुजरती है (3)
4. तरल पदार्थ, निर्यास, जूस, द्रव (2)
6. हाथी के समान शक्ति या ताकत (4)
8. देश-प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए बनाए गए नियम (3)
9. टेड़ा, कुटिल, कोणाकार, मोड़दार (2)
10. रिपोर्ट का अपभ्रंश, फिसलन, ढलान (3)
12. समाचार पत्र को यह भी कहते है (3)
15. अगल-बगल, पास-पडौस, मुहम्मद रफी ने अंतिम गीत इस फिल्म के लिए गाया था (1980)(4)
17. अंतवर्ण, अछूत, चुतर्थ वर्ण (2)
18. विमान दौड़ पट्टी, धावन पट्टी (3)
20. प्राचीन काल की दो पहिए या चार पहिए वाली गाड़ी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. रूबल मुद्रा का प्रचलन इस देश में है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्रसाण होना (5)
2. प्रेम संबंध को यह भी कहते है (5)
3. तरकारी, सब्जी-भाजी (2)
4. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
5. शिकन, सिकुडन, वलय, गुजल्क (4)
7. अंतरकण, अंतरात्मा, कानशंस (3)
11. सन कपड़ा, अलसी, कालशाक (4)
13. महाभारत के अनुसार दुर्योधन का बहनोई जो दुःशला का पति था (4)
14. महीन कंटक, खपची, अवरोध, उलझन (2)
15. इज्जत, प्रतिष्ठा, इस्मत, नेकनामी, सतीत्व (3)
16. दूरस्थ तट, नितांत अंत, छोर (2)
17. वीर पुरूष, बहादुर, पराक्रमी (2)
19. फूलों की घनी गुथी छोटी माला जिससे स्त्रियों बालों को श्रृंगारित करती है (2)

### वर्ग पहेली 5367 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | वे | ज | मु | श | र्र | फ |
| र | ज | त | प | ट | | | की |
| शु | | न | | री | ति | का | र |
| रा | म | दा | स | | त | क | |
| म | म | ता | | बा | ली | | सं |
| | ता | | जू | ल | | दा | ता |
| का | म | ना | | कां | ति | मा | न |
| ज | य | | रो | ड | | द | |

# आज का राशिफल

## मेष
आज हर मामले में बहुत सचेत रहने की जरूरत है। वरना कोई आपको धोखा दे सकता है। ऑफिस के काम में लगातार मेहनत करने से आपको लाभ होगा। शाम के वक्त मेहमानों के आने से आपका खर्च हो सकता है। जरूरी प्रयास करने से आपके सभी काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। शुभ परिणाम पाने के लिए आज गुड़ का दान करें।

## वृष
आज साथ नहीं दे रहा है और कोई नई परेशानी पैदा हो सकती है। काम की अधिकता के कारण आपकी सेहत बिगड़ सकती है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी सेहत पर ध्यान दें। खानपान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला और साहित्य से जुड़े लोगों की मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े बुजुर्ग के सहयोग से व्यवसाय में प्रगति होगी।

## कर्क
आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपके परिवार में प्रेम और आदर की भावना रहेगी। आज आप दान पुण्य के कार्य में मन लगाएंगे और उसमें आपको भाग्य का साथ भी मिलेगा। व्यवधान समाप्त हो जाएगा। रात्रि के समय किसी मंगल कार्य में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

## सिंह
आज आपको राजनीतिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हरेक प्रकार की मदद करेंगे। खर्च में कटौती करें नहीं तो कष्ट उठाना पड़ सकता है। आपको साहित्य के क्षेत्र में सफलता मिलेगी और आपका भाग्य साथ देगा। आज आपके घर में पुत्र और पुत्री के विवाह के रिश्ते आ सकते हैं।

## मिथुन
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपका मूड सुबह से ही बहुत अच्छा रहेगा। करियर और कारोबार में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से असमंजस की स्थिति बनी हुई थी आज समाप्त हो जाएगी।

## कन्या
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपको कोई नई सफलता प्राप्त होगी। बेहतर होगा कि लेनदेन के मामले में सावधानी रखें। आपको किसी से कर्जा भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से दूसरे लोगों को प्रभावित कर सकते हैं।

## तुला
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। न्यायिक मामलों में आपकी विजय होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के कारोबार में आपको लाभ होगा। संतान की सफलता के समाचार से आप खुशी महसूस करेंगे और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। शाम के समय किसी नए कार्य का आरंभ होगा। समाज में सम्मान मिलेगा।

## वृश्चिक
आज आपको आर्थिक लाभ होगा। कारोबार में निवेश से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आपकी सेहत अच्छी होगी और आपके परिवार में खुशियां आएंगी। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। आपको अधिक परिश्रम और साहस की आवश्यकता है। शत्रु पक्ष कमजोर होगा और आपको लाभ होगा।

## मकर
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपको संतान पक्ष के लोगों से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा। नए खर्चे निकलकर सामने आएंगे और आपके ऊपर कोई झूठा आरोप भी लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपके लिए यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें तो आपको व्यवसाय में लाभ होगा।

## कुंभ
आज कारोबार में सफलता मिलेगी और आपका भाग्य साथ देगा। आज आपको कोई सुव्यवस्था करने में अपना वक्त लगाना पड़ सकता है। आपके राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा। आज कोई व्यक्ति आगे बढ़कर आपकी मदद कर सकता है। कोई आपके सामने नई नौकरी का प्रस्ताव रख सकता है।

## धनु
आज का दिन परेशानियों और समस्याओं वाला होगा। आज आपके घर में आपस में लोगों की किसी कारण से खटपट हो सकती है। साहस और धैर्य से काम लें और किसी काम में जल्दी न करें तो आपके लिए अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। व्यवसाय में किसी वजह से काफी उतार चढ़ाव हो सकता है। आपको किसी को दिया उधार आज वापस मिल सकता है।

## मीन
आज आर्थिक लाभ का दिन है और आज आपको राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में तनाव का सामना करना पड़ सकता है। विद्यार्थियों को निरन्तर परिश्रम की आवश्यकता है और उसमें आपको सफलता मिलेगी। शाम के वक्त आपके कारोबार में कुछ तनाव हो सकता है। व्यापार में कुछ नई उम्मीदें बनेंगी, जिससे आपको आगे चलकर लाभ होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### अगरतला रेलवे स्टेशन पर पुणे जा रहे आठ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के अगरतला रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने शनिवार को सात महिलाओं सहित आठ बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया। सभी पुणे जा रहे थे। जीआरपी और आरपीएफ के संयुक्त ऑपरेशन में आठ बांग्लादेशी नागरिकों के साथ एक भारतीय दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्हें उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कोलकाता जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस में सवार होने वाले थे। गिरफ्तार लोगों ने पुलिस को बताया कि वे रोजगार की तलाश में कोलकाता से महाराष्ट्र के पुणे जाने वाले थे। राज्य में इसी सप्ताह दो महिलाओं और तीन बच्चों समेत 11 बांग्लादेशी नागरिकों को धलाई जिले में उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वे वापस बांग्लादेश जाने की तैयारी में थे।

### पंजाब 1 जून को विकसित भारत के लिए करेगा वोट: गजेंद्र सिंह शेखावत

**नवांशहर , एजेंसी।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को कहा कि पंजाब 1 जून को विकसित भारत के लिए वोट करेगा। आनंदपुर साहिब लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुभाष शर्मा के लिए खरार, बालाचौर और नवांशहर में आज चुनाव प्रचार करते हुए शेखावत ने कहा, आप सरकार की गलत नीतियों और उसके नेताओं की अनुभवहीनता के कारण राज्य का राजस्व नहीं बढ़ रहा है, और सरकार रोजमर्रा के प्रशासनिक कार्यों के लिए कर्ज लेने के लिए मजबूर है। अब स्थिति इतनी खराब हो गई है कि सरकार को पुराने कर्ज कि किस्त चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ रहा है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि पहले कांग्रेस के कारण पंजाब खस्ताहाल हो गया था, अब आम आदमी पार्टी ने स्थिति और खराब कर दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग अकाली दल, कांग्रेस और आप को आजमा चुके हैं। अब भाजपा एकमात्र विकल्प बची है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि पंजाब के लोग उवल भविष्य के लिए राज्य की सभी 13 लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में डालने का मन बना चुके हैं। भाजपा उम्मीदवार शर्मा ने दावा किया कि आप सरकार के कार्यकाल में उद्योग पंजाब से पलायन कर रहे हैं और राज्य में बेरोजगारी बढ़ गई है।

### ओवैसी ने इजरायल को भारतीय श्रमिकों का निर्यात रोकने की मांग की

**हैदराबाद, एजेंसी।** एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से इजरायल को भारतीय श्रमिकों का निर्यात बंद करने और जो पहले से वहां फंसे हैं उन्हें वापस लाने की मांग की। हैदराबाद के सांसद ने भारतीयों को इजरायल न जाने की सरकार की एडवाइजरी पर प्रतिक्रिया देते हुए यह मांग की। उन्होंने एक्स पर पूछा, मोदी सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें भारतीयों से इजरायल न जाने को कहा गया है। फिर भारत भारतीयों को इजराइल क्यों भेज रहा है? यदि यह सुरक्षित नहीं है, तो भारतीयों को मौत के मुंह में क्यों भेजा जा रहा है? क्या (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी उनकी सुरक्षा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ले रहे हैं? ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख ने कहा कि इज़रायल नरसंहार करने के क्रम में है और उसे गरीब भारतीयों की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं है।

### जमानत तो केजरीवाल को मिली, मुख्यमंत्री अभी जेल के अंदरः अनिज विज

**चंडीगढ़, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने हैरान करने वाली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शनिवार को कहा कि जो जेल गया था वो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल था, मगर जमानत तो सिर्फ केजरीवाल की हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अभी भी अंदर है। विज ने कहा, ऐसा है कि केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर कर सकते हैं।

# जिन राज्यों में भाजपा का दबदबा, वहां विपक्ष को अच्छे रिजल्ट की आस

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव का चौथा चरण चौखट पर है और विपक्ष भी अब संख्या की बात खुलकर करने लगा है। बहुमत के जादुई आंकड़े से भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए को दूर रखने के लिए विपक्ष कर्नाटक, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु सहित दक्षिण के अपने गढ़ के अलावा हरियाणा, यूपी, बिहार सहित कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन की आस में है। यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि जिन राज्यों में भाजपा ने शत-प्रतिशत प्रदर्शन किया था वहां इस बार विपक्ष सेंधमारी जरूर करेगा।

**विपक्ष के उत्साह से सियासी लड़ाई हुई रोचकः** दावे में कितनी सचाई है यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन विपक्ष का उत्साह बचे हुए चरणों में लड़ाई को और रोचक बना रहा है। पिछले चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो उत्तर भारत में जहां एनडीए दमदार दिख रहा था, वहीं, दक्षिण भारत में इंडिया का किला मजबूत दिख रहा है। हालांकि जानकारों का कहना है कि हर चुनाव का अपना अलग गणित होता है इसलिए इस बार कई उलटफेर की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों में विपक्ष को उम्मीदः** जानकारों




का कहना है कि गुजरात 26 सीट, राजस्थान 25 सीट, मध्य प्रदेश 29 सीट, उत्तराखंड 5 सीट, दिल्ली 7 सीट, यूपी 80 सीट, छत्तीसगढ़ 11 सीट, हरियाणा 10 सीट वाले राज्यों में भाजपा का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार हरियाणा , राजस्थान सहित कई राज्यों में विपक्ष को भाजपा का सक्सेस रेट कम और अपना बढ़ता दिख रहा है। इनमें से ज़्यादातर जगहों पर चुनाव हो चुका है। दिल्ली और हरियाणा में चुनाव होना बाकी है। यूपी की भी कई सीटों पर मतदान होना बाकी है।

**बहुमत के लिए जरूरी सीटों पर मतदान संपन्नः** पिछले परिणामों के लिहाज से कर्नाटक को छोड़ दें तो दक्षिण में इंडिया गठबंधन मजबूत नजर आ रहा है। तमिलनाडु, केरल से लेकर तेलंगाना में कांग्रेस, डीएमके और वाम दल भाजपा पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। लेकिन बीजेपी को कर्नाटक के साथ तेलंगाना और आंध्र में गठबंधन के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। जबकि तमिलनाडु में भी खाता खोलने का दावा भाजपा द्वारा किया जा रहा है। तेलंगाना और आंध्र में चौथे चरण में चुनाव होना है। बहुमत के लिए जरूरी सीटों पर अब तक चुनाव हो चुका है। इसमें कौन कितना भारी पड़ेगा यह कहना मुश्किल है लेकिन सियासी जानकारों का कहना है कि अब तक जो भी फीडबैक मिला है उससे साफ है कि कोई भी पक्ष आश्वस्त नहीं है।

# राम भक्तों पर गोली चलाते हैं और माफिया के मरने पर मातम मानते हैं - योगी का सपा-राजद पर तंज

**बेगूसराय , एजेंसी।**
उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के बेगूसराय में कहा कि जो रामद्रोही है उनका पाकिस्तान प्रेम जग रहा है। योगी आदित्यनाथ बेगूसराय में भाजपा उम्मीदवार गिरिराज सिंह के चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राजद का गठबंधन भारत विभाजन की नींव तैयार कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने कहा है कि धार्मिक आधार पर हिंदुस्तान में आरक्षण नहीं हो सकता है।

चौथे चरण के चुनाव प्रचार के आज अंतिम दिन योगी आदित्यनाथ आज बेगूसराय के फर्टिलाइजर मैदान में विपक्षी पार्टियों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा, राम भक्त और रामद्रोही के बीच चुनाव जा चुका है, जो राम भक्त हैं वो आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चल रहे हैं, सबका साथ सबके विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, जो रामद्रोही है उनका पाकिस्तान प्रेम जाग रहा है। राम भक्तों पर गोली चलाते हैं और माफिया के मरने पर मातम मानते हैं। राम भक्तों पर गोली चलाने वाले रामद्रोही सत्ता में जाएंगे क्या उन्हें जाने का अधिकार होना चाहिए क्या इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा, बिहार में लालू जी के नेतृत्व में कांग्रेस और लालू जी के राज्य में बिहार में अराजकता चरम पर पहुंची थी, नक्सलवाद और आतंकवाद चरम पर था, गुंडागर्दी चरम पर



थी।

उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद का गठबंधन भारत विभाजन की नींव तैयार कर रहा है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में ओबीसी, एससी-एसटी के आरक्षण में सेंध लगाने की तैयारी कर रहा है और यह छूट इन्हें कतई मत देना क्योंकि बाबासाहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि धार्मिक आधार पर हिंदुस्तान में आरक्षण नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहा गया है अगर वह सत्ता में आएगी तो अल्पसंख्यकों की रुचि के अनुसार उन्हें खान-पान की स्वतंत्रता देगी। उन्होंने कहा कि क्या गौ मांस खाने और काटने की अनुमति देनी चाहिए क्या। कांग्रेस और राजद की मंशा स्वीकार नहीं होगी।

# भजनलाल सरकार ने पेयजल उपभोक्ताओं को दी राहत

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में भजनलाल सरकार की ओर से लाखों पेयजल उपभोक्ताओं बड़ी राहत दी जा रही है। उपभोक्ताओ को 31 मार्च 2023 तक बकाया बिल पर यह राहत दी जा रही है। यदि उपभोक्ता 31 मार्च 2023 तक बकाया राशि आगामी 31 मई तक एक साथ जमा कराते हैं तो उन्हें ब्याज और जुर्माना राशि में 100 फीसदी छूट मिलेगी। एमनेस्टी स्कीम के तहत बकाया जल प्रभार शुल्क के बकाया राशि पर ब्याज एवं जुर्माने में आगामी 31 मई तक एक मुश्त जमा कराए जाने पर शत-प्रतिशत छूट दी जा रही है।

जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने शनिवार को बताया कि कई वर्षों से पानी का बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को इस योजना के तहत निश्चित तौर पर आर्थिक रूप से संबल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एमनेस्टी स्कीम का लाभ लेने पर उपभोक्ताओं को ब्याज एवं पेनल्टी में शत-प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। ब्याज एवं जुर्माने में यह छूट समस्त श्रेणी के पेयजल उपभोक्ताओं के 31 मार्च 2023 तक के बकाया जल प्रभार शुल्क के पेटे बकाया राशि पर ब्याज एवं शास्ति पर ही लागू होगा. बकाया राशि एक मुश्त जमा करने पर ही इसका लाभ मिलेगा।

पेयजल उपभोक्ता पानी का बिल का भुगतान समय पर नहीं करते हैं। मूलभूत सुविधाओं में शामिल होने के कारण विभाग भी इसे लेकर सख्ती नहीं करता है। इसके कारण उपभोक्ताओं का बिल सालों तक जमा नहीं हो पाता। जब बिल की राशि बढ़ जाती है तो उपभोक्ता एक साथ जमा भी नहीं करा पाता। इसीलिए पेयजल उपभोक्ताओं को बिल की राशि एक साथ जमा कराने पर जुर्माना और ब्याज पर शत प्रतिशत छूट दी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को राहत तो मिलेगी ही साथ ही विभाग को भी सालों से रुका हुआ राजस्व प्राप्त होगा।

# मां को थप्पड़ मारने पर ली थी प्रेमिका की जान, जीबीयू हत्याकांड का पर्दाफाश; मां-बेटा गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा में जीबीयू के हॉस्टल की छत पर पानी के टैंक में मिले अज्ञात महिला के शव की पहचान कर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। मृतका पूनम द्वारा अपने प्रेमी कपिल की मां सुमित्रा को थप्पड़ मारने पर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस का दावा है कि आरोपी मां-बेटे ने हत्या के बाद शव को पानी के टैंक में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी प्रेमी कपिल और उसकी मां सुमित्रा को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि 5 मई की शाम जीबीयू कैंपस के एम हॉस्टल की तीसरी मंजिल पर बने पानी के टैंक में एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला था कि महिला जीबीयू में काम करने वाले अटेंडेंट कपिल की पत्नी कौशल थी। आरोपी कपिल हॉस्टल के क्वार्टर में अपनी मां और पत्नी के साथ रह रहा था। इसके बाद महिला के शव की पहचान करवाई गई तो परिजनों ने शिनाख्त करने से इनकार कर दिया था। बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी




कौशल की शादी कपिल के साथ की थी, लेकिन वर्ष 2015 में कपिल उनकी बेटी कौशल को छोड़कर किसी गैर महिला के साथ रह रहा था। पुलिस ने काफी छानबीन के बाद आरोपी कपिल और उसकी मां सुमित्रा को धर दबोचा।

पुलिस पूछताछ में कपिल ने बताया कि टैंक में जिस महिला का शव मिला था, वह उसकी प्रेमिका पूनम थी। पूनम बलिया की रहने वाली थी। कपिल अपनी प्रेमिका पूनम और मां सुमित्रा के साथ हॉस्टल में रह रहा था, लेकिन उसका अक्सर पूनम से झगड़ा होता रहता था। कपिल ने पुलिस को बताया कि 5 मई को भी उसका पूनम के साथ झगड़ा हुआ था। इस दौरान कपिल की मां ने पूनम को कुछ बोल दिया था। इसी बात को लेकर गुस्से में आई पूनम ने सुमित्रा को बुढ़िया कहते हुए थप्पड़ मार दिया था। यह बात कपिल को नागवार गुजरी और उसने अपनी मां सुमित्रा के साथ मिलकर पूनम को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और फिर गला दबाकर और सिर पटक-पटक कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद मां-बेटे ने शव को ठिकाने लगाने के लिए तीसरी मंजिल की छत पर पानी के टैंक में जाकर फेंक दिया था। इसके बाद घर का ताला लगाकर दोनों फरार हो गए थे। ईकोटेक वन कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि आरोपी कपिल की शादी कासगंज की रहने वाली कौशल के साथ हुई थी। पुलिस पूछताछ में कपिल ने बताया की शादी के कुछ दिनों बाद उसकी जिंदगी में पूनम आ गई। कपिल ने बताया कि ग्रेटर नोएडा की एकांकी एंक्लेव सोसाइटी में उसके भाई रहते हैं। इसी सोसाइटी में उसकी भाभी घरेलू सहायिका का काम करती है। भाभी के साथ पूनम भी सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करती थी। कपिल का भाई के घर आना-जाना था। इसी बीच उसकी मुलाकात पूनम से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि कपिल ने पूनम के साथ शादी करने के लिए अपनी पत्नी कौशल को छोड़ दिया।

# यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में सुनने के बाद भी आपके बगल में बैठना पाप - राज्यपाल से बोलीं ममता

**कोलकाता, एजेंसी।**
यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर अपना हमला तेज करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में सुनने के बाद भी आपके बगल में बैठना पाप है। ममता ने कहा अगर राज्यपाल चाहेंगे तो वह उनसे सड़कों पर मिलेंगी, लेकिन राजभवन नहीं जाएंगी, क्योंकि उनके बगल में बैठना अब पाप होगा। बृहस्पतिवार को यौन उत्पीड़न की घटना वाले दिन की सीसीटीवी फुटेज की स्क्रीनिंग का जिक्र करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि इसे संपादित किया गया था। उन्होंने कहा कि उनके पास पूरी फुटेज के साथ-साथ और वीडियो वाली एक पेन ड्राइव भी है। यौन उत्पीड़न के आरोपों पर सीवी आनंद बोस ने ममता बनर्जी पर कटाक्ष करने के लिए दीदीगिरी शब्द का इस्तेमाल किया था और कहा था कि दीदीगिरी नहीं चलेगी।

शनिवार को हुगली में एक रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने हिंदी और बंगाली के मिश्रण में कहा, माननीय राज्यपाल, मेरी गलती क्या है? मुझे यह भी नहीं पता कि पूरी घटना क्या है? राज्यपाल ने कहा था कि दीदीगिरी नहीं चलेगी



और मैं कहती हूं कि सही है। दादागिरी और दीदीगिरी नहीं चलेगी, लेकिन राज्यपाल, आपको पहले पद छोड़ना होगा। आप कौन होते हैं एक महिला को यातना देने वाले मैंने सुना है कि उन्होंने कल प्रेस को बुलाया था। क्या उन्होंने पूरी सीसीटीवी फुटेज दिखा दी मेरे पास सीसीटीवी फुटेज की एक कॉपी है। मुझे यह प्रेस के एक साथी से मिली है। संपादित कॉपी भी मेरे पास है। यौन उत्पीड़न की पूरी बात अभी तक सामने नहीं आई है। मुझे एक और वीडियो मिला है। एक पेन ड्राइव में और भी घटनाएं हैं, इसके बाद की घटनाएं।

# हिन्दू नेता की हत्या के षड्यंत्र के मामले में एक और आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**सूरत , एजेंसी।**
सूरत क्राइम ब्रांच ने हिन्दू नेताओं की हत्या के षडयंत्र के मामले में एक और आरोपी को बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी शहनाज उर्फ मोहमद अली उर्फ मोहमद साबिर को लेकर क्राइम ब्रांच सूरत लौट आई है। सूरत क्राइम ब्रांच आरोपी मोहमद अली मोहमद साबिर को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे होने की संभावना है। बता दें कि देश के जाने-माने हिन्दूवादी नेताओं को टार्गेट कर उनको जान से मार की धमकी और उनकी हत्या का षडयंत्र रचने वाले एक मौलवी को सूरत क्राइम ब्रांच ने कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार मौलवी आम चुनावों के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की साजिश रच रहा था। सूरत की एक धागा फैक्ट्री में बतौर मैनेजर के रूप में काम करनेवाले और मुस्लिम बच्चों को इस्लाम पर निजी ट्यूशन देनेवाला मौलवी सोहेल अबुबक्र मोल मूल रूप से महाराष्ट्र के नंदूरबार का रहने वाला है। जो लंबे समय से सूरत में रहता था और सूरत से ही उसे क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। उसे हिन्दू सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपदेश राणा को मारने के लिए पाकिस्तान और नेपाल के लोगों के साथ मिलकर 1 करोड़ रुपए की सुपारी देने और पाकिस्तान से हथियार खरीदने की साजिश रचते हुए पाया गया था। मौलवी के फोन नंबर से मिली तस्वीरें और अन्य विवरण से पता चला कि वह सुदर्शन टीवी के प्रधान संपादक सुरेश चव्हाणके, राजनीतिक नेता नुपुर शर्मा और हैदराबाद के विधायक टी राजासिंह को निशाना बनाने और धमकी देने के बारे एक सुरक्षित एप पर चर्चा कर रहा था। जांच में यह भी खुलासा हुआ था कि ये लोग बहुत कट्टरपंथी हैं और हिन्दुत्ववादी नेताओं की हत्या के बारे में बात करते थे। इन्होंने हिन्दू समाज के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कमलेश तिवारी की हत्या पर भी चर्चा की थी, जिनकी 18 अक्टूबर 2019 को लखनऊ में हत्या कर कर दी गई थी।

# लोकसभा चुनाव 2024 : कृष्णनगर में दो महिलाओं का दिलचस्प चुनावी मुकाबला

**कृष्णनगर , एजेंसी।**
पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में जलंगी नदी के किनारे बसे ऐतिहासिक कृष्णनगर संसदीय सीट पर इस बार दो महिलाओं के बीच विरासत और इतिहास की जंग है.यह दोनों महिलाएं हैं नगद लेकर सवाल पूछने के आरोप में संसद से निष्कासित पूर्व स्थानीय सांसद और तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार मोहुआ मोइत्रा और स्थानीय राजपरिवार की उत्तराधिकारी अमृता राय. बीजेपी ने यहां अमृता राय को अपना उम्मीदवार बनाया है. दूसरी ओर, लेफ्ट और कांग्रेस के साझा उम्मीदवार एस.एम.सादी भी अपनी जीत के दावे कर रहे हैं. इस सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है. जस की तस शहर की समस्याएं कृष्णनगर सीट अपने ऐतिहासिक विरासत और उम्मीदवारों के कारण राज्य की सबसे अहम सीटों में शामिल हो गई है. यह इलाका किसी दौर में लेफ्ट का गढ़ था. वह नौ बार यह सीट जीत चुकी है. हालांकि बीते तीन चुनावों में यहां तृणमूल कांग्रेस का ही परचम लहराता रहा है. सांसद चाहे किसी भी पार्टी का रहा हो, शहर की समस्याएं जस की तस हैं. अनियंत्रित शहरी विकास के कारण होने वाली समस्याओं के अलावा जलंगी नदी पर बनने वाले बांध और शहर के बीचोबीच एक रेलवे ओवरब्रिज की मांग दशकों पुरानी है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि अब तक किसी ने भी इस मुद्दे पर कुछ खास काम नहीं किया है. बावजूद इसके कई लोग चाहते हैं कि इस बार भी महुआ ही जीतें. कृष्णनगर में रहने वाली गृहिणी शोभा घोष डीडब्ल्यू से कहती हैं, इलाके में चाहे कोई भी जीते, स्थानीय समस्याओं पर ध्यान देना जरूरी है.

बीजेपी उम्मीदवार को राजनीति की कितनी समझ है, यह तो नहीं पता. वो पहली बार राजनीति में उतरी हैं. लेकिन महुआ मोइत्रा की संसद में सक्रियता के कारण कृष्णनगर हमेशा सुर्खियों में रहा है. अब शायद अपने दूसरे कार्यकाल में वह इलाके की समस्याओं पर भी ध्यान देंगी पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यक वोट बैंक पर खींचतान इसी तरह एक कॉलेज में एम.काम की पढ़ाई करने वाले आशुतोष मुखर्जी का कहना है, तमाम दलों ने इस सीट को प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है. लेकिन उनको स्थानीय समस्याओं के साथ ही रोजगार और उद्योगों पर भी ध्यान देना चाहिए. यहां रोजगार के नाम पर कुछ भी नहीं है बीजेपी के लिए महुआ को हराना अहम है. उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान संसद में अडानी से संबंधित सवाल उठा कर सरकार की नाक में दम कर दिया था. आखिर में उनकी सदस्यता तक रद्द कर दी गई. यही वजह है कि बीजेपी ने उनको हराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है. उधर टीएमसी ने भी यहां महुआ की जीत को अपनी नाक और साख का सवाल बना लिया है. अमृता राय का शाही परिवार बीजेपी उम्मीदवार अमृता राय को स्थानीय लोग रानी मां के नाम से संबोधित करते हैं. इस चुनाव में अचानक वर्ष 1757 में हुए पलासी के युद्ध का जिक्र भी होने लगा है. दरअसल, अमृता राय उसी कृष्णचंद्र राय के परिवार से हैं जिन पर पलासी की लड़ाई में बंगाल के तत्कालीन नवाब सिराजुद्दौला के खिलाफ अंग्रेजों का साथ देने के आरोप लगते रहे हैं. हालांकि अमृता राय की दलील है कि दरअसल कृष्णचंद्र राय सिराज के खिलाफ साजिश में शामिल होकर अंग्रेजों की सहायता से सनातन धर्म की रक्षा करना चाहते थे. अमृता की उम्मीदवारी ने एक बार फिर राजा-रजवाड़ों के दौर और ब्रिटिश शासनकाल की घटनाओं पर आरोप-प्रत्यारोप और बहस तेज कर दी है.

बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व के लिए यह सीट किस कदर नाक का सवाल बन गई है, यह इसी से पता चलता है प्रधानमंत्री समेत पार्टी के कई दिग्गज नेता, अमृता के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर चुके हैं. अभिनेता



मिथुन चक्रवर्ती ने भी यहां रोड शो किया है. लोकसभा चुनाव में बढ़ी पश्चिम बंगाल की अहमियत माना जाता है कि राजा कृष्णचंद्र राय (1728-1782) के नाम पर इस शहर का नाम कृष्णनगर पड़ा था. एक अन्य मान्यता के मुताबिक राजा कृष्णचंद्र राय श्रीकृष्ण के भक्त थे. इसलिए उन्होंने इस शहर का नाम कृष्णनगर रखा था. कृष्णनगर के बीचोबीच अब राजबाड़ी की शानदार इमारत खड़ी है.राजबाड़ी की दुर्गापूजा भी काफी मशहूर है. राजनीति में उतरने वाली इस राजपरिवार की पहली सदस्य अमृता राय कहती हैं, कि वो आम लोगों की आवाज बनने के लिए राजनीति में आई हैं. दोबारा जीत के लिए मोइत्रा आश्वस्त दूसरी तरफ महुआ मोइत्रा अपनी जीत के प्रति आश्वस्त हैं. कृष्णनगर साल 2009 से ही टीएमसी का मजबूत गढ़ रहा है. वर्ष 2009 और 2014 में यहां अभिनेता तापस पाल जीते थे. वर्ष 2019 में ममता बनर्जी ने यहां से महुआ मोइत्रा को टिकट दिया.

## संक्षिप्त समाचार



# चेन्नई ने राजस्थान को 5 विकेट से हराया

## ● गायकवाड ने नाबाद 42 रन बनाए, सिमरजीत ने 3 विकेट लिए

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल-2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखी हैं। टीम ने मौजूदा सीजन के 61वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 5 विकेट से हराया। दिन के पहले मैच में एमए चिदंबरम स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए और चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया। जवाब में चेन्नई ने 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

### सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए

राजस्थान ने चेन्नई को 142 रन का टारगेट दिया है। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 141 रन बनाए। टीम के लिए रियान पराग ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। उनके अलावा ध्रुव जुरेल ने 28, यशस्वी जायसवाल ने 24 और जोस बटलर ने 21 रन बनाए। चेन्नई की ओर से सिमरजीत सिंह ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा तुषार देशपांडे ने 2 विकेट झटके।



# बीसीसीआई सेक्रेटरी ने घरेलू क्रिकेट के लिए किए तीन सिफारिश

## ● रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच चार दिन का गैप, सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड घरेलू क्रिकेट को बेहतर बनाने के लिए रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने के साथ ही तीन बदलाव करने जा रही है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने 2024-2025 के घरेलू सीजन के लिए एपेक्स काउंसिल को तीन बड़ी सिफारिशें भेजी हैं। जिनमें रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में करना, अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में टॉस खत्म करना और दलीप ट्रॉफी के लिए जोन टीमों का चयन नेशनल सिलेक्शन कमिटी की ओर से किया जाना शामिल है।

रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच तीन की जगह अब चार दिन का गैप होगा। दरअसल पिछले साल शार्दूल ठाकुर ने कहा था कि रणजी ट्रॉफी के मैचों के बीच गैप कम है, पहले ग्रुप मैचों के बीच 4 दिन और नॉक आउट मैचों के बीच 5 दिन का गैप होता था। अगर मैचों का ऐसा शेड्यूल दो-तीन साल ऐसा ही रहा तो देश के कई युवा खिलाड़ी चोटों से जूझते नजर आएंगे। शार्दूल की बात तो बीसीसीआई ने गंभीरता से लिया। बीसीसीआई अब रणजी ट्रॉफी को दो चरणों में कराने की योजना तैयार की है।

रणजी ट्रॉफी अब जनवरी के बजाय सितंबर के आखिर या अक्टूबर के शुरुआत में कराया जाएगा। शुरुआती चरणों के 5 राउंड के मैचों के बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी के मैच होंगे। वहीं उसके बाद रणजी राउंड के दूसरे चरण में तीन राउंड और नॉकआउट के मैच होंगे। 2023-2024 सीजन में रणजी के मैच जनवरी में हुए थे। इस दौरान मौसम की खराबी की वजह से कई मैचों में बाधा उत्पन्न हुई थी। इसलिए इसे अब सितंबर-अक्टूबर में कराया जाएगा। पिछले सीजन खराब मौसम की वजह से कई रणजी मैचों में परेशानी हुई थी।

आईपीएल:2024

# अगले सीजन कोलकाता का हिस्सा होंगे रोहित शर्मा?

## • केकेआर कोच और प्लेयर संग मीटिंग के बाद मिले संकेत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराया. इस जीत के बाद श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ में पहुंच गई है. वहीं, मुंबई इंडियंस बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स मैच के बाद रोहित शर्मा की तस्वीरें खूब वायरल हो रही है. दरअसल, रोहित शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच और खिलाड़ियों संग बैठे नजर आए. इस दौरान लंबी बातचीत हुई. इसके बाद सोशल मीडिया पर लगातार तरह-तरह के कयास लग रहे हैं. सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि आईपीएल 2025 में रोहित शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा होंगे.

दरअसल, इस सीजन की शुरूआत से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को अपना कप्तान बनाया. जिसके बाद खबरों में दावा किया गया कि रोहित शर्मा खुश नहीं हैं. बहरहाल, अब सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के आधार पर कहा जा रहा है कि रोहित शर्मा अगले सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा हो सकते हैं.

### मैं इस बल्लेबाज को कोलकाता नाइट राइडर्स में देखना पसंद करूंगा

वहीं, इस पर कोलकाता नाइट राइडर्स स्पोर्ट स्टाफ का हिस्सा रह चुके पूर्व पाकिस्तानी दिग्गज वसीम अकरम का भी बयान आया है. वसीम अकरम ने कहा कि मुझे लगता है रोहित शर्मा अगले सीजन मुंबई इंडियंस का हिस्सा नहीं होंगे.

मैं इस बल्लेबाज को कोलकाता नाइट राइडर्स में देखना पसंद करूंगा. रोहित शर्मा को बतौर ओपनर, गौतम गंभीर को मेंटर और श्रेयस अय्यर को कप्तान के तौर पर देखना शानदार अहसास होगा. इसके अलावा ईडेन गार्डेन्स की पिच रोहित शर्मा को पसंद आएगी.



## पीयूष चावला की भविष्यवाणी

# कोलकाता नाइट राइडर्स जीत सकती है खिताब



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है. केकेआर ने 12 मैच खेले हैं और 9 में जीत दर्ज की है. उसे 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. केकेआर ने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हरा दिया. मुंबई इंडियंस के स्पिनर पीयूष चावला ने केकेआर की जीत के बाद अहम प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि केकेआर इस बार फाइनल जीतकर खिताब अपने नाम कर सकती है. पीयूष चावला ने केकेआर के खिलाड़ियों की तारीफ की है.

एक खबर के मुताबिक पीयूष चावला ने कहा, केकेआर के स्पिनर्स जिस तरह से बॉलिंग कर रहे हैं और जिस तरह से बैटिंग कर रहे हैं, वे खिताब जीत जीत सकते हैं. लेकिन प्लेऑफ के दिन यह क्या होता है, यह सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होगा. उनके पास अच्छा मॉमेंटम हैं. आपको मैच बदलने के लिए सिर्फ चार ओवरों की जरूरत होती है. केकेआर ने इस सीजन में दमदार प्रदर्शन किया है. उसने 12 मैच खेले हैं और इस दौरान 9 में जीत दर्ज की है.

कोलकाता को 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है. उसके पास 18 पॉइंट्स हैं. केकेआर ने इस सीजन में अपने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 4 रनों से हराया था. इसके बाद आरसीबी के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की थी. उसने दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स को भी हराया. हालांकि चेन्नई के खिलाफ एक मैच में हार का सामना भी किया. बता दें कि केकेआर के लिए इस सीजन में सबसे ज्यादा रन सुनील नरेन ने बनाए हैं. उन्होंने 12 मैचों में 461 रन बनाए हैं. नरेन ने इस दौरान 1 शतक और 3 अर्धशतक लगाए हैं. उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 109 रन रहा है. फिलिप साल्ट ने भी टीम के लिए अच्छा परफॉर्म किया है. उन्होंने 12 मैचों में 435 रन बनाए हैं.

पेरिस ओलंपिक: 2024

# रेसलर अमन सहरावत ने हासिल किया भारत के लिए पेरिस ओलंपिक कोटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने तुर्किये में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालिफायर में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। वहीं, दीपक पूनिया असफल रहे। एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने तुर्किये में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालिफायर में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत के लिए पेरिस 2024 कोटा हासिल किया। वहीं, दीपक पूनिया असफल रहे। वह पहले ही राउंड में बाहर हो गए। भारत के लिए यह छठा पेरिस ओलंपिक 2024 कुश्ती कोटा है, जबकि पुरुषों के डिवीजन में पहला है।

पिछले सभी पांच कोटा भारतीय महिला पहलवानों ने हासिल किये थे। अंडर 23 विश्व चैंपियन सहरावत ने सेमीफाइनल में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 से हराया। इस्तांबुल प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ओलंपिक खेलों के लिए कोटा प्राप्त करने का आखिरी मौका है। प्रत्येक भार वर्ग में तीन कोटा दांव पर हैं। अपने दोनों मुकाबलो में अमन ने आसानी से जीत हासिल की। पहले उन्होंने जॉजी वालेनतिनोव को 10-4 से मात दी। इसके बाद अमन ने यूक्रेन के एंड्री यातसेंको को हराया। यातसेंको ने भारतीय पहलवान को चुनौती दी लेकिन अमन काफी मजबूत साबित हुए। अमन ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 'टेक डाउन' के बाद तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। उन्होंने उत्तर कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 के अंतर से हराया।

आईपीएल:2024

# विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह देना ठीक नहीं: मैथ्यू हेडन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल सीजन शुरू होने से पहले विराट कोहली की बल्लेबाजी पर लगातार सवाल उठते रहे. खासकर, टी20 फॉर्मेट में विराट कोहली की स्ट्राइक रेट पर दिग्गज अपना बयान देते रहे हैं. लेकिन इस सीजन विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है.

दरअसल, अब तक इस सीजन विराट कोहली 12 मैचों में 153.51 की स्ट्राइक रेट से 634 रन बना चुके हैं. साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू का यह बल्लेबाज ऑरेंज कैप की रेस में टॉप पर चल रहा है. बहरहाल, अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का बयान आया है.

### विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह नहीं देना चाहिए...

दरअसल, मैथ्यू हेडन का मानना है कि विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों को सलाह नहीं देना चाहिए. ऐसे खिलाड़ियों का खेल वक्त के साथ खुद ब खुद बेहतर होता जाता है. उन्होंने कहा कि फैंस के लिहाज से देखूं तो विराट कोहली की स्ट्राइक रेट चर्चा का विषय रहा है, लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि वह शानदार बल्लेबाज हैं. खासकर, तकनीकि तौर पर विराट कोहली का कोई जवाब नहीं है. लिहाजा, तीनों फॉर्मेट में वह बेहतरीन बल्लेबाज हैं.





### मिडिल ओवर्स में विराट कोहली की स्ट्राइक रेट परेशानी का सबब...

इस सीजन विराट कोहली ने मिडिल ओवर में स्पिनरों के खिलाफ 138 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं. मैथ्यू हेडन का मानना है कि मिडिल ओवर में स्पिनरों के खिलाफ विराट कोहली की स्ट्राइक रेट जरूर परेशानी का सबब है. वह कहते हैं कि टी20 वर्ल्ड कप में तकरीबन सारी टीमों के पास 2 स्पिनरों होंगे, किसी टीम के पास 3 भी हो सकते हैं, लिहाजा विराट कोहली के लिए मिडिल ओवर्स में तेजी से रन बनाना चुनौती होगी. हालांकि, मैथ्यू हेडन का मानना है कि विराट कोहली जिस तरह के खिलाड़ी हैं, वो खुद को हालात के मुताबिक ढ़ाल लेंगे.

# बड़े खिलाड़ियों पर मौन, छोटों को सजा ! अब केकेआर के रमननदीप सिंह पर आईपीएल में ठोका गया जुर्माना



**कोलकाता, एजेंसी।** केकेआर के ऑलराउंडर रमनदीप सिंह पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस 27 वर्ष के खिलाड़ी ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया। उन्होंने अपना अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन पर मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

यह पता नहीं चल पाया है कि रमनदीप सिंह को किस गलती की सजा दी गई है। इससे पहले केकेआर के ही हर्षित राणा को फ्लाइंग किस सेलिब्रेशन पर बैन किया गया था जबकि विराट कोहली के गन स्टाइल हिंसात्मक सेलिब्रेशन पर हर किसी ने आंखें मुंद ली थी।

केकेआर ने बारिश से प्रभावित इस मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। रमनदीप ने इस मैच में आठ गेंद पर 17 रन बनाए।

# प्रगनानंद ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन को हराया, तीसरे स्थान पर बरकरार

चेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को हराकर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रगनानंद जीत के बावजूद तीसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि चीन के जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। यह पहली बार नहीं है जब प्रगनानंद ने कार्लसन पर जीत दर्ज की है। वह इससे पहले भी कई मौकों पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी को चौंका चुके हैं।

### गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय

हाल ही में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रचने वाले विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वह 1,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में 9.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं।



भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज्सटोफ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव 12.5 के साथ छठे स्थान पर हैं और उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। प्रतियोगिता के शुरू में शीर्ष पर रहने वाले रोमानिया के किरिल शेवचेंको 11 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं। हॉलैंड के अनीश गिरी 10.5 अंकों के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### नौ दौर की बाजियां शेष

ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद प्रगनानंद का नंबर आता है। इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है।

# अब भारत के डोमेस्टिक मैचों में नहीं होगा टॉस! इन बड़े बदलावों पर विचार कर रही है बीसीसीआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट में जल्द बड़ा बदलाव संभव है. दरअसल, बीसीसीआई जल्द घरेलू क्रिकेट में टॉस पर फैसला ले सकती है. ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई घरेलू क्रिकेट से टॉस को खत्म करने पर विचार कर रहा है. अगर ऐसा हुआ तो टॉस के बजाय मेहमान टीम को गेंदबाजी या बल्लेबाजी चुनने का अधिकार होगा. यानी, मेहमान टीम बिना टॉस के गेंदबाजी करने या बल्लेबाजी करने का फैसला ले सकती है. साथ ही ऐसा माना जा रहा है कि इन नियम को सीके नायुडू ट्रॉफी से लागू किया जा सकता है.

### इन बदलावों पर विचार कर रही है बीसीसीआई...

इसके अलावा डोमेस्टिक मैचों के शेड्यूल में बदलाव किया जा सकता है. ऐसा माना जा रहा है कि 2 डोमेस्टिक मैचों के बीच समय-अवधि अधिक हो सकता है. दरअसल, पिछले डोमेस्टिक सीजन कई टीमों के कप्तान ने मांग की थी कि 2 मैचों के बीच के समय को बढ़ाया जाए. वहीं, अब ऐसा माना जा रहा है कि बीसीसीआई इस पर आखिरी मुहर जल्द लगा सकता है. बहरहाल, इस बाबत बीसीसीआई सचिव जय शाह का बड़ा बयान सामने आया है. इसकी जगह मेहमान टीम के कप्तान को पास गेंदबाजी या बल्लेबाजी चुनने का अधिकार होगा.



### आईपीएल से इम्पैक्ट प्लेयर नियम को खत्म किया जाएगा?

इसके अलावा इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर बड़ा फैसला संभव है. दरअसल, पिछले सीजन आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू किया गया था, इस नियम पर लगातार सवाल उठते रहे हैं, लेकिन अब इस पर जल्द बड़ा फैसला लिया जा सकता है.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी हुआ गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** शीर्ष आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में औरंगाबाद के ढ़िबरा थाना की पुलिस ने भादंवि की धारा-341, 323, 354, 354(ए),504, 506, 509/34 एवं 8/12 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या 22/24 के नामजद अभियुक्त बालूगंज निवासी सद्दाम हुसैन एवं मो. वकील अहमद उर्फ बंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी।

### भाकपा माले की बैठक में लोक सभा चुनाव पर चर्चा

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** ओबरा में काराकाट लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाकपा वाले की बैठक हुई। बैठक में लोक सभा प्रभारी अमर, जिला सचिव मुनारीक राम, विधाननसभा प्रभारी चंद्रमा पासवान, सदस्य तारीख अनवर आदि मौजूद थे। लोक सभा प्रभारी ने कहा कि चुनाव नजदीक है। कार्यकर्ता पूरे दमखम के साथ प्रत्याशी के हाथों को मजबूत करें। कई चरणों का चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि संविधान, लोकतंत्र, भाईचारा व रोजगार के लिए देश एकजुट है। मोदी राज में किसानों पर जुल्म हुआ है। काराकाट में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम सिंह की पहचान अखिल भारतीय किसान नेता के रूप में है। किसानों के हक एवं अधिकारों के लिए वे हमेशा आवाज उठाते रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने भी इस सभा को संबोधित किया। इस मौके पर विनोद पासवान, दुखन राम, उपेंद्र पासवान, दिनेश शरण सिंह, मो सिराजुद्दीन, प्रेम राम, दिनेश राम, राकेश कुमार आदि थे।

### मामूली विवाद में मारपीट

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के सांडा गांव में मामूली विवाद को लेकर मार्केट की घटना घटी, जिसमें अर्चना कुमारी घायल हो गई है। कुटुंबा रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु गया रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### हत्या के आरोपी के घर पुलिस ने किया कुर्की

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिंघाड़ी निवासी लालदेव चौधरी के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की है। पुलिस पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह सशस्त्र पुलिस बल के साथ आरोपित के घर पहुंचे और नियमानुसार घर कुर्क किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या के एक पुराने मामले में आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा है।

### स्वास्थ्य देखभाल में नर्सों की अहम भूमिका

**पटना (नि.सं.)।** मेडिवर्सल हॉस्पिटल, राजेन्द्र नगर की ओर से रविवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार डाक परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने स्वास्थ्य की देखभाल में नर्सों के महत्व को रेखांकित किया और उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कोविड महामारी के समय नर्सों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य पेशेवरों, नर्सेस, प्रशासनिक कर्मचारियों समेत अन्य लोगों ने भाग लिया।

# बंगाल में ठनका का शिकार हुए युवक का शव पहुंचा गांव, परिवार में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के केसर पंचायत के देवरिया रुस्तम गांव के 29 वर्षीय उमाकांत कुमार की मृत्यु आकाशीय पिंड गिरने से पश्चिम बंगाल के वर्तमान जिले के थोड़ा गलसी थाना क्षेत्र में 10 तारीख को हो गया था। जिसका शव शनिवार की रात घर पर पहुंचने के बाद गांव में कोहराम मच गया।

विदित होगा कि 25 वर्ष पूर्व इस जिले में मृतक के पिता स्व. रामपति पाल की भी मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई थी। उमाकांत पाल अपनी भेड़ियों को चराते हुए बिहार झारखंड पार करते पश्चिम बंगाल के वर्तमान जिला में अपने भेड़ियों को चराते थे। यह घर के इकलौता कमाओ सदस्य था। उनके निधन से पूरे परिवार पर दुख का पहाड़ टूट गया। इनकी वृद्ध मां राधिका कुवर, पत्नी सुशीला देवी एवं छोटा भाई धीरज पाल एवं एक पुत्र 8 वर्षीय शिवम कुमार और पुत्री महिमा कुमारी 5 वर्षीय उनके सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो गई। परिवार की कमाई सदस्य थे उनके निधन पर राष्ट्रीय जनता दल गहरी शोक संवेदना प्रकट करती है और सरकार से इनकी परिजनों को उचित मुआवजा मिले इसकी मांग करती है। घटना की सूचना पर जिला पार्षद अनिल यादव, राजद जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, पेसर टैक्स पूर्व अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य योगेश कुमार पाल, वार्ड सदस्य संजय मिश्रा, राजद नेता मुन्ना यादव, समाजसेवी देवकीनन्दन सिंह, लाला यादव, सुशील कुमार बाढ़ू यादव परिजनों से मिलकर सांत्वाना दिया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट : तुर्क तेलपा ने बैजलपुर को हराया

निज संवाददाता



**गोह(औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड के बंतारा पंचायत के खजांची बिगहा गांव के खेल मैदान में यदुबंशी क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का आयोजन रविवार को किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पंचायत के मुखिया मृतुंजय कुमार, प्रधानाध्यापक संतोष कुमार,पन्ना लाल सिंह,आलोक कुमार,सरपंच नसीम खा व पसंस शशिकांत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुखिया मृत्युंजय यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। साथ ही साथ सुदूरवर्ती इलाके के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका भी मिलता है, क्योंकि गांव के युवाओं में प्रतिभा छिपी होती है। जिन्हें इस तरह के आयोजन से अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। वहीं कमनटेटर कर रहे शिक्षक बिट्टू सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में असीम संभावनाएं छिपी है। जरूरत है अब इस क्षेत्र में अपना मंजिल बनाने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छोटे सरकार ने बताया कि मैच तुर्क तेलपा एवम बैजलपुर के बीच खेला गया।इस दौरान तुर्क तेलपा की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी हासिल की। इस अवसर पर 16 ओबर की मैच में बैजलपुर की टीम ने 14 ओवर में 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गया।बेहतर खेल का प्रदर्शन पर तुर्क तेलपा के राहुल कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।वही मैन ऑफ द सीरीज तुर्क तेलपा के नीरज यादव को दिया गया। पूरे खेल का आखों देखा हाल शिक्षक बिट्टू सिंह ने सुनाया। एम्पायर के रूप में अमरेंद्र कुमार रहे।

# शर्मसार : स्कूली छात्रा के साथ घिनौनी करतूत, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के ढिबरा थाना क्षेत्र में कल दोपहर स्कूल से जरूरी काम कर घर जा रही एक नाबालिग छात्रा को असमाजिक तत्वों ने अपने हवस की शिकार बनाने की कोशिश की है जिसे मानव समाज में जितनी निंदा की जाये वो कम है। ढिबरा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक स्कूली छात्रा जरूरी कार्य से एक स्कूल में गई थी, जब वो विद्यालय के कार्य से घर लौट रही थी कि उसे बालूगंज टेंपो स्टैंड में ऑटो नहीं मिली तो अपने घर दोपहर में ही पैदल चल दी। बरंडा मोड़ के आगे जैसे ही वो छात्रा परसबन पार करने लगी उसी समय हवस के तीन भूखे भेडियो ने उसके साथ गलत संबंध बनाने के लिए दबोच लिया और छात्रा के साथ गलत हरकत करते हुए उसका वीडियो बना कर उसके साथ गलत संबंध बनाने की कोशिश करने लगे, छात्रा ने जब चीखने चिल्लाने की कोशिश की तो अपराधकर्मियों ने उसके मुंह को दबोच लिया। युवती किसी तरह से जान बचाकर भूखे भेड़ियों से बचकर भागी और दौड़ते हुए घर पहुंची और सारी घटना को अपने परिजनों से बताया। घटना की जानकारी लेकर परिजन युवती के साथ ढिबरा थाना पहुंचे और सारी घटनाक्रम को ढिबरा थानाध्यक्ष रितेश उपाध्याय और महिला पुलिसकर्मियों के समक्ष रखा और न्याय की गुहार लगाई। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष ढिबरा रितेश पाण्डेय ने इसकी सूचना औरंगाबाद पुलिस कप्तान स्वप्ना गौतम मेश्राम को दी ,पुलिस कप्तान के निर्देश पर त्वरित कार्यवाई करते हुए एक घंटे के अंदर बालूगंज के अलग अलग जगहों पर छापामारी करते हुए दो अभीयुक्त :- सदाम हुसैन, उम्र-22 वर्ष पे० अमीर हसन, मो० वकील अहमद, उर्फ बंटी, उम्र- 38 वर्ष , पिता अब्दुल रसिद, दोनो सा० बालूगंज, थाना ढिबरा, जिला औरंगाबाद की गिरफ्तार कार मा. न्या. में उपस्थापन हेतु भेजा गया। वहीं मंटू कुमार, पे० रामजन्म साव, सा० बालूगंज थाना ढिबरा, घटना के बाद से फरार है । इस मामले पर ढिबरा थानाध्यक्ष रितेश पाण्डेय ने बताया कि पीड़िता के परिजनों के आवेदन के बाद वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर इस मामले में ढिबरा थाना कांड सं० 22/24, दिनांक 11/05/24 घात - 341/323/354/354(A)/504/506/509/34 I.P.C. एवं 8/12 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दो अभियुक्तों को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है ,तथा एक फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** मदर्स डे एक ऐसा दिन है जो मां को समर्पित है। यह दिन हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद बिहार में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मातृ सम्मेलन का शुभारंभ डॉक्टर शीला वर्मा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंचासीन मुख्य अतिथि डॉक्टर शीला वमी, डॉक्टर कुमारी शशि, डॉक्टर निहारिका, सोनी कुमारी, सचिव बजरंगी प्रसाद, विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार, कोषाध्यक्ष संजीव रंजन, मनोरमा देवी, जिला भाजपा अध्यक्ष अनीता सिंह, सरस्वती देवी, सारिका , गुड़िया, डॉक्टर शिवपूजन, बहन मधु की सम्मानित 280 माताओं की गरिमामय उपस्थिति रही। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च खंड की प्रधानाचार्य सुमन जी के द्वारा मां शारदे और सम्मानित माता बहनों के चरणों में नमन वंदन और धन्यवाद ज्ञापन कर समस्त अतिथियों का परिचय कराया गया। कार्यक्रम की उपयोगिता अनंत दीदी के द्वारा उद्बोधित किया गया विद्यालय की योजनाओं की जानकारी आचार्य जितेंद्र सिंह के द्वारा विचार दिया गया कि सभी माताएं ऐसे विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित हैं जो निरंतर छात्र विकास सामाजिक उत्थान में निरंतर प्रयासरत और संलग्न है विद्यालय की योजना निर्माण में बाल केंद्रित विचारधारा को केंद्र में रखकर बनाया जाता है। मुख्य अतिथि शशि, डॉक्टर शीला वर्मा द्वारा माता और बहनों को सुझाव दिया गया कि पारिवारिक जीवन का निर्वाह करते हुए अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार, सचिव बजरंगी प्रसाद द्वारा माता एवं बहनों द्वारा प्रस्तुत किए गए विचारों को मार्गदर्शन के रूप में लेते हुए सामूहिक रूप से विद्यालय उत्थान किया जाएगा ऐसी बात कही गई विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमंत जी के द्वारा कहा गया कि पूरे जगत में बच्चों के हितैषीजनों में गुरु और माता-पिता का स्थान सर्वोत्तम हैं। उनमें भी माता के स्थान सबसे ऊपर है माता और आदरणीय हैं साथ ही विचार प्रस्तुत किए कि माता-पिता निरंतर विद्यालय से संपर्क में है विद्यालय से अपने विचारों का आधार प्रदान करते रहे ताकि सामूहिक रूप से हम लोग बच्चों के प्रगति को क्रियान्वित करते रहे जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता सिंह ने विद्यालय और वरिष्ठ अतिथियों को सम्मानित करते हुए साथ ही अन्य माता बदन बहनों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि आधुनिकता के युग में मोबाइल इंटरनेट का उपयोग बहुत हद से ज्यादा हो रहा है जिस समय की बहुत बर्बादी हो रही है और बच्चे संस्कार सभ्यता सहीन होते जा रहे हैं जिस कारण यही संस्कारहीन बालक पितृ आश्रमों में अपने माता-पिता को छोड़ देते हैं इसलिए बच्चों की संस्कार की ज्ञान को व्यवहार में उतरने पर ध्यान देना चाहिए साथ ही कहा कि इसलिए सरस्वती शिशु मंदिर बच्चों में संस्कार का प्रवाह करते हुए पठन-पाठन को क्रियान्वित करता है। इसी उद्बोधन पर आधारित एक नाटक का मंचन किया गया जिसमें समाज में फैली एक गलत कदम वृद्धो को वृद्धाश्रमों में छोड़ देने पर कुठाराघात किया गया। अध्यक्ष श्रीमती सोनी देवी जी ने उद्बोधन में वृद्ध माता-पिता की सेवा करने की प्रेरणा दी कन्या भारती की बहन मधु द्वारा मातृ सम्मेलन से जुड़े विचारों पर अमल करने का निवेदन किया गया अंत में आभार ज्ञापन डॉक्टर निहारिका सिंह के द्वारा किया गया। इसी के साथ मातृ सम्मेलन का सफल आयोजन कुशलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 3.5 लाख उड़ाये

निज संवाददाता

**पटना (नि.सं.)।** ढाबा मालिक का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से साढ़े तीन लाख रुपए निकालने की बात सामने आई है। पीड़ित मनेर के ब्रहमचारी निवासी बर्फी राय ने शनिवार को दानापुर थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आरके पुरम के पास ढाबा संचालन करने वाले बर्फी राय ने शुक्रवार को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सगुना मोड़ से रुपए निकाले के लिए गए थे। बैंक कर्मी ने बताया गया कि आपके खाता में मात्र 18 रुपये जमा है। सुनते ही बर्फी राय अवाक रह गए।

# विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

निज संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा के सामुदायिक भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पैनल अधिवक्ता विनीता कुमारी पल्लवी मौजूद रही। उन्होंने मानव तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के संबंध में कानूनी जानकारी दी। कहा कि आए दिन मानव तस्करी एवं वाणिज्यिक उत्पीड़न की बात प्रकाश में आती रहती है। उन्होंने इस कानून अपराध बताया और कहा कि इसके लिए सजा का प्रावधान है। पॉक्सो एक्ट के तहत इसमें सजा होता है। उन्होंने बताया कि जागरूकता के अभाव में पीड़ित पक्ष कानून का सहारा नहीं ले पता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक पैनल तैयार किया गया है जिसमें पीड़ित परिवार कोनथाने में एक प्राथमिकी दर्ज करना होता है। प्राथमिकी पर कार्रवाई करते हुए कानूनी प्रक्रिया की जाती है।

# भारतीय अंडर 20 महिला वॉलीबॉल टीम में चयनित होने पर गंगटी के ग्रामीणों ने किया खुशी का सम्मान

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 गंगटी की बेटी खुशी कुमारी का चयन भारतीय राष्ट्रीय अंडर 20 महिला वॉलीबॉल खिलाड़ी के रूप में होने पर गंगटी के लोगों ने एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें खुशी कुमारी को सम्मानित करने के लिए जिले के कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने खुशी कुमारी को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ एवं माला पहन कर स्वागत और सम्मानित करने का कार्य किया। उनके सम्मान समारोह में राजद के वरिष्ठ नेता और जिला पार्षद शंकर कुमार यादवेंदु, अनिल यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश शर्मा, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता बलिराम शर्मा नगर पार्षद प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार गुप्ता,राजद नेता नन्द किशोर कुमार, धीरेन्द्र कुमार प्रमोद कुमार सिंह बिटु कुमारी बृजेश कुमार, मुन्ना कुमार महादेव यादव कृष्ण कुमार इंजीनियर मनोज कुमार रविशंकर कुमार कन्हाई यादव आदि ने खुशी कुमारी को अपनी वाणी से मनोबल बढ़ाने का काम किया। सम्मान समारोह का संचालन राजद जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव ने किया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि खुशी कुमारी अंतरराष्ट्रीय खेल में शामिल होकर देश को मान सम्मान दिलाने का काम करेगी। और हम सब को बेटा और बेटी को समान रूप से आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए। इस कार्यक्रम का आयोजन सरोज कुमार यादव, सुजीत कुमार, सुखराज यादव, बचचु यादव, आदि ने किया।

# औरंगाबाद में जलसंकट को किया जाएगा दूर : पूर्व राज्यपाल

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद में पानी की समस्या को लेकर केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने विभागीय अधिकारियों से बात की। वे औरंगाबाद में अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। लोगों ने जानकारी दी कि औरंगाबाद में पानी की समस्या है। इस समस्या से शहर में लोग घर छोड़कर जा रहे हैं। औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र में नावाडीह बीघा, बराटपुर मुहल्ला, पुरानी काजी मुहल्ला आदि के लोगों को पानी की समस्या हो रही है। समस्या को जल्द से जल्द निपटारा करने की मांग की गई। लोगों ने बताया कि वे रात भर पानी ढोते हैं। पूर्व राज्यपाल ने कहा कि औरंगाबाद में पानी का संकट है जिसे जल्द से जल्द दूर कराने का प्रयास किया जाएगा। इधर पूर्व राज्यपाल ने भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर औरंगाबाद जिले के तमाम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अलर्ट में रखने के लिए कहा है।

### जिले में जमीन की रजिस्ट्री करने के नियमों में हुए बदलाव का सीधा असर पड़ा राजस्व पर

# नियमों में बदलाव से घटी रजिस्ट्री, गिर गया राजस्व

- यह आंकड़ा 50 भी नहीं पार कर रहा है। मार्च महीने से नए नियम के लागू होने के बाद अभी तक लगभग नौ सौ रजिस्ट्री हुई है। इस हिसाब से तीन सौ रजिस्ट्री प्रतिमाह हो पा रही है।



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले में जमीन की रजिस्ट्री करने के नियमों में हुए बदलाव का सीधा असर राजस्व पर पड़ा है। पूर्व में जहां रजिस्ट्री से प्रत्येक महीने विभाग को करोड़ों रुपए की आमदनी होती थी वहीं अब आमदनी लाखों रुपए में ही सिमट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2024 से जमीन की रजिस्ट्री में बदलाव कर दिया गया। इस नए बदलाव के तहत जिस व्यक्ति के नाम से डिमांड होगा, रजिस्ट्री भी वही व्यक्ति कर पाएगा। यदि डिमांड धारी के अलावा घर का कोई सदस्य जमीन की रजिस्ट्री करना चाहता है तो ऐसा नहीं होगा। इस वजह से रजिस्ट्री की संख्या घटती चली गई है। पूर्व में जहां एक महीने में 25 सौ से ज्यादा रजिस्ट्री होती थी वहीं अब एक महीने में लगभग तीन सौ रजिस्ट्री हो रही है। जानकारी के अनुसार मार्च महीने से पूर्व एक दिन में करीब डेढ़ सौ रजिस्ट्री होती थी। अब लगभग 25 रजिस्ट्री हो रही है। यह आंकड़ा 50 भी नहीं पार कर रहा है। मार्च महीने से नए नियम के लागू होने के बाद अभी तक लगभग नौ सौ रजिस्ट्री हुई है। इस हिसाब से तीन सौ रजिस्ट्री प्रतिमाह हो पा रही है। राजस्व के रूप में विभाग को लगभग नौ से 10 करोड़ रुपए की आमदनी प्रत्येक महीने होती थी। अब लगभग 70 से 80 लाख रुपए की आमदनी हो रही है। इस संबंध में जिला अवर निबंधन पदाधिकारी रवि रंजन कुमार ने बताया कि न्यायालय के स्तर से आदेश है कि डिमांड धारी ही जमीन की बिक्री कर सकते हैं। ऐसे में वे लोग कुछ नहीं कर सकते हैं। यदि डिमांड धारी के अलावा कोई दूसरा व्यक्ति रजिस्ट्री करना चाहता है तो यह संभव नहीं होगा। इस नियम की वजह से विभाग को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। नए आदेश का इंतजार किया जा रहा है। केवल डिमांड धारी के द्वारा ही जमीन की रजिस्ट्री किए जाने की बाध्यता होने के बाद से लोगों की भी परेशानी बढ़ गई है। हालांकि इससे मुकदमों की संख्या भी तेजी से घट जाएगी। इसके कारण एक तरफ लोग अंचल कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं तो दूसरी तरफ रजिस्ट्री नहीं होने से भी परेशानी हो रही है। अधिकारी ने बताया कि यदि पति, पत्नी और पुत्र, पुत्री में से डिमांड धारी पिता है और उसकी मृत्यु हो जाती है तो जमीन की बिक्री नहीं हो पाएगी। पत्नी को अपने नाम से डिमांड करवाना होगा। इसके बाद ही जमीन की रजिस्ट्री होगी। दूसरी ओर अधिवक्ताओं का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था होने से लोगों को दिक्कत हो रही है। जरूरत पड़ने पर भी लोग जमीन नहीं बेच पा रहे हैं। गड़बड़ी भी कम होगी लेकिन अंचल स्तर पर पूरी व्यवस्था नहीं होने के कारण दिक्कत होगी। डिमांड अलग करने में काफी समय लगेगा। अंचल कार्यालय इसके लिए गंभीर नहीं है और ना ही तैयार है। लोगों को डिमांड अलग करने की सुविधा आसानी से दी जानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हो सकेगा। ऐसे में लोग परेशान हैं और राहत चाह रहे हैं।

